Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



खेल

**राजस्थान ने मुंबई को बुरी तरह हराया, वैभव सूर्यवंशी परीक्षा में पास, गेंदबाजों जमकर धुना**

देश

**अब बार-बार ट्रैफिक तोड़ा तो महंगा पड़ेगा, योगी कैबिनेट ने नए अध्यादेश को दी मंजूरी**



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • गुरूवार • 09 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 127 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 14,10,000 | ₹ 2,60,000 |

## आज का इतिहास

**1965 :** कच्छ के रन में भारत-पाक में युद्ध छिड़ा।

**2004 :** पुर्तगाल के सर्वोच्च न्यायालय ने भारत में कई आपराधिक मामलों में वांछित माफिया सरगना अबू सलेम के भारत प्रत्यर्पण सम्बन्धी आदेश की पुनः समीक्षा का आग्रह किया।

## न्यूज बाइट्स

### हाईस्कूल के 25 लाख बच्चे सीखेंगे पहेली

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 25 लाख से अधिक बच्चों को वर्ग पहेली (क्रॉसवर्ड) सिखाई जाएगी। शिक्षा विभाग ने एक्स्ट्रा-सी संस्था के साथ समझौता किया है। इससे विद्यार्थियों की शब्द-शक्ति, विश्लेषण-क्षमता और समस्या-समाधान कौशल में वृद्धि होगी। यह पहल बालिका शिक्षा पर सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। राज्य के उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के नौवीं से 12वीं तक के 25 लाख से अधिक बच्चों को वर्ग पहेली (क्रॉसवर्ड) सिखाई जाएगी। इसके लिए बुधवार को शिक्षा विभाग ने एक्स्ट्रा-सी संस्था के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

### प्राइवेट पायलट प्रशिक्षण अब बिहारियों को मिलेगा

**पटना (नि.सं.)।** राज्य सरकार ने पायलट प्रशिक्षण में डोमिसाइल नीति लागू की है। अब केवल बिहारियों को प्राइवेट पायलट प्रशिक्षण मिलेगा। बिहार उड्डयन संस्थान ने 2025-26 के लिए 40 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक छात्रों को 28 अप्रैल तक आवेदन भेजना होगा। आवेदन के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है। राज्य सरकार के प्रशिक्षण संस्थान में अब केवल बिहारियों को ही प्राइवेट पायलट प्रशिक्षण मिलेगा। राज्य सरकार ने इस प्रशिक्षण कोर्स में डोमिसाइल नीति लागू कर दी है। सिविल विमानन विभाग के अधीन बिहार उड्डयन संस्थान ने वर्ष 2025-26 के लिए निजी पायलट लाइसेंस कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। संस्थान इस वर्ष निजी पायलट लाइसेंस के लिए 40 सीटों पर नामांकन लेगा।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 4954 एएनएम को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा

# बिहार को नई ऊंचाई तक पहुंचाएं

निज संवाददाता | पटना

पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में नीतीश कुमार ने 4954 एएनएम (ऑक्सिलरी नर्स मिडवाइफ) को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने खुद चार एएनएम को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में मंगल पांडे समेत स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। सरकार की इस पहल को राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों पर नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। गया जिले की लवली कुमारी ने कहा कि वह कई वर्षों से इस दिन का इंतजार कर रही थीं और कई बार परीक्षा देने के बाद आज सफलता मिली है। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सामने से देखने का अवसर मिलना भी उनके लिए गर्व की बात है।



### स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा बदलाव

उन्होंने बताया कि 4954 एएनएम में से 4197 को स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में, 458 को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) में तथा 299 को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद राज्य में 2250 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र क्रियाशील हो जाएंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में पिछले एक दशक में बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है। आज राज्य के 14,600 से अधिक गांवों और पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जहां अस्पतालों में मरीजों की संख्या बहुत कम थी, वहीं अब हजारों मरीज हर महीने इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जो जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

### एक साल में 20,413 नियुक्तियां

मंगल पांडेय ने कहा कि पिछले एक वर्ष में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 20,413 नियुक्तियां की गई हैं। जिनमें से 11,251 नियुक्तियां राज्य स्वास्थ्य समिति के माध्यम से एनएचएम के तहत हुई हैं। इन नियुक्तियों में एएनएम, विशेषज्ञ डॉक्टर, जनरल मेडिकल ऑफिसर, आयुष चिकित्सक और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर शामिल हैं। इसके अलावा विभाग द्वारा 9162 अन्य नियुक्तियां भी की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ कर रही है, बल्कि मानव संसाधन की कमी को भी तेजी से दूर कर रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ये नियुक्तियां लंबे समय से लंबित प्रक्रिया का हिस्सा थीं, जिन्हें अब अंतिम रूप दिया गया है। इसका उद्देश्य राज्य के हर क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना है। गौरतलब है कि एएनएम स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जाती हैं, जो टीकाकरण, प्रसव सेवाओं और प्राथमिक उपचार में अहम भूमिका निभाती हैं। इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़े सुधार के रूप में देखा जा रहा है। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं भी जमीनी स्तर पर और प्रभावी हो सकेंगी।

### बिहार में 15 अप्रैल तक नई सरकार की संभावना आज दिल्ली जाएंगे नीतीश

**पटना(नि.सं.)।** पटना में सियासी हलचल तेज हो गई है और संकेत मिल रहे हैं कि बिहार में जल्द ही नई सरकार का गठन हो सकता है। मौजूदा घटनाक्रम के अनुसार, नीतीश कुमार 9 अप्रैल को दिल्ली रवाना होंगे। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने जानकारी दी कि वे एयर इंडिया की फ्लाइट से दोपहर 3:20 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे और 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। सूत्रों के मुताबिक, 12 अप्रैल को नीतीश कुमार पटना लौट सकते हैं। इसके बाद 13 अप्रैल को कैबिनेट की आखिरी बैठक होने की संभावना है और 14 अप्रैल को वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। राजनीतिक चर्चाओं के अनुसार, 15 अप्रैल तक बिहार में नई सरकार का गठन हो सकता है। दिल्ली में होने वाली बैठकों में बिहार के नए मुख्यमंत्री के नाम पर मंथन होगा। मंत्री विजय चौधरी ने भी संकेत दिया कि जिस नाम की चर्चा मीडिया में चल रही है, उसी दिशा में फैसला आगे बढ़ सकता है। फिलहाल सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। 10 अप्रैल को ही दिल्ली में भाजपा की अहम बैठक प्रस्तावित है, जिसमें शीर्ष नेतृत्व शामिल हो सकता है। इस बैठक में नरेंद्र मोदी और अमित शाह की मौजूदगी की भी संभावना जताई जा रही है। साथ ही पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और बिहार भाजपा के पदाधिकारी भी इसमें भाग लेंगे।

# बिहार के सभी पंचायतों में खुलेंगे आधार सेवा केंद्र, पहले चरण में 2000 पंचायतों का लक्ष्य

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार ने राज्य की सभी 8053 ग्राम पंचायतों में आधार सेवा केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इसके तहत पहले चरण में 15 अप्रैल तक 2000 पंचायतों में केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में आधार से जुड़ी सेवाएं और अधिक सुलभ हो जाएंगी। पंचायती राज निदेशक नवीन कुमार सिंह ने बुधवार को 21 जिलों की योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के खुलने से नए आधार कार्ड बनवाने के साथ-साथ नाम, जन्मतिथि समेत अन्य त्रुटियों में सुधार की सुविधा भी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी।

इसके साथ ही पंचायतों में मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया को भी सरल बनाने की तैयारी की जा रही है। निर्देश दिया गया है कि मोक्षधाम या कब्रिस्तान में अंत्येष्टि के बाद मृतक के परिजनों को 24 घंटे के भीतर मृत्यु प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया जाए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की प्रगति पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि 21 जिलों की पंचायतों में अब तक 6 लाख 67 हजार 917 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा चुकी हैं। निदेशक ने 31 मार्च तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा नहीं करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा योजनाओं की राशि के उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) समय पर अपलोड करने के लिए ई-पंचायत बिहार पोर्टल पर विकसित मॉड्यूल का उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके लिए संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। बैठक में अपर सचिव नजर हुसैन, विशेष कार्य पदाधिकारी ललित राही सहित कई अधिकारी मौजूद रहे, जबकि 21 जिलों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

### शादी समारोह के लिए संबंधित परिवार को मिलेंगे कॉमर्शियल गैस सिलेंडर



**पटना (नि.सं.)।** शादी समारोह के लिए संबंधित परिवार को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर दिये जाएंगे। जिलों में उपलब्धता के आधार पर हर परिवार को सिलेंडर दिया जाएगा। इसको लेकर सभी जिलाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किया गया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेशी सिंह ने बुधवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। इस संबंध में विभाग के सचिव अभय सिंह ने बताया कि जिले में अगर चार हजार कॉमर्शियल सिलेंडर हैं और वहां एक हजार शादियां हैं। ऐसे में हर परिवार को चार-चार सिलेंडर मिलेंगे। वहीं, राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर पांच किलों का सिलेंडर दिया जाएगा। इसके लिए कनेक्शन की जरूरत नहीं है। वहीं, दूसरे राज्यों से लौट रहे प्रवासी श्रमिकों को भी यह सुविधा दी जाएगी। मीडिया के सवाल पर उन्होंने बताया कि पांच किलो के गैस सिलेंडर की सुविधा विद्यार्थियों के लिए नहीं है।मंत्री ने आगे कहा कि बुकिंग के तीन से चार दिनों के भीतर रसोई गैस उपभोक्ता के घर में आपूर्ति कर दी जा रही है। लोगों को गैस सिलेंडर मिलने में कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए सभी जिलों में सख्त निगरानी की जा रही है। कालाबाजारी और अवैध भंडारण रोकने के लिए अब तक 25,560 निरीक्षण किये गये हैं। इस दौरान 1662 सिलेंडर जब्त किए गए हैं और 114 एफआईआर दर्ज कराई गई है। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय है।

### बिहार में लागू हुई नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप

# एससी-एसटी छात्रों को विदेश में पढ़ाई का मौका

निज संवाददाता | पटना

पटना में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार सरकार के एससी/एसटी मंत्री लखेन्द्र पासवान ने राज्य के छात्रों के लिए बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब बिहार में नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप योजना लागू कर दी गई है, जिसके तहत अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित है और इसके तहत चयनित छात्रों को करीब 20 लाख रुपए तक की मदद मिल सकती है। अब तक इस योजना का लाभ बिहार के छात्रों को नहीं मिल रहा था, लेकिन लागू होने के बाद राज्य के मेधावी छात्रों के लिए वैश्विक शिक्षा के नए रास्ते खुलेंगे।

मंत्री ने कहा कि यह पहल बाबा साहेब बी.आर. अम्बेडकर के शिक्षा संबंधी सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का लक्ष्य है कि समाज के वंचित वर्ग के छात्र भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और बेहतर अवसर हासिल कर सकें। इस मौके पर उन्होंने अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का भी ऐलान किया। 13



अप्रैल को पटना के ज्ञान भवन स्थित बापू सभागार में "अंबेडकर शिक्षा समागम" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और डिप्टी सीएम भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है, खासकर अंबेडकर छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए। मंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों का जिक्र करते हुए गायघाट स्थित बालिका आवासीय विद्यालय की सफलता को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय की 123 छात्राओं ने इंटरमीडिएट परीक्षा दी थी और सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। यह वही संस्थान है, जो पहले चरवाहा विद्यालय के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है।

### बिहार के 38 जिलों में बारिश का अलर्ट

**पटना(नि.सं.)।** पटना सहित बिहार के अधिकांश जिलों में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। राज्य के सभी 38 जिलों में आज बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 12 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 26 जिलों में यलो अलर्ट घोषित किया है। राजधानी पटना में सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद दोपहर में तेज बारिश दर्ज की गई। वहीं गोपालगंज, बेगूसराय, रक्सौल, सासाराम, लखीसराय, खगड़िया, पश्चिम चंपारण, मुंगेर और बांका में हल्की बारिश हुई, जबकि जमुई में तेज बारिश देखने को मिली। फिलहाल राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, जिन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, वहां तेज आंधी, गरज-चमक के साथ भारी बारिश, बिजली गिरने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है। इन इलाकों में हवा की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। वहीं यलो अलर्ट वाले जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं के आसार हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दो दिनों तक राज्य में ऐसा ही मौसम बना रहेगा। खासकर आज और कल के दौरान कई स्थानों पर अचानक तेज बारिश, आंधी और वज्रपात की स्थिति बन सकती है। इस असामान्य मौसम के पीछे कई कारण एक साथ सक्रिय हैं। उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ मौसम में बदलाव ला रहा है, जबकि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी वाली हवाएं बिहार के वातावरण को प्रभावित कर रही हैं।

### ईरान युद्ध का असर: बिहार को 500 करोड़ का झटका, निर्यात ठप और उद्योगों पर संकट

# चावल, मखाना एवं सिल्क उद्योक पर संकट

निज संवाददाता | पटना

ईरान में जारी युद्ध और खाड़ी क्षेत्र में बढ़े तनाव का असर अब सीधे बिहार की अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर बढ़ी अनिश्चितता के कारण अंतरराष्ट्रीय शिपिंग बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर राज्य के निर्यात और आयात पर पड़ा है। अनुमान है कि अब तक बिहार को करीब 500 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। बिहार का बड़ा निर्यात नेटवर्क मध्य-पूर्व के देशों पर निर्भर करता है, लेकिन मौजूदा हालात में मखाना, चावल, फल-सब्जियां और भागलपुरी सिल्क जैसे उत्पादों की सप्लाई लगभग ठप हो गई है। बंदरगाहों पर कंटेनर फंसे हुए हैं और कई जगहों पर माल खराब होने लगा है। चावल का करीब 4 लाख टन स्टॉक या तो रास्ते में अटका है या पोर्ट पर पड़ा-पड़ा सड़ने की कगार पर पहुंच गया है। वहीं, शिपिंग लागत में भारी बढ़ोतरी हुई है और हर शिपमेंट पर लाखों रुपए का अतिरिक्त खर्च आ रहा है, जिससे नए ऑर्डर भी रुक गए हैं। इस संकट का सबसे बड़ा असर मखाना उद्योग पर पड़ा है, जो बिहार की पहचान माना जाता है। निर्यात ठप होने से इसकी मांग घट गई है और कीमतों में भारी गिरावट आई है। जो मखाना पहले 1100 रुपए प्रति किलो बिक रहा था, वह अब 700 से 800 रुपए किलो तक आ गया है। इससे किसानों और व्यापारियों को सैकड़ों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। दरभंगा और मिथिलांचल के कारोबारी इस स्थिति को बेहद चिंताजनक बता रहे हैं।

### ड्राई फ्रूट्स और केमिकल्स की कीमतों में तेजी

दूसरी ओर आयात पर भी दबाव साफ दिख रहा है। ड्राई फ्रूट्स और केमिकल्स की कीमतों में तेजी आई है और सप्लाई में देरी हो रही है। जो सामान पहले एक हफ्ते में आ जाता था, अब उसे पहुंचने में 40 से 50 दिन तक लग रहे हैं। कई केमिकल्स के दाम दोगुने तक हो गए हैं, जिससे व्यापारियों ने ऑर्डर कम कर दिए हैं। खाद के मोर्चे पर भी खतरे के संकेत मिल रहे हैं। बिहार अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, खासकर यूरिया और डीएपी। फिलहाल स्टॉक पर्याप्त बताया जा रहा है, लेकिन यदि युद्ध लंबा चलता है तो किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ सकता है।

इसी तरह भागलपुर का प्रसिद्ध सिल्क उद्योग भी संकट में है। विदेशी खरीदारों ने करोड़ों रुपए के ऑर्डर रद्द कर दिए हैं, जिससे तैयार माल गोदामों में पड़ा है। पावरलूम बंद हो रहे हैं और हजारों बुनकरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। धागे की कीमतों में भारी बढ़ोतरी और गैस महंगी होने से उत्पादन लागत बढ़ गई है, जबकि मांग लगातार गिर रही है। फल और सब्जियों के निर्यात पर भी असर पड़ा है। पहले जो ताजी सब्जियां कुछ ही दिनों में खाड़ी देशों तक पहुंच जाती थीं, अब उन्हें पहुंचने में ज्यादा समय लग रहा है, जिससे वे रास्ते में ही खराब हो जा रही हैं। एविएशन फ्यूल महंगा होने से एयर कार्गो भी महंगा हो गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### एनएच-20 पर हुए सड़क दुर्घटना में मृतक युवक व युवती की हुई पहचान,शव को परिजनों को सौंपा

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम मोड़ के समीप बजरंगबली मंदिर के बाउंड्रीवाल से बीते मंगलवार की रात्रि लगभग 9 बजे अनियंत्रित बाइक की टक्कर हो गई थी। इस सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार रहे एक युवक और एक युवती की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस द्वारा शव और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया गया था। बुधवार को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बाइक पर सवार रहे मृतक युवक की पहचान झारखंड के हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के कोनापुर खुर्द निवासी अजहर अंसारी के पुत्र मो. मजहर अंसारी के रूप में हुई है। वहीं मृतका युवती की पहचान नवादा जिले के मेसकौर थाना क्षेत्र के बिजुबिगहा गांव निवासी नौशाद खान की पत्नी शहनाज खातून के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

### मुस्कान योजना के तहत महिला को मिला खोया मोबाइल



मोबाइल फोन प्राप्त करती लाभुक

**नरहट (नवादा):** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान योजना के तहत खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नरहट थाना क्षेत्र के अबगिल गांव की निवासी मीना देवी को उनका छह महीने पहले खोया मोबाइल फोन सौंपा गया। मीना देवी ने बताया कि मोबाइल उनके बेटे सनोज कुमार पिता - श्री प्रसाद के नाम पर था, जो करीब छह माह पूर्व कहीं खो गया था। मोबाइल वापस मिलने पर महिला के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस की तकनीकी टीम द्वारा मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपा जा रहा है।

### सोनैलडीह गांव में 35 वर्षीय महिला ने गले में फंदा लगाकर किया आत्महत्या

**दोनों में ऑनलाइन प्यार हुआ था**



**कटिहार।** जिले के प्राणपुर थाना के केहुनियां पंचायत के वार्ड संख्या 10 सोनैलडीह गांव में 35 वर्षीय अनवारा बीबी ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या करने की खबर है। प्राणपुर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा बटवारा के बाद पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंपा। मृतिका के पति मो. सकीम ने बताया कि बुधवार की सुबह घर के पीलर में फंदे से लटका हुआ पत्नी को देख तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्यार हुआ था। वह जम्मू कश्मीर की रहने वाली थी। इमो के माध्यम से बातचीत होता था। अचानक वह आजमगढ़ पहुंच गई। 2 वर्षों से लगातार आजमगढ़ में काम करता था। इसके पहुंचने के बाद इसको लेकर अपने घर सोनैलडीह आ गया। डेढ़ माह से घर पर खुशी राजी से रहते थे। बीते सोमवार को मृतिका के पूर्व पति जम्मू कश्मीर के दो पुलिस को लेकर घर पहुंचा। जम्मू कश्मीर के पुलिस ने पूछताछ के बाद हम दोनों को लेकर प्राणपुर थाना लाया। पुलिस के सामने पूर्व पति महिला को लेकर जम्मू कश्मीर जाना चाहता था।किंतु महिला ने जाने से इंकार की। जम्मू कश्मीर के पुलिस एवं प्राणपुर थाना अध्यक्ष के सामने लिखित आवेदन देकर जाने से इनकार किया। पूर्व पति को तीन बार तलाक तलाक तलाक थाना में बोलकर नहीं जाने का संकल्प ली। आखिरकार हर पाछ कर पूर्व पति एवं जम्मू कश्मीर की पुलिस वापस चली गई। प्राणपुर थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने महिला को खुशी राजी से रहने को कहते हुए घर भेजा। ग्रामीण मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद अलाउद्दीन ने बताया कि मोहम्मद सकीम काम करने के लिए बाहर गया था। ऑनलाइन प्यार होने के बाद वह महिला को लेकर घर आया। घर के लोग महिला को देख हतप्रभ रह गए। लड़के के पिता काम करने दिल्ली गए हुए हैं, जो घर अब तक नहीं आए हैं। लड़के द्वारा प्यार की बात सुनकर काफी दुखित थे। इतने में लड़का ने महिला को ले जाकर कोर्ट मैरिज भी किया। घर के सब लोग जानते थे की महिला अपने पांच बच्चों को छोड़कर आई है।

# आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एजेंडावार सभी बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सर्वप्रथम गैस सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है तथा सभी उपभोक्ताओं को नियमित एवं सुचारू रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडर आपूर्ति की सतत निगरानी की जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जिले में 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 12,573 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं, जिनमें एचपीसीएल के 2,832, बीपीसीएल के 6,737 एवं आईओसीएल के 3,004 गैस सिलेंडर शामिल हैं। उपलब्ध स्टॉक वर्तमान मांग की पूर्ति के लिए पर्याप्त है। साथ ही, उपभोक्ताओं को डोर-टू-डोर गैस सिलेंडर आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष निरंतर कार्यरत है। दूरभाष संख्या 06324-212122 पर प्राप्त कुल 290 शिकायतों में से 244 का समाधान किया जा चुका है तथा शेष शिकायतों का निष्पादन शीघ्र किया जा रहा है।

जिला आपूर्ति शाखा की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संदिग्ध (Suspected) राशन कार्डों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने तथा लंबित पात्र लाभुकों को शीघ्र राशन कार्ड निर्गत करने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया। उन्होंने सभी पीडीएस




दुकानों के लाइसेंस का अद्यतन कार्य अगली बैठक तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, एसआईओ डिस्पैच, ऑनलाइन खाद्यान्न वितरण, लाइसेंस अपडेट, परख ऐप के माध्यम से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन राशन कार्ड निर्गमन आदि विषयों पर भी विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सीएमआर (Custom Milled Rice) आपूर्ति की शुरुआत हो चुकी है। इस पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत आमजनों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने निर्देश दिया कि सीएमआर आपूर्ति कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि धान की अधिप्राप्ति प्राथमिकता के आधार पर सीमांत किसानों से ही की जाए। साथ ही अधिप्राप्ति के उपरांत किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया।

बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक 1437 लॉट चावल जमा किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य का 56.78 प्रतिशत है। जिला पदाधिकारी ने मिलों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए चावल जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नरहट में दर्दनाक हादसा: ईंट लदे ट्रैक्टर से कुचलकर व्यक्ति की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** बुधवार की सुबह नरहट थाना क्षेत्र के पांडेय बिगहा गांव में एक हृदयविदारक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पाण्डेय बिगहा गांव निवासी स्व गुलाब खान के 57 वर्षीय पुत्र रफीक खान के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रफीक खान खेत में गेहूं की बाली चुन रहे थे। इसी दौरान ईंट से लदा एक ट्रैक्टर पीछे की ओर बैक कर रहा था। चालक की लापरवाही के कारण ट्रैक्टर सीधे रफीक खान पर चढ़ गया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नरहट थानाध्यक्ष गौतम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे



घटना के बाद रोते-बिलखते स्वजन

गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

**बिना नंबर और लाइसेंस वाले वाहनों पर उठे सवाल:** ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जिस ट्रैक्टर से हादसा हुआ, उस पर कोई रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था। उनका कहना है कि इलाके में ईंट भट्ठों से जुड़े कई वाहन बिना नंबर और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों गेहूं की कटाई के कारण खेत खाली हो रहे हैं। जिन लोगों के घर तक सीधा रास्ता नहीं है, वे खेतों के रास्ते ही निर्माण सामग्री जैसे ईंट, बालू और सीमेंट ले जाते हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। आवेदन प्राप्त होने पर ट्रैफिक थाना को भेज दिया जाएगा।

# बस से सफर का युवक शराब के साथ हुआ गिरफ्तार, 21 पियक्कड़ भी हिरासत में

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने बस में सफर कर रहे एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं विभिन्न वाहनों से शराब पीकर सफर कर रहे 21 लोगों को हिरासत में लिया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है,जिसका नेतृत्व उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार कर रहे हैं। बीते मंगलवार की देर रात्रि एक यात्री बस की जांच के क्रम में एक युवक के पास से दो बोतल शराब बरामद किया गया।

जब्त शराब में ब्लेंडर्स प्राइड के 750 एमएल एवं 375 एमएल के एक-एक बोतल है। वहीं गिरफ्तार युवक की पहचान पटना जिले के शास्त्री नगर निवासी अनिल कुमार



जब्त शराब के साथ उत्पाद बल

पांडेय के पुत्र आकाश आनंद के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बीते मंगलवार की शाम से लेकर बुधवार की सुबह तक विभिन्न यात्री बसों से कुल 21 लोगों को शराब के नशे में हिरासत में लिया गया। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार युवक को बुधवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं शराब के नशे में रहे सभी लोगों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया,जहां सभी ने जुर्माना राशि जमा कर अपने-अपने घर चले गए। इस मौके पर उत्पाद एएसआई मो. साबिर के साथ गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# 500 महादलितों के घरों के लिए नहीं है कोई रास्ता, जीना हुआ दूभर

## इमरजेंसी सेवाओं में लोगों को होती है काफी परेशानी, बीडीओ ने दिया सड़क बनाने का आश्वासन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के वार्ड संख्या 12 स्थित सतगिर गांव के रविदास टोला में रास्ते की समस्या से 60 घरों के लगभग 500 लोगों का जीना दूभर हो गया है। आधुनिक युग में भी महादलितों के घर तक मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा नहीं जा पा रहा है। रास्ते के अभाव में लोगों की आम जिंदगी तो प्रभावित हो ही रही है,साथ ही इमरजेंसी सेवाओं में लोगों को खून के आंसू रोने पड़ते हैं।

महादलित टोले के छोटे बच्चे बारिश के दिनों में स्कूल तक जाना छोड़ देते हैं,जबकि बड़े बच्चे 500 मीटर के रास्ते में रहे कीचड़ से होकर आवागमन करने को मजबूर हैं। बीते कई वर्षों से यहां के लोग जानकारी के अभाव में घुट-घुट कर जीने को मजबूर हैं। रविदास टोला के ग्रामीणों द्वारा मुखिया प्रतिनिधि मुकेश यादव के पास समस्या रखी गई,किंतु उनके द्वारा व्यापक समाधान अबतक नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के कुछ दबंग लोग नहीं चाहते हैं कि हमारा विकास हो और वे रास्ते को लेकर जगह नहीं देना चाहते हैं। इस कारण गांव में हमेशा तनाव बना रहता है। ग्रामीणों ने रास्ते की समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाने की बात कही है।

**रास्ते के लिए दो खेमें में बंटे हैं लोग :-** रविदास टोला में रास्ते निर्माण को लेकर गांव के लोग दो खेमों में बंटे हुए हैं। एक तरफ गांव के ही कारू प्रसाद, अशोक प्रसाद, उमेश प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद और उपेंद्र प्रसाद रास्ते के लिए जमीन देने को तैयार हैं, तो दूसरी तरफ भुवनेश्नर प्रसाद, बालो प्रसाद, रामोतार प्रसाद, सकलदीप प्रसाद,



खेत में खड़े महादलित परिवार के लोग

उमेश प्रसाद, रामस्वरूप प्रसाद,मनी प्रसाद एवं रंजीत कुमार यादव रास्ते निर्माण में बाधक बने हुए हैं।

**क्या कहते हैं ग्रामीण :-** रविदास टोला निवासी दिलीप कुमार ने बताया कि बीते 20 वर्षों से भी अधिक समय से उनके परिजन और गांव के लोग रास्ते को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं,किंतु आजतक कोई समाधान नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि उनकी मां की तबियत खराब होने पर काफी मुश्किल से 500 मीटर अपने कंधों पर लादकर सड़क तक लाए थे और गाड़ी से अस्पताल लेकर गए थे। ग्रामीण शांति देवी ने बताई कि गांव के कुछ यादव समुदाय के लोगों द्वारा रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया है। इस कारण गर्भवती महिलाओं को खाट आदि पर लादकर सड़क तक ले जाया जाता है। वहीं बारिश के दिनों में यदि गांव के लोग मदद नहीं करें,तो जच्चा-बच्चा की जान खतरे में पड़ जाती है। ग्रामीण आनो देवी कहती हैं कि बारिश के दिनों में उनके गांव के लोग शादी-विवाह का लग्न तक नहीं लेते हैं।

गांव की वृद्धा कौशल्या देवी ने बताई कि पहले जमीन परती हुआ करता था,तो आवागमन में दिक्कत नहीं होता था।किंतु अब रास्ते संकीर्ण हो गए हैं और लोगों को काफी परेशानी होती है। उन्हें डर है कि उनकी मौत के बाद परिजनों द्वारा ढोल-बाजा बजाने के दौरान मारपीट ना हो जाए। ग्रामीण विजय कुमार दास ने कहा कि कई वर्षों से रास्ते निर्माण को लेकर पगडंडी के दोनों ओर 2-2 फीट जमीन की मांग कर रहे हैं और जमीन के बदले मुआवजा देने को भी तैयार हैं,किंतु आजतक इस पर सहमति नहीं बन पाई है। ग्रामीण जितेंद्र प्रसाद ने कहा कि पहले के लोग मेहनती हुआ करते थे,तो अपने कंधों के बल पर लोगों को टांगकर सड़क तक लाकर वाहन से अस्पताल ले जाया करते थे।किंतु अब के लोगों में उतना सामर्थ्य नहीं है। उन्होंने कहा कि वे और उनके भाई रास्ते के नामपर जमीन देने को तैयार हैं,किंतु अन्य लोगों द्वारा बाधा उत्पन्न की जा रही है।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी :-** इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने महादलित टोला में सड़क बनाए जाने का आश्वासन भी दिया है।

# एसएलसी वितरण के दौरान नीमाटांड़ विद्यालय में छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के रजौली पूर्वी पंचायत के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीमाटांड़ में वर्ग 8 के सभी छात्र-छात्राओं को भव्य स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम एसएलसी (स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट) के उपलक्ष्य में रखा गया,जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

वहीं मंच का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद ने की। इस दौरान सभी शिक्षक व शिक्षिका ने सम्मान सह विदाई कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ग 8 से नौवीं कक्षा में जाने वाले सभी छात्र-छात्राओं के भविष्य की शुभकामनाएं एवं अवसर की उपलब्धताओं व भविष्य संवारने की सारी प्रक्रियाओं को सुक्ष्म तरीके से सभी छात्राओं के बीच में साझा किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने मंच से ऐलान किया कि वर्ग 8 से ऊपर जाने वाले सभी छात्र-छात्राएं,जिन्हें अध्ययन के क्रम में आर्थिक,सामाजिक या शैक्षणिक स्तर से किसी तरह की भी असुविधा होती है,तो वे निःसंकोच विद्यालय प्रधानाध्यापक से संपर्क करें। जरूरतमंद



हाथों में एसएलसी लिए बच्चे एवं शिक्षकगण

विद्यार्थियों की मदद हर संभव उनके जीवन को संवारने के लिए किया जाएगा। विद्यालय की पूर्व छात्रा कंचन कुमारी (प्रधानमंत्री) बाल संसद के द्वारा सभी शिक्षक व शिक्षिका को पुष्पगुच्छा एवं सम्मान में शॉल व कलम दिया गया। साथ ही सहकर्मी रसोईया तारा देवी ,सुलेखा देवी, और रूबी देवी को उपहार देकर करके सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका मंजू कुमारी,अंजू कुमारी,निकहत बानो,अनुज कुमार एवं नीतू कुमारी के अलावे बाल संसद के सभी सदस्य पिंकी कुमारी नव्या कुमारी कीर्ति कुमारी अंशिका कुमारी मानसी कुमारी अंशु कुमारी अंजली कुमारी श्रुति कुमारी उपस्थित थे।

प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने पहली बार विद्यालय के कार्यक्रम में बाल संसद के सदस्यों के द्वारा शिक्षक सम्मान एवं सहकर्मियों को उपहार देकर के सम्मानित करने पर सदस्यों की प्रशंसा किया। छात्र-छात्राओं का जलपान एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र देकर कर उनके उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए विदाई समारोह कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सखी वार्ता के माध्यम से महिला उत्पीड़न व बाल विवाह के प्रति जागरूकता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जीवन जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, बड़ी तालाब गेट के सामने, प्रखंड–पकरीबरावां, जिला–नवादा में महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार के अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत संचालित जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन एवं वन स्टॉप सेंटर के सौजन्य से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के अंतर्गत 'सखी वार्ता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन–181, चाइल्ड हेल्पलाइन–1098, राष्ट्रीय साइबर क्राइम शिकायत–1930, लैंगिक भेदभाव, अक्षय तृतीया में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम, दहेज प्रथा, POCSO अधिनियम, घरेलू हिंसा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। बैठक की शुरुआत लैंगिक विशेषज्ञ श्री मयंक प्रियदर्शी द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित लोगों को घरेलू हिंसा एवं महिला उत्पीड़न के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी महिला के विरुद्ध उसकी इच्छा के बिना किया गया शारीरिक, यौन, मानसिक अथवा आर्थिक दुर्व्यवहार, जिससे उसकी गरिमा को ठेस पहुँचती है, उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। उन्होंने उत्पीड़न के प्रकार—शारीरिक, यौन, मानसिक/मनोवैज्ञानिक, आर्थिक एवं साइबर उत्पीड़न—पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही इसके प्रमुख कारणों में पितृसत्तात्मक मानसिकता, लैंगिक असमानता, आर्थिक निर्भरता, अशिक्षा एवं दहेज प्रथा को बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की शिकायत वन स्टॉप सेंटर या महिला हेल्पलाइन–181 पर की जा सकती है।

इसके पश्चात वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ श्री अमन कुमार ने अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि समाज में इसे 'अबूझ मुहूर्त' मानकर बिना पंचांग देखे विवाह करने की परंपरा है, जिसके कारण बाल विवाह की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। उन्होंने बताया कि परंपरागत मान्यताएँ, आर्थिक कारण एवं कम खर्च जैसे कारक भी इसके प्रमुख कारण हैं।

बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि यदि कहीं भी बाल विवाह की घटना की सूचना मिले तो इसकी जानकारी तत्काल 181, 1098 अथवा 112 पर दें। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करने या कराने पर संबंधित प्रावधानों के तहत 2 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। साथ ही उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकने हेतु शपथ भी दिलाई गई।

इसके बाद वन स्टॉप सेंटर की परामर्शी सुश्री सुषमा कुमारी द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन–1098, POCSO अधिनियम एवं राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन–1930 के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जीविका के सामुदायिक समन्वयक, बुककीपर एवं सदस्यगण सहित जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन से लैंगिक विशेषज्ञ श्री मयंक प्रियदर्शी, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ श्री अमन कुमार तथा वन स्टॉप सेंटर से परामर्शी सुश्री सुषमा कुमारी एवं केस वर्कर सुश्री दीपा चौधरी उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मनेर में 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म

**पटना, एजेंसी।** पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि 13 वर्षीय चचेरे भाई ने मंगलवार को इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग को निरुद्ध कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना के समय बच्ची की मां उसे घर में अकेला छोड़कर बाजार गई हुई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला उसका चचेरा भाई घर में घुस आया और बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद बच्ची अचेत हो गई, जिससे डरकर आरोपी नाबालिग अपने नानी के घर भाग गया। बच्ची के परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। पीड़ित लड़की की मां ने बताया मेरी बच्ची के साथ गलत हुआ है। बच्ची का चचेरा भाई जो घर के पास ही रहता है उसने मेरी सात साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। घटना तब हुई जब मैं बाजार गई थी और बच्ची घर में अकेली थी। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को 8 किलोमीटर दूर उसके नानी के घर से हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी रजनीश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक साइंस लैब की टीम भी मनेर पहुंची और घटनास्थल की छानबीन की। एफएसएल की टीम ने लड़की के अंतःवस्त्रों को जांच के लिए लिया है। पुलिस ने दुष्कर्म की पुष्टि की है और बताया कि विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध कर आगे की जांच की जा रही है। हालांकि बच्ची खतरे से बाहर है और अपनी मां के साथ सामान्य स्थिति में है।

### स्ट्रेचर नहीं मिला, स्कूटी से मरीज को ले गए परिजन

**गया, एजेंसी।** गयाजी में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोमवार को स्ट्रेचर नहीं मिला। जिसके बाद एक युवक अपनी बीमार दादी प्यारी देवी को स्कूटी से निजी अस्पताल लेकर गया। जिसका वीडियो भी सामने आया है। प्यारी देवी को सांस लेने में तकलीफ थी। पोते ने उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजन का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद मरीज को तुरंत इलाज नहीं मिला। डॉक्टर पर नहीं थे। मरीज की स्थिति बिगड़ती जा रही थी। इसलिए परिजन ने निजी अस्पताल ले जाने का फैसला लिया। परिजन ने स्ट्रेचर मांगा तो वो भी नहीं मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि समय पर डॉक्टर उपलब्ध होते और अस्पताल में बुनियादी सुविधाएं मिलतीं, तो उन्हें मरीज को इस तरह जोखिम उठाकर ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने इस घटना को अस्पताल की लापरवाही और अमानवीय बताया। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. किशोर कुमार सिंह ने कहा कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं आया है। अस्पताल में स्ट्रेचर की कोई कमी नहीं है। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है, तो इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मंदिर की दीवार से टकराई बाइक, युवक-युवती की मौत

**नवादा, एजेंसी।** नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में मंगलवार रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक और एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम मोड़ पर बजरंगबली मंदिर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर रात करीब 9 बजे हुई। मृतकों की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक पर सवार युवक-युवती तेज रफ्तार से कोडरमा की ओर जा रहे थे। फोरलेन से डबल लेन में प्रवेश करते ही बाइक अनियंत्रित हो गई और मंदिर के बाउंड्रीवाल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों के मदद करने से पहले ही दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस और डायल 112 टीम को दी। सूचना मिलने पर एएसआई के.के. झा और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है।

### गैस संकट से महंगी हुई शादियां, कैटरिंग हुई 20% तक महंगी, मेन्यू हुआ छोटा

**पटना, एजेंसी।** बिहार में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत के कारण कैटरिंग के दामों में 15 से 20 प्रतिशत तक का उछाल आया है. अब लोग शादी का कार्ड लेकर गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं ताकि किसी तरह व्यावसायिक सिलेंडरों का जुगाड़ हो सके. गैस की कमी और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों ने प्रति प्लेट की दर 50 से 100 रुपये तक बढ़ा दी है. पहले जो शाकाहारी प्लेट 650 रुपये में मिल रही थी, अब उसकी कीमत 700 रुपये पार कर गई है. वहीं, मांसाहारी थाली 800 से बढ़कर 900 रुपये की हो गई है. पटना के पॉश इलाकों और बड़े होटलों में तो वेज थाली की दर 1000 से बढ़कर 1200 रुपये तक पहुंच गई है. इस खर्च को काबू करने के लिए अब लोग व्यंजनों की संख्या में कटौती कर रहे हैं. गैस की खपत कम करने और लागत बचाने के लिए शादियों से डोसा, चाट, जलेबी और पाव-भाजी जैसे लाइव काउंटर हटाए जा रहे हैं. इतना ही नहीं, लोग अब हल्दी, मेहंदी और संगीत जैसे प्री-वेडिंग कार्यक्रमों को या तो रद्द कर रहे हैं या उन्हें बेहद सादगी से मना रहे हैं. एलपीजी गैस वितरक संघ के अनुसार, बड़ी संख्या में लोग शादी का कार्ड और आवेदन लेकर व्यावसायिक सिलेंडर के लिए गुहार लगा रहे हैं.

प्रदेश में 15 अप्रैल तक बन सकती है नई सरकार

# नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा की शपथ लेंगे



**पटना, एजेंसी।** बिहार में नई सरकार का फॉर्मूला सेट होता दिख रहा है। मंत्री विजय चौधरी ने बताया, 'नीतीश कुमार 9 अप्रैल को दिल्ली जाएंगे। कल दोपहर 3:20 एयर इंडिया की फ्लाइट से वो रवाना होंगे। 10 अप्रैल को नीतीश राज्यसभा की शपथ लेंगे।' सूत्रों की माने तो इसके बाद 12 अप्रैल को मुख्यमंत्री दिल्ली से पटना लौटेंगे। 13 अप्रैल को नीतीश कैबिनेट की आखिरी बैठक होगी। 14 अप्रैल को नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे सकते हैं। 15 अप्रैल को बिहार में नई सरकार बन सकती है। बिहार के मुख्यमंत्री को लेकर नीतीश कुमार के साथ दिल्ली में बैठक होगी। इस बैठक में ष्टरू का नाम फाइनल किया जाएगा। बिहार का अगला सीएम कौन होगा इसका ऐलान 13 अप्रैल के बाद ही होगा।

**नए सीएम को लेकर मंत्री ने दिए संकेत :** इधर, मंत्री विजय चौधरी ने बिहार के नए सीएम को लेकर बड़ा संकेत दिया है। पत्रकारों ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा, जो नाम आप लोग चला रहे हैं उसी को आगे बढ़ाया जाएगा। बिहार के सीएम को लेकर अभी जो नाम सबसे आगे से वो सम्राट चौधरी का बताया जा रहा है।

**10 अप्रैल को नए सीएम पर दिल्ली में भाजपा की बैठक :** 10 अप्रैल को ही बिहार भाजपा की अहम बैठक भी दिल्ली में होगी। प्रदेश भाजपा कोर कमेटी के नेताओं से औपचारिक रुप से बिहार के मुख्यमंत्री के नाम पर आम सहमति ली जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हो सकते हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय, सांसद संजय जायसवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र जी व प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, मंत्री दिलीप जायसवाल, मंगल पांडेय समेत अन्य नेता भी रहेंगे।

नीतीश कुमार बतौर राज्यसभा सदस्य शपथ लेकर पटना वापसी पर किसी दिन एनडीए विधानमंडल दल की बैठक बुला सकते हैं। बैठक में वह सीएम पद छोड़ने की जानकारी आधिकारिक तौर पर विधायकों को देंगे। फिर राज्यपाल को इस्तीफा सौंपेंगे। नई सरकार के गठन को पहले एनडीए के सभी घटक दलों के विधायक दल की अलग-अलग बैठकों में नेता चुने जाएंगे। इसके बाद एनडीए विधानमंडल दल के नेता की घोषणा संयुक्त बैठक में होगी। जो ह्रष्ठ गठबंधन के नए नेता चुने जाएंगे वो सरकार बनाने का प्रस्ताव राज्यपाल को सौंपेंगे। चर्चा के मुताबिक 15 अप्रैल के बाद ही नई सरकार बिहार में बनेगी। पद छोड़ने के पहले सीएम की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होने के भी आसार हैं, जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं।

**विधान परिषद सदस्य से दे चुके हैं इस्तीफा :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 30 मार्च को को एमएलसी पद से इस्तीफा दिया था। 20 साल सदन में रहने के बाद उन्होंने 29 शब्दों में बिहार विधान परिषद को अलविदा कह दिया। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद मंत्री अशोक चौधरी भावुक नजर आए। वो फफक कर रोते दिखे। उन्होंने कहा, 'नीतीश कुमार जैसा देश में दूसरा कोई नहीं हो सकता है।

**अशोक चौधरी बोले- नीतीश जैसा नेता देश में दूसरा नहीं :** नीतीश कुमार के एमएलसी पद से इस्तीफे के बाद मंत्री अशोक चौधरी ने कहा, 'लंबे समय से मैं उनके साथ हाउस में हूं। कोविड आया तो मैं उनसे ज्यादा क्लोज हुआ। वो बड़े नेता हैं। सम्मानित व्यक्ति हैं। प्रदेश के अभिभावक हैं। उनके काम करने का तरीका, विरोधियों के प्रति भी सम्मान रखना, स्नेह रखना। उनके व्यक्तिगत काम की भी चिंता करना। इस देश में कोई दूसरा नीतीश कुमार नहीं हो सकता है।'

### सीएम नीतीश ने 4954 एएनएम को नियुक्ति पत्र सौंपा

**पटना, एजेंसी।** पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का उद्घाटन नीतीश कुमार ने किया। मुख्यमंत्री नीतीश ने चार एएनएम को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपा। आज बिहार के 4954 एएनएम (ऑक्सिलरी नर्स मिडवाइफ) को नियुक्ति पत्र बांटा गया है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे के साथ स्वास्थ्य विभाग के सचिव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह कदम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों पर नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, ये नियुक्तियां लंबे समय से लंबित प्रक्रिया का हिस्सा थीं, जिन्हें अब अंतिम रूप दिया गया है। सरकार का उद्देश्य राज्य के हर क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है। एएनएम स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जाती हैं, जो टीकाकरण, प्रसव सेवाओं और प्राथमिक चिकित्सा में अहम भूमिका निभाती हैं। इतनी बड़ी संख्या में एएनएम की नियुक्ति को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सुधार के तौर पर देखा जा रहा है।

### मुजफ्फरपुर में आभूषण कारोबारी से छिनतई, जेवर से भरा झोला छीनकर भागे बाइक सवार बदमाश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में मंगलवार की देर रात आभूषण कारोबारी से छिनतई हुई। घटना मीनापुर थाना क्षेत्र के पानापुर ओपी के ओवरब्रिज के नीचे हुई। बाइक सवार बदमाश आभूषण कारोबारी से सोने-चांदी के जेवर छीनकर भाग गए। जेवर में 260 ग्राम सोना और 2 किलो चांदी के आभूषण शामिल थे। बाजार मूल्य के हिसाब से इसकी कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है।


घटना को अंजाम देकर बदमाश एनएच के रास्ते मोतीपुर की दिशा में भाग गए। महज 5 मिनट के अंदर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही पानापुर ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ पूर्वी वन अलय वत्स भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए।

पीड़ित कारोबारी कांटी थाना क्षेत्र के वीरपुर निवासी सुरेंद्र प्रसाद है। उनकी पानापुर बड़ा बाजार में आभूषण की दुकान है। कारोबारी के अनुसार, मंगलवार को वे दुकान बंद कर अकेले बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पानापुर ओवरब्रिज के नीचे 2 बाइक पर सवार 4 बदमाश आए और उन्हें घेरकर झोले में रखे सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए।

झोला बाइक की टंकी पर रखा हुआ था। पीड़ित कारोबारी ने बदमाशों का काफी दूर तक पीछा भी किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। वापस लौटकर उन्होंने ओपी पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बदमाशों की पहचान के लिए चौक और आसपास की कई दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले।

एसडीपीओ पूर्वी वन अलय वत्स ने बताया कि बाइक की टंकी पर रखे आभूषण से भरे झोले को लेकर बदमाश फरार हो गए। घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की गई है। कारोबारी से पूछताछ कर पूरी जानकारी ली गई है और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच जारी है, हालांकि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## 3 हजार करोड़ का होगा निवेश: बिहटा सहित 5 जगहों पर 15 फैक्ट्रियां लगेंगी, 1500 को सीधा रोजगार मिलेगा



**पटना, एजेंसी।** पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, बिहटा, बेगूसराय और गया में 64 एकड़ भूमि पर 15 नई फैक्ट्रियां लगेंगी। इसपर 3,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश होगा। फैक्ट्रियों के खुलने से राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ करीब 1500 लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा। इसके लिए बियाडा (बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण) ने भूमि आवंटित कर दी है।

आवंटित भूखंडों पर प्लास्टिक, रबर, खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग), वस्त्र, आईटी, आईटीईएस और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे विविध क्षेत्रों की इकाइयां स्थापित की जाएंगी। निवेश करने वाली प्रमुख कंपनियों में निरानी शुगर्स लिमिटेड, एचआर फूड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड और संजीवनी मीडिया एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य इन फैक्ट्रियों के जरिए न केवल उत्पादन बढ़ाना है, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्किल्ड वर्कफोर्स को काम देना भी है।

बिहार में एक वर्ष में 747 फैक्ट्रियां लगाने का प्रस्ताव मिला है। इसमें से 317 को 404 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जेके लक्ष्मी सीमेंट, कैंपा कोला, श्याम स्टील प्राइवेट लिमिटेड, मदर डेयरी, आदित्य बिड़ला समूह, हिंदुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड सहित अन्य कंपनियां है। ये कंपनियां राज्य में करीब 5500 करोड़ रुपए खर्च करके फैक्ट्रियां लगाएंगी। इससे करीब 22500 लोगों को रोजगार मिलेगा।

औद्योगिक जमीन के आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए बियाडा ने पिछले महज 3 महीनों में 40 से अधिक फैक्ट्रियों को भूमि उपलब्ध कराई है। इसके अतिरिक्त, भोजपुर जिले में 4 एकड़ जमीन पर कार्ड बोर्ड बॉक्स फैक्ट्री निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई है। इससे 1200 लोगों के लिए रोजगार के नए स्रोत सृजित होंगे। सरकार की कोशिश है कि सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए निवेशकों को जल्द से जल्द जमीन उपलब्ध कराई जाए, ताकि निर्माण कार्य समय पर शुरू हो सके।

उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार में लेदर, टेक्सटाइल, बायो प्लास्टिक्स, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य कंपनियां लग रही हैं। इससे बिहार औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है।

बियाडा के एमडी कुंदन कुमार का कहना है कि बियाडा पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया अपनाते हुए निवेशकों को भूखंड उपलब्ध करा रहा है। आधारभूत संरचना, कनेक्टिविटी और नीति समर्थन निवेशकों को मिल रहा है।

## बिहार में बालू खोदकर महिला को गाड़ा, सिर काटकर किया गायब



**जमुई , एजेंसी।** बिहार के जमुई से सनसनीखेज मामला सामने आया है. टाउन थाना क्षेत्र के प्रतापपुर इलाके में मंगलवार को नदी किनारे बालू से ढका हुआ एक महिला का सिर कटा शव मिला. सूचना के बाद मौके पर एसडीपीओ सतीश सुमन, टाउन थनाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारी पहुंचे.

**महिला की सिर कटी लाश मिली :** मजिस्ट्रेट सह प्रभारी अंचलाधिकारी किशल्य राज की निगरानी में शव को बालू से निकाला गया. इससे पहले एफएसएल की टीम द्वारा घटना स्थल की घेराबंदी कर जांच की गई. शव को आवारा कुत्तों द्वारा नोंचने की भी बातें सामने आ रही हैं. शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. लोगों के बीच दहशत फैली हुई है.

**नहीं हो पायी है पहचान :** सिर कटा शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की काफी भीड़ घटनास्थल पर लग गई. महिला का सिर नहीं मिलने की वजह से फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो पाई है. महिला की हत्या कर साक्ष्य छुपाने की नीयत से बालू में शव को गाड़ने की संभावना जताई जा रही है.

**कल शाम दिखा था सिर :** स्थानीय चरवाहों के अनुसार, महिला का कटा हुआ सिर सोमवार की शाम गड़े हुए शव से कुछ दूरी पर देखा गया था. हालांकि रात में सूचना के बाद पुलिस द्वारा कटे हुए सिर की खोजबीन की गई थी लेकिन कुछ पता नहीं चल सका था.

**हत्या के कारणों का पता नहीं :** मंगलवार की दोपहर बालू में गड़ी महिला का एक हाथ को कुत्ता ने नोचकर बालू से बाहर निकाल दिया था. महिला कहां की रहने वाली है, महिला की हत्या किसने की है, क्यों की है, इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है. पुलिस महिला की पहचान में जुटी हुई है और घटना स्थल के इर्द गिर्द साक्ष्य एकत्रित करने के लिए छानबीन कर रही है.

## 230 किलो अफीम के साथ 10 तस्कर गिरफ्तार, नशे के खिलाफ पुलिस और एसटीएफ का बड़ा एक्शन



**गया, एजेंसी।** बिहार गया में एसटीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 10 अफीम तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं. इनके पास से भारी मात्रा में डोडा अफीम भी मिली है. एक पिकअप वैन से 230 केजी 800 ग्राम डोडा अफीम तस्करी के लिए लेकर जा रहे थे, तभी पुलिस ने दबिश दी और अफीम के साथ तस्करों को धर दबोचा.

**गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई:** दरअसल, गया जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के दिशा निर्देशन में गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ और जिला पुलिस की एक टीम छापेमारी के लिए गठित की गई थी. टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर देर रात्रि 1:00 बजे मै मैगरा थाना अंतर्गत सेवरा राज बांध के पास से 15 बोर में दो क्विंटल 30 किलो 800 ग्राम अवैध डोडा अफीम, एक पिकअप वैन और 4 बाइक से बरामद किया है.

**10 तस्कर भी हत्थे चढ़े:** थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मौके से 10 तस्करों को भी चार मोटर साइकिल और 9 मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया है. इन गिरफ्तार तस्करों का संबंध बिहार और झारखंड से है.

गिरफ्तार लोगों में रवेंद्र कुमार यादव मोहलानिया थाना छकरबंधा गया, बबन पासवान हेसातु थाना परतापुर जिला चतरा झारखंड, विक्रम कुमार ग्राम मेहराव थाना छकरबंधा, मदन यादव ग्राम बरहा थाना छकरबंधा, सुभाष यादव बरहा थाना छकरबंधा, धनंजय यादव बरहा थाना छकरबंधा, संतोष यादव केवलडीह थाना सुहैल सलैया, राजू यादव ग्राम हिसातु थाना प्रतापपुर जिला चतरा (झारखंड), राहुल उर्फ राजकुमार यादव ग्राम सेवरा थाना मैगरा, गोपाल कुमार शाह ग्राम हेसातु थाना परतापुर जिला चतरा (झारखंड) शामिल है.

पकड़े व्यक्तियों में झारखंड के भी व्यक्ति शामिल हैं. इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये एक पूरा नेटवर्क है, जो अंतराज्यीय स्तर पर सक्रिय हो सकता है.

## बिहार में गरज-चमक के साथ ओले गिरने का अलर्ट, पटना के आसपास होगी हल्की बारिश



**पटना, एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ तथा बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवा के प्रभाव से बिहार के मौसम में बदलाव आया है। इसके साथ ही सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के कारण वायुमंडल में पर्याप्त अस्थिरता बनी हुई है।

राज्य के ज्यादातर भागों में आंशिक बादल छाए रहने के साथ गरज-तड़क की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों के दौरान गरज-चमक के साथ 50-60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ कहीं-कहीं ओला गिरने की आशंका है। पटना व आसपास के इलाकों में हल्की वर्षा की संभावना है। 8 और 9 अप्रैल के दौरान मौसम में तीव्रता अधिक रहने के संभावना है।

मौसम विभाग ने किसान भाईयों को सलाह देते हुए कहा कि फसलों की शीघ्र कटाई करने के साथ इसका संरक्षण करें। खेत में रखी फसलों को सुरक्षित स्थान पर रखें। सोमवार को नालंदा में 63 किमी प्रतिघंटा रफ्तार से तेज हवा चली। राज्य के अलग-अलग भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की हवा दर्ज की गई। पटना सहित आसपास इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ मौसम सामान्य बना रहा।

पटना का अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस एवं 35.8 डिग्री सेल्सियस के साथ भभुआ का सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। सोमवार को पटना सहित आसपास इलाकों में आंशिक बादल छाए रहने नमी युक्त हवा के कारण मौसम सामान्य बना रहा।

## विधानसभा चुनाव में संभावित हार से बौखला गए हैं भाजपा नेता : रोहिणी आचार्य



**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं को कड़ी आलोचना का सामना कराया। रोहिणी आचार्य ने लिखा कि साक्ष्यों और दस्तावेजों के साथ लगाए गए आरोपों पर मर्यादित, तथ्यपरक और तार्किक जवाब देने के बजाय पवन खेड़ा के लिए गाली-गलौज की भाषा, और वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। यह आसन्न विधानसभा चुनाव में संभावित हार की बौखलाहट है, या फिर हिमंत बिस्वा सरमा मानसिक असंतुलन की स्थिति में हैं?

उन्होंने आगे कहा कि यह जगजाहिर है कि भाषाई मर्यादा का उल्लंघन भाजपा की वह कुसंस्कृति और संक्रमण है, जिससे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के साथ-साथ खुद को संस्कारी बताने वाला हर छोटा-बड़ा भाजपाई ग्रसित है। सैकड़ों ऐसे उदाहरण हैं जब इन लोगों ने विपक्ष के नेताओं के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया है, जिसका एक सभ्य समाज और लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई स्थान नहीं है।

रोहिणी आचार्य ने हाल ही में संसद में गृह मंत्री अमित शाह के एक बयान का भी उल्लेख करते हुए कहा कि देश अभी उस अभद्र टिप्पणी को भूला भी नहीं था कि अब हिमंत बिस्वा सरमा लगातार अपना आपा खोते हुए अपनी ओछी और मवालियों जैसी भाषा से पूरे देश और उसकी राजनीति के लिए शर्म का विषय बने हुए हैं।

### क्या है हिमंत और खेड़ा के बीच के विवाद की जड़?

दरअसल, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां के खिलाफ कुछ दस्तावेज भी पेश किए। इसके बाद मुख्यमंत्री हिंमत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि पवन खेड़ा ने यह सब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इशारे पर किया है। सरमा ने कहा कि पवन खेड़ा ने जो 'कागज' पेश किए हैं, वे केवल राजनीति से प्रेरित हैं और इसके पीछे की असली पटकथा राहुल गांधी ने लिखी है। अगर खेड़ा पाताल में भी जाकर छिप जाते हैं, तो असम पुलिस उन्हें वहां से भी ढूंढ कर लाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# बिक्रमगंज नगर के शिव मैरेज हॉल में पुलिस ने की छापेमारी

♦ **गुप्त सूचना के आधार पर शिव मैरेज हॉल में छापेमारी हुई**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** : मंगलवार को देर शाम नगर की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शिव मैरेज हॉल आरा रोड बिक्रमगंज में नावालिग लड़की का शादी हो रही है । प्राप्त सूचना के आलोक में एक पुलिस टीम को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया ।

छापेमारी के क्रम में मैरेज हॉल में लड़का पक्ष एवं लड़की पक्ष को पाया गया,जहां पुछताछ के क्रम में यह बात सामने प्रकाश में आई कि इसमें विचौलिया के माध्यम से पैसे का प्रलोभन देकर शादी कराने की बात प्रकाश में आई । आये तथ्यों के आधार पर पुलिस टीम द्वारा लड़की पक्ष को थाने भेजा गया तथा विचौलिया एवं लड़का पक्ष को रूपया,श्रृगांर,जेवरात साथ थाना लाया गया । इस प्रकार स्पष्ट हुआ कि विचौलिया के माध्यम से अवैध रूप से शादी कराने का कार्य होने वाला था ।

जिसके लिए समुन्द्रा देवी पति सुमन चौधरी ग्राम चकिया टोला थाना धनसोई जिला बक्सर के लिखित आवेदन के आधार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई । पुलिस ने नगद एक लाख बीस हजार रुपए, कंगन उजला रंग का 06,विछिया पीला रंग का 02,टॉप्स पीला रंग का 01,नथिया एवं मंगलसुत्र पीला रंग का एक-एक,श्रृगार का सामान व एक एन्ड्रॉयड मोबाईल बरामद की है । पुलिस ने उक्त मामले में अनुज कुमार उम्र 30 वर्ष पिता जवाहर राम ग्राम गच्छई थाना काराकाट,राकेश कुमार सिंह उम्र 34 वर्ष पिता स्व० हरिनंदन सिंह,चितरंजन पासवान उम्र 32 वर्ष पिता सुकर राम दोनों ग्राम गच्छई थाना काराकाट,कमल चौहान उम्र 25 वर्ष पिता शंकर लाल चौहान, शंकर लाल उम्र 55 वर्ष पिता स्व० नसिंग चौहान,बेरू लाल उम्र 50 वर्ष पिता स्व०नागजी तीनों ग्राम पेलाद्री थाना बड़ाबदा,जगदीश मालवी उम्र 40 वर्ष पिता कनीरामजी ग्राम मंडला थाना रंगनौत चारों जिला रतलाम राज्य मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया । सभी के अपराधिक इतिहास का पता किया जा रहा है । इसकी जानकारी रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा दी ।

## नगर पंचायत काराकाट पैक्स चुनावः पहले दिन 11 नामांकन, कल अंतिम तिथि; अध्यक्ष पद पर दो दावेदार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास** । काराकाट नगर पंचायत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (पैक्स) के चुनाव में नामांकन का पहला दिन जोरदार रहा। बुधवार को कुल 11 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो और सदस्य पद के लिए नौ उम्मीदवार शामिल हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से चली। अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों में स्व. शंकर प्रसाद के पुत्र उदय कुमार प्रसाद और माधव प्रसाद के पुत्र मनोज कुमार शामिल हैं। वहीं, सदस्य पद के लिए अनुसूचित जाति से राजबली राम के पुत्र वशिष्ठ राम, अनुसूचित जाति महिला से श्री भगवान राम की पत्नी फूला देवी, अत्यंत पिछड़ा वर्ग से वशिष्ठ प्रसाद के पुत्र महेंद्र प्रसाद, पिछड़ा वर्ग अन्य से राम हरि के पुत्र अक्षय कुमार, सामान्य वर्ग से रामानुज मिश्रा के पुत्र अमित कुमार मिश्रा, केदार दुबे के पुत्र उमाशंकर दुबे, लक्ष्मण सिंह के पुत्र धनजी सिंह, जगनारायण सिंह के पुत्र सूर्य देव सिंह तथा सामान्य महिला वर्ग से राम तिवारी की पत्नी शैल कुमारी ने नामांकन दाखिल किया। बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि पैक्स की मतदाता सूची में कुल 2711 मतदाता दर्ज हैं। नामांकन की समीक्षा एवं स्क्रूटनी 10 और 11 अप्रैल को होगी। अंतिम नामांकन तिथि 9 अप्रैल है, यानी कल। उन्होंने उम्मीदवारों से नियमों का पालन करने की अपील की। पैक्स चुनाव स्थानीय स्तर पर किसानों व ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह समिति कृषि ऋण, बीज-खाद व अन्य सुविधाओं का प्रबंधन करती है। पहले ही दिन इतने नामांकन दाखिल होने से चुनावी रस्साकशी तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। स्थानीय लोग उम्मीदवारों की सक्रियता से उत्साहित हैं। जिला प्रशासन ने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएनबी बैंक परिसर में दिनदहाड़े हुआ चोरी, ग्राहक के उडाये 49 हजार रुपये

**राजपुर**। स्थानिय बाजार के नोखा रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक परिसर में दिनदहाड़े रूपया चोरी कर लिये जाने की घटना सामने आई है.बैंक में जमा करने गये ग्राहक के जेब से चोरों ने 49 हजार रुपया उड़ा लिया है. घटना के पीड़ित सखरा गांव निवासी रामनिवास मिश्रा के बेटा चंदन कुमार मिश्रा ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया है कि वह बैंक में 49 हजार रुपये जमा करने के लिए लाइन में खड़े थे.इसी दौरान एक संदिग्ध युवक उनके पीछे आकर खड़ा हो गया. झोला से पासबुक निकालने के दौरान उक्त युवक ने उनके पॉकेट से पूरा पैसा निकालकर फरार हो गया. घटना की आंशिक तस्वीर बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात कही जा रही है. हालांकि पीड़ित द्वारा जब बैंक प्रबंधक दयानिधि कुमार से फुटेज का मांग की गई, तो उन्होंने तकनीकी खराबी का हवाला दिया. पीड़ित ने बताया कि वह पूजा-पाठ करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं. इस घटना से उन्हें भारी नुकसान हुआ है. मामले में थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है.बैंक के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तहकीकात करते हुए छापेमारी किया जा रहा है.जल्द हीं घटना के दोषी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा.

### नेहरू कॉलेज के समीप भीषण सड़क हादसा, बाइक और ट्रेलर की टक्कर में युवक घायल



**डेहरी**।। डेहरी /रोहतास।नेहरू कॉलेज के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जहां एक बाइक और ट्रेलर (बड़े मालवाहक वाहन) के बीच जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया,घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और घायल युवक को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। बताया जा रहा है कि ट्रेलर की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे हादसा हुआ,सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल घायल की पहचान और उसकी स्थिति को लेकर अधिक जानकारी सामने नहीं आई है,प्रशासन ने लोगों से सड़क पर सावधानी बरतने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### अवैध खनन पर सख्तीः JCB संचालकों की बैठक 11 अप्रैल को




**बिक्रमगंज (रोहतास)**: अवैध खनन (मिट्टी, बालू आदि) पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के निर्देश पर 11 अप्रैल 2026 को शाम 4 बजे अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सभी JCB मालिकों एवं संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में अवैध खनन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। खासतौर पर अनाधिकृत कार्यों में JCB के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध, संबंधित अधिनियमों की जानकारी तथा नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई जैसे JCB जब्ती, आर्थिक दंड और प्राथमिकी दर्ज करने के प्रावधानों से अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा खनन कार्य से पूर्व प्रशासन को सूचना देने, सहयोग सुनिश्चित करने, अवैध खनन की रोकथाम के उपायों और नियमों के अनुपालन को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित JCB मालिकों/संचालकों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। वहीं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में JCB संचालकों को समय पर सूचना देकर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।

### प्राथमिक विद्यालय मोथा में तिथी भोज का किया गया आयोजन




**काराकाट /रोहतास**। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मोथा में तिथी भोज का आयोजन प्रधानाध्यापक संजय सिंह के द्वारा आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य तिथी भोज में शामिल हूए प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह,प्रभारी अंचलाधिकारी काराकाट ध्रूव कुमार ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी काराकाट मनोज कुमार,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी काराकाट देवाशिष कुमार ,काराकाट मध्याह्न पदाधिकारी काराकाट मो.जाकीर,अर्जून गुप्ता समाजसेवी,मनोज कुमार(मुखिया प्रतिनिधी मोथा),उमेश प्रसाद(शिक्षा समिती अध्यक्ष) किशू कुमार(BRCडाटा आपरेटर काराकाट),संजय कुमार,अनिल कुमार पासवान(शिक्षक)एंव प्राथमिक विद्यालय मोथा के सभी शिक्षक,शिक्षिका एंव सभी छात्र-छात्रा वर्ग-1से5के उत्तीर्ण प्रथम द्वितीय एवं तृतिय एंव कक्षा-5के सभी बच्चों को मुख्य अतिथी के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी जोरों पर



**काराकाट / रोहतास** । प्रखण्ड के मोथा बावन बीघा के पोखरा व परसिया में छह मई से संत श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामीजी के सानिध्य में होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है। लगभग तीन किलोमीटर के भीतर एक साथ हो रहे इस महायज्ञ से इलाके में भक्ति का माहौल बन गया है। मोथा के साथ जयश्री गांव के लोगों ने भी सात्विक आहार-व्यवहार को अपनाते हुए फिलहाल यज्ञ की सफलता में जुड़ गए हैं। जबकि सतो परसिया के गोरख परासी व धर्मांगत परासी के लोगों ने भी प्याज-लहसन को भी दरकिनार कर दिया है। मंगलवार को गांव के काली मंदिर से हनुमत ध्वज के साथ युवकों ने दोनों गांवों का भ्रमण कर लोगों से यज्ञ को लेकर सात्विक आहार लेने व स्वच्छता को अपनाने की अपील करते हुए यज्ञ स्थल पर ध्वज स्थापित किया। ग्रामीण मनोज तिवारी व सत्येंद्र मिश्र के अनुसार परसिया में छह मई से प्रारम्भ होकर लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 12 मई को समापन होगा।इस बीच हनुमत प्राण प्रतिष्ठा भी सम्पन्न होगा। जबकि मोथा में पांच मई से प्रारम्भ लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन 11 मई को भंडारे के साथ किया जाएगा। शम्भू सिंह,बबन पाठक,विनोद पासवान व मनोज सौंडिक के अनुसार इस बीच पोखरा के मध्य स्थित नवनिर्मित मंदिर में सात घोड़ों वाले रथ पर सवार भगवान सूर्य की प्राण प्रतिष्ठा स्वामीजी की उपस्थिति में सम्पन्न कराया जाएगा।

## मनिहारी के मनोहरपुर पंचायत के बेलटोला के तीन युवकों की मौत सडक दुर्घटना में हुई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। जिले के मनिहारी प्रखंड के मनोहरपुर पंचायत के बेलटोला निवासी रमेश उरांव के पुउराहुल कुमार,रामनारायण उरांव के पुत्र निकेश कुमार एवं बसंत उरांव के पुत्र राजीव कुमार का मंगलवार की शाम में हुई सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी है। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा गया है। तीनों युवक गरीब एवं मजदूर परिवार से थे। दूसरे प्रांतों में मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना के बाद प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराया गया और शव को परिजनों को सौंप दिया है।

तीनों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। घटना की सूचना मिलते ही मनोहरपुर पंचायत की मुखिया शबनम कुमारी यादव की ओर से तीनों परिवारों को दस-दस हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गयी।ताकि इस कठिन समय में कुछ सहारा मिल सके।

## सकला बाजार स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट / रोहतास**। प्रखंड क्षेत्र के सकला बाजार स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को आयोजित वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह ने पूरे क्षेत्र में अपनी अलग छाप छोड़ी । शिक्षा,संस्कृति और सम्मान के इस भव्य संगम ने विद्यालय परिसर को उत्सव स्थल में तब्दील कर दिया,जहां हर पल उत्साह और उमंग देखने को मिला ।कार्यक्रम का शुभारंभ काराकाट विधायक अरुण सिंह,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) मनोज कुमार एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरे माहौल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ । प्रधानाध्यापक शेर आलम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन संगीत शिक्षक राजेश कुमार तिवारी,अरुण कुमार दुबे एवं संतोष सिंह यादव ने प्रभावशाली ढंग से किया । सरस्वती वंदना की प्रस्तुति ने कार्यक्रम की शुरुआत को गरिमामय बना दिया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अरुण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है,जरूरत है उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन देने की । ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं । वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं,बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का मंच है । इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है और शिक्षा के प्रति उनका लगाव बढ़ता है । समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट जनों का फूलमाला और अंगवस्त्र से सम्मान किया गया । साथ ही विद्यालय के शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा । नृत्य,गीत और विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । हर प्रस्तुति पर गूंजती तालियों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य,अभिभावक,स्थानीय गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । सभी की सहभागिता ने इस आयोजन को सफल और यादगार बना दिया । यह वार्षिकोत्सव न केवल प्रतिभाओं को मंच देने का माध्यम बना,बल्कि शिक्षा और संस्कृति के सुंदर समन्वय का प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया ।

## मध्य विद्यालय निखरा के प्रधानाध्यापक ने छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें किया वितरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कटिहार**। जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत परभैली पंचायत के मध्य विद्यालय निखरा में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश लाल मिस्त्री ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रीति कुमारी,सचिव ममता देवी रहे। समारोह में विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश लाल मिस्त्री के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधालय के छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें वितरण किया गया।


विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश लाल मिस्त्री ने विद्यालय के लगभग 333 छात्र-छात्राओं पठन पाठन करते हैं। वर्ग एक में 19, वर्ग 2 में 35,वर्ग 3 में 40, वर्ग 4 में 48,वर्ग 5 में 32, वर्ग 6 में 69, वर्ग 7 में 55,वर्ग 8 में 35 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक वितरण किया। प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने प्रत्येक वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान सहित अन्य छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक महेश लाल मिस्त्री एवं शिक्षिका सीमा कुमारी, शिक्षक मो.रफीक आलम,शम्स बानों, बिन्दु कुमार राम,शिव शंकर मंडल,मो. वामिक हसन, सुमन कुमार,शिक्षा सेवक सहदेव रजक ने कहा कि मध्य विद्यालय निखरा के सभी वर्ग के छात्र-छात्राएं पठन-पाठन के साथ-साथ अनुशासन पालन करते हैं। विद्यालय में समय पर छात्र-छात्राएं स्कूल ड्रेस में आते हैं और विद्यालय के नियम का पालन करते हुए समय सारणी के अनुसार पठन-पाठन करते हैं। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं पढ़ने के प्रति समर्पण की भाव रखते हैं। जिसके कारण इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं का परिणाम अन्य विद्यालय के अपेक्षा अति सराहनीय रहता है।और आगे भी रहेगा। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षिका सीमा कुमारी,शिक्षक मो.रफीक आलम,शम्स बानों, बिन्दु कुमार राम,शिव शंकर मंडल,मो.वामिक हसन,सुमन कुमार, शिक्षा सेवक सहदेव रजक का काफी सहयोग रहा।

## अचानक बदले मौसम ने लोगों को गर्मी की तपिश से राहत तो दी है, लेकिन किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**सासाराम/रोहतास**। अचानक बदले मौसम ने लोगों को गर्मी की तपिश से राहत तो दी है, लेकिन किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। क्षेत्र में हुई रिमझिम बारिश से तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहावना हो गया, जिससे आमजन ने राहत की सांस ली। सुबह-शाम चल रही ठंडी हवाओं और हल्की फुहारों ने लोगों को भीषण गर्मी से कुछ समय के लिए निजात दिलाई है।

हालांकि, यही बारिश किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। इस समय रबी फसलों की कटाई और मड़ाई का काम चल रहा है, ऐसे में बारिश फसलों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल या कटाई के बाद खुले में रखी उपज भीगने से खराब होने का खतरा बढ़ गया है।

किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। उन्होंने प्रशासन से फसल क्षति के आकलन और उचित मुआवजे की मांग की है।

एक ओर जहां मौसम ने आम लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाई है, वहीं दूसरी ओर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। आने वाले दिनों में मौसम का रुख ही तय करेगा कि यह राहत कितनी भारी पड़ेगी।

## अनजबित सिंह महाविद्यालय के राजनीति विभाग द्वारा "नीतीश युगः उपलब्धियाँ, विफलताएँ एवं सबक" विषय पर सेमिनार का किया गया आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास**। बिक्रमगंज अनुमंडल का एकमात्र अंगीभूत इकाई अनजबित सिंह महाविद्यालय के राजनीति विभाग द्वारा "नीतीश युगः उपलब्धियाँ, विफलताएँ एवं सबक" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया | सेमिनार की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश राम ने किया | मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ.एस.एस. भाष्करम मंच पर विराजमान रहे | महाविद्यालय के शिक्षक संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार भी अपनी उपस्थिति से मंच का शोभा बढ़ाया | डॉ नीलम कुमारी ओर्गानिजिंग सेक्रेटरी ने सभी का औपचारिक स्वागत किया एवं सह-समन्वयक डॉ रौशनी कुमारी ने सेमिनार के विषय की महता पर प्रकाश डाला | इस सेमिनार के समन्वयक डॉ देवेश पाण्डेय ने शानदार संचालन कर अपनी अलग पहचान बनाई | सेमिनार के मुख्य वक्ता- सह –विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग डॉ अखलाख अहमद ने अपने विचार पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया | अपने 42 स्लाइड के माध्यम से बिहार की 20 वर्षों की राजनीतिक गतिविधियों का विश्लेषण बहुत की सहज,तथ्य परक एवं चित्रात्मक तरीके से रोचक बनाकर प्रस्तुत किया | सारा सभागार इस दौरान प्रजेंटेशन से अभिभूत होता हुआ दिखा | डॉ आर.के पाण्डेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया |



कार्यक्रम के आरम्भ में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा स्मारिका का विमोचन कौतुहुल का विषय था | महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार कोई विभाग स्मारिका के रूप में अपनी संक्षिप्त इतिहास, शैक्षणिक गतिविधि, क्रियाकलाप एवं भावी योजना का आइना प्रस्तुत किया | इतना ही नहीं चालू सत्र में विभिन्न सरकारी सेवाओं में अंतिम रूप से चयनित बबली कुमारी,जिया कुमारी, विनीत कुमार पाल एवं अमित कुमार एवं सन्नी सिंह, सागिल खान, आयुषी कुमारी एवं सृष्टी कुमारी को लिखित परीक्षा में सफल छात्रों को विभाग द्वारा " डायमंड स्टूडेंट ऑफ़ डिपार्टमेंट' के ख़िताब से नवाज़ा गया |

इस अवसर पर विभाग के द्वारा 'स्टार स्टूडेंट ऑफ़ डिपार्टमेंट' का ख़िताब उन बच्चों के नाम रहा जो पूरे साल कक्षा एवं विभाग की गतिविधि में सक्रीय रहें | इसमें अनन्या कुमारी, रिया कुमारी, ख़ुशी कुमारी, सिमरन कुमारी , रितिका कुमारी ,प्रीति कुमारी,खुशबू कुमारी, ख़ुशी कुमारी, समीर फारुकी, पंकज कुमार एवं कुल 60 छात्रों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया | सर्वोत्कृष्ट शोध पत्र के लिए प्रथम स्थान गणित विभाग की छात्रा आराध्या राज को, द्वितीय स्थान राजनीति विज्ञान विभाग की रौशनी कुमारी एवं तीसरा स्थान अंग्रेजी बिभाग की हनी दुबे को प्राप्त हुआ |

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ प्रभात कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ सरोज राम, डॉ परवेज अहमद, मुनमुन चौधरी, नितेश कुमार, , सुकेश्वर सिंह, शिक्षक के रूप में मेघा डॉ. भारत प्रसाद, फज़्ल अहमद, शौर्य गुप्ता, अंकित कुमार, डॉ रफत अली,मेघा कुमारी, डॉ कमल किशोर, डॉ राजीव कुमार उपस्थित रहें | प्रशाखा पदाधिकारी कुमार दिनेश एवं अक्षय प्यारे, कामेंद्र कुमार ने भी कार्यक्रम उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया |

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू खनन पर एक्शन

**अररिया।** अररिया जिला प्रशासन ने अवैध बालू खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नरपतगंज अंचल में खान निरीक्षक की टीम ने अवैध बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। ट्रैक्टर चेसिस नंबर MBNSFAVBBHND00041 को नरपतगंज थाना में सुरक्षित रखा गया है। इस ट्रैक्टर पर 1.05 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खननकर्ताओं और परिवहनकर्ताओं के खिलाफ छापेमारी लगातार जारी रहेगी।

**पूरे जिले में सघन अभियान चलाया जा रहा:** खान निरीक्षक के निर्देश पर पूरे जिले में सघन अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाएगा। इससे पहले, 26 मार्च को फारबिसगंज अंचल के भदेश्वर नहर बेलाही पंचायत क्षेत्र में दो ट्रैक्टर पकड़े गए थे। ये दोनों ट्रैक्टर अवैध बालू से लदे थे। इनके चेसिस नंबर DWRDL164562853 और T052681394CN हैं। इसके बाद, अररिया अंचल के गैयारी इलाके के पास एक और ट्रैक्टर अवैध बालू परिवहन करते पकड़ा गया।

**ट्रैक्टर को नगर थाना में सुरक्षित किया गया:** चेसिस नंबर MBNAN48ADMTK43477 वाले इस ट्रैक्टर को नगर थाना अररिया में सुरक्षित रखा गया। इन तीनों ट्रैक्टरों पर कुल 3.21 लाख रुपये का दंड अधिरोपित किया गया है। खान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के विभिन्न अंचलों में अवैध खनन के खिलाफ लगातार निगरानी रखी जा रही है। नदियों और नहरों के किनारे से बिना अनुमति बालू निकालने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। प्रशासन की टीम किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं कर रही है।

**वाहन भी जब्त किए जाएंगे:** जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि अवैध खनन की किसी भी सूचना पर तुरंत खान निरीक्षक या निकटतम पुलिस थाने को सूचित करें। अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर न केवल भारी जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि वाहन भी जब्त किए जाएंगे। प्रशासन ने अवैध बालू माफिया को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ने का संकल्प दोहराया है।

### बबरगंज में ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**भागलपुर।** बबरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी रिशु, बड़ी खंजरपुर (बरारी) का निवासी बताया गया है। थानाध्यक्ष के अनुसार, गुप्त सूचना पर चौधरीडीह के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से ब्राउन शुगर की आठ पुड़िया बरामद हुई। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर नेटवर्क के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा रही है।

### आंतरिक परीक्षा को लेकर भड़का छात्रों का गुस्सा, जीडी कॉलेज में एनएसयूआई का दिनभर प्रदर्शन

**बेगूसराय।** जीडी कॉलेज के प्रशासनिक भवन के समक्ष मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने छात्र समस्याओं को लेकर दिनभर धरना-प्रदर्शन किया। 15 सूत्री मांगों के समर्थन में आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व राजा कुमार कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान कॉलेज प्रशासन के खिलाफ छात्रों में खासा आक्रोश देखने को मिला। प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा स्नातक सत्र 2024-2028 के उन छात्र-छात्राओं का था, जो विभिन्न संकायों में आंतरिक परीक्षा से वंचित रह गए हैं। राजा कुमार ने कहा कि यह स्थिति छात्रों के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर कुलपति से बातचीत की गई थी, जिसके बाद कुलपति ने प्राचार्य को छूटे हुए छात्रों की परीक्षा आयोजित करने का निर्देश भी दिया था। इसके बावजूद आरोप है कि प्राचार्य भूपेंद्र नारायण यादव और कुछ विभागाध्यक्ष परीक्षा आयोजित करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। छात्रों का कहना है कि कुछ चयनित छात्रों की परीक्षा निर्धारित समय के बाद भी ली गई, जबकि अन्य को मौका नहीं दिया जा रहा है। इसे लेकर एनएसयूआई ने कॉलेज प्रशासन पर पक्षपात और मनमानी का आरोप लगाया। एनएसयूआई के सचिव पवन कुमार ने कॉलेज में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि छात्रों की संख्या के अनुपात में प्राध्यापकों की संख्या बेहद कम है, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने शिक्षकों की नियुक्ति बढ़ाने और कॉलेज में जल्द से जल्द कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था करने की मांग की। प्रदर्शन में कॉलेज उपाध्यक्ष ऋषभ कुमार, कॉमर्स अध्यक्ष अंकित कुमार, कॉलेज सचिव रोहित कुमार, रिशु कुमार, कन्हैया कुमार सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### कोर्ट गेट पर नशीले पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

**बेगूसराय।** व्यवहार न्यायालय, बेगूसराय के मुख्य प्रवेश द्वार पर मंगलवार को सघन जांच के दौरान एक युवक को नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खम्मार गांव वार्ड संख्या-3 निवासी राजीव सिंह के पुत्र लखन कुमार के रूप में हुई है। कोर्ट गेट पर तैनात पुलिस बल द्वारा नियमित जांच के दौरान लखन कुमार संदिग्ध प्रतीत हुआ। इसके बाद सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ओझा के नेतृत्व में उसकी तलाशी ली गई।

### फंदे से लटकी मिली ग्रेजुएशन छात्रा की लाश

**बेगूसराय।** बेगूसराय में एक नवविवाहिता की लाश उसके ससुराल में स्थित कमरे से फंदे से लटकी मिली है। घटना गढ़हारा थाना क्षेत्र के बीहट नगर परिषद वार्ड नंबर-18 स्थित गढ़हारा गांव की है। मृतका की पहचान आयुष कुमार की पत्नी शबनम कुमारी (21) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने आरोपी पति आयुष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि वार्ड पार्षद सास बबीता देवी और ससुर अरुण रजक फरार हो गए हैं। मृतका के पिता चकबल गांव के रहने वाले मिथिलेश पासवान ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता ने बताया कि शबनम कुमारी चकबल गांव की रहने वाली थी। इसे पढ़ाई के दौरान अपने गांव से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गढ़हारा गांव के रहने वाले अरुण रजक के बेटे आयुष कुमार से प्यार हो गया। इसके बाद शबनम घर से भाग गई और आयुष के साथ अंतर्जातीय शादी कर ली। इस दौरान लड़की के पिता ने थाना में मामला भी दर्ज कराया था। लेकिन दोनों पक्षों के बीच हुई सहमति के बाद शबनम अपने ससुराल में ही रह रही थी। उसका मायके के लोगों से कोई संपर्क नहीं था। आज मायके वालों को सूचना मिली कि बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

**दरवाजा तोड़ कर अंदर गई टीम:** सूचना मिलते ही मायके वाले पहुंचे, उससे पहले गढ़हारा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची हुई थी। एफएसएल टीम के आने के बाद दरवाजा तोड़कर सभी लोग जब अंदर गए तो शबनम की लाश पंख के सहारे दुपट्टा के बने फंदे से लटकी हुई थी। उसका पैर जमीन से सटी हुई थी। इसके बाद लाश को उतार कर कागजी प्रक्रिया कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के पिता मिथिलेश पासवान ने बताया कि शबनम ने 2022 में सीबीएसई से फर्स्ट डिवीजन से मैट्रिक पास किया। उसके बाद बरौनी माध्यमिक स्कूल से इंटर पास किया और अभी एपीएसएम कॉलेज बरौनी में ग्रेजुएशन पार्ट-वन की छात्रा है। करीब तीन साल पहले उसने दूसरे जाति के आयुष कुमार के साथ लव मैरिज किया। शादी के बाद लड़की का हमलोगों से कोई संपर्क नहीं था। आज सूचना मिली कि आत्महत्या कर ली है। लेकिन ये आत्महत्या नहीं है, बल्कि 10 लाख रुपया दहेज के लिए उसकी हत्या की गई है। घर के अंदर हत्या करके लाश को पंखा के सहारे लटका दिया गया। इसके बाद अंदर से कमरा बंद कर वह लोग वेंटिलेशन से निकल गए। वेंटीलेशन पर भागने का स्पष्ट चिन्ह है। हमारी इकलौती बेटी को मार डाला। गढ़हारा थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मौत के कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा। मृतका के पति आयुष कुमार को पकड़ा गया है। आवेदन पर कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल जा रहे 3 बच्चों को कार ने उड़ाया, 20 फीट दूर गिरे तीनों

◆ भागलपुर में एक छात्रा की मौत, 2 गंभीर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में कार ने स्कूल जा रहे 3 बच्चों को रौंद दिया। इसमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। 2 की हालत गंभीर है। बच्चे साइकिल से स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान सुल्तानगंज की ओर से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। कार की स्पीड करीब 80 किमी प्रति घंटे की थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्चे 20 फीट दूर सड़क पर गिरे। साइकिल कई पाट्र्स बिखर गई। स्थानीय लोगों ने बच्चों को गोद में उठाया और सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल ले गए। जहां से मायागंज रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद कार ड्राइवर भागने की कोशिश करने लगा। स्थानीय लोगों ने उसका पीछा कर करीब 2 किमी दूर पकड़ लिया।


**1 छात्रा की मौत, 2 गंभीर:** हादसे में एक छात्रा करुणा कुमारी (16) की इलाज के दौरान मौत हो गई है। अंश कुमार (12) और दिव्यांशु कुमार (15) गंभीर रूप से घायल हैं। सभी महेशी गांव के रहने वाले हैं। सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल के प्रभारी ने बताया कि स्कूल जाने के दौरान तीनों सड़क हादसे का शिकार हो गए। सभी को सिर में गंभीर चोट (हेड इंजरी) आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है।

**चश्मदीद- टक्कर के बाद तेज आवाज आई:** हादसे के वक्त मौके पर मौजूद दुकानदार ने बताया, मैं दुकान के अंदर था। तेज आवाज आई तो सड़क पर देखा। गाड़ी की स्पीड बहुत ज्यादा थी। उसने बच्चों को उड़ा दिया। हादसे के बाद बच्चे करीब 20-25 फीट दूर सड़क के दूसरे कोने में जा गिरे। साइकिल पूरी तरह से टूट गई। बैग सड़क पर बिखर गया। आसपास के लोगों के साथ मैं भी बच्चों के पास गया। दर्द के मारे चीख रहे थे। बिना देरी किए हमने उन्हें उठाया और अस्पताल पहुंचा। बच्चों की हालत बहुत खराब है।

**पुलिस बोली- गाड़ी किसकी है पता लगाया जा रहा:** ASP संयम राजा ने बताया कि तीनों बच्चों की हालत गंभीर है। गाड़ी किसकी थी, कौन चला रहा था और किन परिस्थितियों में यह घटना हुई, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल प्राथमिकता घायलों को समय पर समुचित इलाज दिलाना है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नवगछिया में अवैध बालू खनन, चार ट्रैक्टर जब्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के नवगछिया में मंगलवार रात अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी रोहित कर्दम के नेतृत्व में विजय घाट पर छापेमारी की गई। मौके पर मौजूद खनन में लगे लोग वाहन छोड़कर फरार हो गए। प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि विजय घाट पर पिछले कई दिनों से बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू का उठाव किया जा रहा है। सूचना मिलते ही एसडीएम रोहित कर्दम ने खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल छापेमारी का निर्देश दिया। टीम जैसे ही घाट पर पहुंची, वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। खनन में लगे लोग आनन-फानन में भागने लगे। कुछ लोग ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहे, जबकि कई लोग अपनी बाइक तक छोड़कर फरार हो गए। छापेमारी के दौरान प्रशासनिक टीम ने मौके से 4 ट्रैक्टर, एक पोकलेन मशीन और करीब 6 बाइक जब्त की।

**एक ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार:** पुलिस ने एक ट्रैक्टर चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपित अंधेरे और मौके की स्थिति का फायदा उठाकर फरार हो गए। जब्त वाहनों को संबंधित थाने में लाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम रोहित कर्दम ने बताया कि प्रशासन को लगातार अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के आधार पर यह संयुक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि नवगछिया क्षेत्र में वर्तमान में किसी भी व्यक्ति या संस्था को बालू खनन के लिए लीज नहीं दी गई है।

# ट्रैफिक समस्या पर आज डीआईजी करेंगे मीटिंग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और शहर में जाम की समस्या के समाधान के लिए ट्रैफिक डीआईजी सुशांत कुमार सरोज पहुंचे हैं। डीआईजी बुधवार को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक और नवगछिया के पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहेंगे। समीक्षा के दौरान शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव, जाम की समस्या, यातायात नियंत्रण के मौजूदा उपायों और उन्हें प्रभावी बनाने के लिए संभावित रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक का मुख्य फोकस शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना रहेगा। इसके साथ ही पार्किंग की समस्या, ऑटो और ई-रिक्शा के संचालन, ट्रैफिक नियमों के अनुपालन और सड़क सुरक्षा को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। अधिकारियों से जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं की जानकारी ली जाएगी और उसके अनुरूप समाधान तय किए जाएंगे।

**सुबह 11 बजे से बैठक होगी शुरू:** सुबह 11 बजे आयोजित होने वाली इस समीक्षा बैठक में नोडल पदाधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान यातायात प्रबंधन के आधुनिक तरीकों, तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया जैसे विषयों पर जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य शहर में ट्रैफिक नियंत्रण को और अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाना है। बैठक में पटना यातायात विभाग से आए पुलिस उपाधीक्षक भारत भूषण भी मौजूद रहेंगे। वे अपने अनुभव के आधार पर स्थानीय अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देंगे। माना जा रहा है कि पटना जैसे बड़े शहर में लागू ट्रैफिक प्रबंधन के सफल मॉडल को भागलपुर में भी लागू करने पर विचार किया जा सकता है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मुंगेर।** मुंगेर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में शहरवासियों में खासा उत्साह देखा गया। शोभायात्रा की शुरुआत बड़ी महावीर मंदिर के पास हुई। यहां भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के चित्रों की पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके बाद 'जय श्री राम' और 'हनुमान जी की जय' के जयकारों के साथ यात्रा को रवाना किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। यात्रा मार्ग के हर मोड़ और प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मी मौजूद थे, साथ ही ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी जा रही थी। यह शोभायात्रा महावीर स्थान से शुरू होकर एक नंबर ट्रैफिक और कोतवाली थाना होते हुए हनुमान मंदिर तक पहुंची। हनुमान मंदिर में पुजारी ने भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की और महाआरती का आयोजन किया।

**ठंडा पानी और शर्बत की व्यवस्था:** यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। गर्मी से राहत देने के लिए ठंडा पानी और शर्बत की व्यवस्था भी की गई थी। मार्ग में कई स्थानों पर आरती और पुष्प वर्षा का आयोजन हुआ। इसके बाद यात्रा निलम चौक, गांधी चौक, शादीपुर से होते हुए कोड़ा मैदान चौक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने हनुमान पाठ किया। कोड़ा मैदान चौक से यात्रा कस्तूरबा वाटर, बड़ी बाजार, बेकापुर और मुख्य बाजार से गुजरते हुए पुनः महावीर मंदिर पर समाप्त हुई। इस यात्रा में संत महात्मा भी रथ पर सवार थे। बजरंग दल के नगर सह संयोजक संजीत कुमार ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म को बढ़ावा देना और हिन्दुओं को जागरूक करना था। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# 7 हजार मीट्रिक टन यूरिया खपत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** अररिया जिले में इस रबी सीजन के दौरान यूरिया की खपत में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। जिला पदाधिकारी विनोद दूहन ने बताया कि इस वर्ष मक्का और गेहूं की बुआई से लेकर फसल तैयार होने तक लगभग 7 हजार मीट्रिक टन कम यूरिया का उपयोग हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले रबी सीजन में जहां 57 हजार मीट्रिक टन से अधिक यूरिया की खपत हुई थी, वहीं इस वर्ष यह घटकर करीब 50 हजार मीट्रिक टन रह गई है। इस बचत से सरकार की सब्सिडी में लाखों रुपये की बचत हुई है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि के पीछे तीन प्रमुख प्रयासों का उल्लेख किया। सबसे पहले, प्रखंड स्तर पर सभी खाद दुकानों की सघन जांच की गई।

**जरूरत के अनुसार यूरिया कराया गया उपलब्ध:** दूसरा महत्वपूर्ण कदम यह था कि किसानों को उनकी वास्तविक जरूरत के अनुसार ही यूरिया उपलब्ध कराया गया। इसमें किसान सलाहकारों के सत्यापन को अनिवार्य किया गया, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो सके। तीसरा और अहम प्रयास यह रहा कि किसानों को जागरूक किया गया कि मक्का की फसल में दाना बनने के बाद यूरिया का उपयोग न करें। इस पहल का व्यापक असर देखने को मिला और यूरिया की खपत में कमी आई। अनियमितताओं पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने 16 खाद दुकानों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं, जबकि 7 मामलों में एफआईआर भी दर्ज की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि यूरिया की इतनी बड़ी मात्रा में बचत न केवल किसानों के लिए लाभकारी है, बल्कि जिले और राज्य के लिए भी एक सकारात्मक उपलब्धि है।

# फीमेल सुपरवाइजर प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जल्द होगी पब्लिश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** अररिया में संविदा आधारित सेविका से महिला पर्यवेक्षिका पद पर प्रोन्नति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी सह-अध्यक्ष चयन समिति विनोद दूहन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी 127 अभ्यर्थियों की औपबंधिक मेधा सूची यथाशीघ्र प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि यदि किसी अभ्यर्थी को इस औपबंधिक सूची में कोई आपत्ति हो, तो वे जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर या डाक के माध्यम से अपनी आपत्ति जमा कर सकते हैं। आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम मेधा सूची तैयार कर नियोजन प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाएगा।

**आंगनबाड़ी सेविकाओं को बेहतर पद और जिम्मेदारी मिलेगी:** यह प्रोन्नति समेकित बाल विकास सेवा योजना (ICDS) के तहत की जा रही है, जिससे आंगनबाड़ी सेविकाओं को बेहतर पद और जिम्मेदारी मिलेगी। महिला पर्यवेक्षिका पद पर नियोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य तथा शिक्षा कार्यक्रमों को और मजबूती मिलेगी। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि पूरी प्रक्रिया योग्यता के आधार पर और पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हो।

**स्थानीय स्तर पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा:** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन ने कहा कि सेविका प्रोन्नति एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो मेहनती आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि मेधा सूची प्रकाशन के बाद आपत्ति निपटान की समय-सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए और पूरी प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा में पूरी हो। इस प्रक्रिया से अररिया जिले की सैकड़ों महिलाओं को करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और स्थानीय स्तर पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

**समय रहते आपत्ति दर्ज कराने की अपील:** बैठक में उप विकास आयुक्त अररिया, सिविल सर्जन अररिया, जिला शिक्षा पदाधिकारी अररिया, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी अररिया, सहायक निदेशक जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा जिला परिषद की निर्वाचित सदस्य कलवी देवी सहित कई संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे सूची प्रकाशित होते ही आधिकारिक वेबसाइट या समाहरणालय में अपनी स्थिति जांच लें और यदि आवश्यक हो तो समय रहते आपत्ति दर्ज कराएं।

# डीएम ने 4 परियोजनाओं का वेतन रोका

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**अररिया।** अररिया जिला पदाधिकारी विनोद दूहन ने मंगलवार को परमान सभागार में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों (सीडीपीओ) के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारु संचालन और लाभुकों को समय पर सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराना था। समीक्षा के दौरान, जिलाधिकारी ने आभा आईडी में न्यूनतम उपलब्धि दर्ज करने वाली चार बाल विकास परियोजनाओं – नरपतगंज, कुर्सकांटा, रानीगंज और सिकटी – के वेतन को तत्काल प्रभाव से अवरुद्ध करने का सख्त निर्देश दिया। यह कार्रवाई लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ की गई है।

**आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश:** जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पंजीकृत लाभुकों को पोषाहार, टीकाकरण और स्कूल पूर्व शिक्षा जैसी आवश्यक सुविधाएं बिना किसी देरी के मिलनी चाहिए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पोषण ट्रैकर से जुड़े उन लाभुकों के मामलों में भी त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया गया, जिनका आधार कार्ड नहीं बना है या उसमें त्रुटि है। जिलाधिकारी ने इस समस्या के समाधान के लिए सभी प्रखंडों में अविलंब आधार कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया।

**लंबित आवेदनों को 24 घंटे के भीतर निष्पादित करने के सख्त निर्देश दिए गए:** इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लंबित आवेदनों को 24 घंटे के भीतर निष्पादित करने के सख्त निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि इन महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ जरूरतमंद महिलाओं और बालिकाओं तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) कविता कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुणाल श्रीवास्तव, सोहेब रूमी, अनुज रंजन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में बाल विकास और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाया जाए और कोई भी पात्र लाभुक योजनाओं से वंचित न रहे।

# ई-रिक्शा चालक ने किया सुसाइड

**भागलपुर।** भागलपुर में ई-रिक्शा चालक ने फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान साहेबगंज निवासी बबलू शाह के बेटे मनीष कुमार (18) के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि वो मानसिक रूप से कमजोर था। तीन बहनों में इकलौता भाई था। ई-रिक्शा चलाकर परिवार की देखरेख करता था। घटना के बाद परिजन ने पुलिस की मदद से शव को फंदे से उतारा। सुसाइड के कारण का अभी पता नहीं चला है। घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के छोटी साहेबगंज की है। आर्थिक तंगी से जूझ रहा था परिवार मृतक के पिता भी मानसिक रूप से अस्वस्थ बताए जा रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/01-02/26-27 (खुली), दिनांक 07.04.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या: 1, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-01-26-27, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के तहत एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एसटीएन फिल्टर हाउस में पानी के जलाशय के कीचड़ की निकासी/सफाई तथा बीआरआर में इनटेक वेल की मौजूदा संरचनाओं के सुधार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 86,92,925.36, **बयाना राशि :** रु. 1,73,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **क्रम सं. 2, केस संख्या:** ओ-एसी-टी-02-26-27, **कार्य का नाम:** एक्सईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन आसनसोल मंडल में ब्रिज नं. 5 ई, 5 डब्ल्यू, 451ए, 528ए, 656 डाउन, 691 अप पर फॉस्फर ब्रॉन्ज बेयरिंग से मौजूदा सेंट्रलाइज बेयरिंग के प्रतिस्थापन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,68,11,471.49, **बयाना राशि :** रु. 5,36,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** 04.05.2026 को 12.00 बजे प्रत्येक हेतु। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-09/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अफसरों व कर्मियों को किया सम्मानित

**आरा**| स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण व लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शुल्क संग्रहण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारियों व प्रखंड समन्वयकों को जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सम्मानित किया है। बताया गया कि स्वच्छता शुल्क संग्रहण अभियान के तहत पंचायतों में स्वच्छता पर्यवेक्षकों व कर्मियों के माध्यम से शुल्क संग्रहित किया जाता है, जिसका उपयोग स्वच्छता संरचनाओं के रखरखाव और कर्मियों के मानदेय भुगतान में किया जाता है। संग्रहण में सुधार के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह के मार्गदर्शन में 7 मार्च से 31 मार्च तक मिशन सहयोग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बड़हरा, पीरो व जगदीशपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारियों व प्रखंड समन्वयकों के साथ-साथ शीर्ष पांच ग्राम पंचायत गड़हनी का बराप, बड़हरा का मटुकपुर, जगदीशपुर का कौरा, उदवंतनगर का एरौड़ा व संदेश का पांडुरा पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षकों और संबंधित मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मार्च 2026 में जिले के 14 प्रखंडों द्वारा कुल 2,58,126 रुपये की राशि संग्रहित की गयी, जिसमें बराप द्वारा 16,170 रुपये, मटुकपुर द्वारा 12,000 रुपये, कौरा द्वारा 11,970 रुपये, एरौड़ा द्वारा 8,150 रुपये व पांडुरा द्वारा 7,320 रुपये संग्रहित किए गए। इस मौके पर उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक व जिला स्वच्छता टीम उपस्थित रही।

### डीएम ने की एनएच परियोजनाओं की समीक्षा

**आरा**| जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जूम मीटिंग के माध्यम से एनएच 119A (पटना-आरा-सासाराम) व एनएच-319 (आरा-परिया) फोरलेन परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में एनएचएआई (पीआईयू) सासाराम और पटना द्वारा संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। विभिन्न अंचलों में नोटिस तामिला, 3 जी प्राक्कलन स्वीकृति, एनओसी व भूमि अधिग्रहण से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एनएच 319 के आरा बाईपास (मौजा बामपाली) में ट्रम्पेट इंटरचेंज निर्माण और बाईपास सड़क निर्माण की स्थिति की भी समीक्षा की गयी।

### मुआवजा भुगतान के लिए 9-10 को विशेष शिविर

**आरा**| आरा-सासाराम (एन एच-119A) फोरलेन सड़क निर्माण के लिए अधिगृहीत भूमि के मुआवजे की प्रक्रिया को तेज करने हेतु जिला प्रशासन ने विशेष पहल की है। गड़हनी और चरपोखरी अंचल के प्रभावित भू-धारियों को मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए आगामी 9 और 10 अप्रैल को विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक चलेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 9 अप्रैल को गड़हनी अंचल के करनौल एवं मठिया के रैयतों के लिए शिविर लगाया जाएगा। वहीं, 10 अप्रैल को चरपोखरी अंचल के प्रभावितों के लिए पंचायत भवन, सोनवर्षा में कैंप का आयोजन होगा।इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य रैयतों को लगान रसीद, एलपीसी, वंशावली और बंटवारानामा जैसे आवश्यक दस्तावेज तैयार करने में सहायता प्रदान करना है।

### आर्म्स एक्ट मामले में दोषी को तीन साल की सजा

**कोईलवर**| अवैध हथियार रखने के मामले में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को सजा सुनाई है। गवाही के आधार पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, भोजपुर ने चांदी थाना कांड संख्या 118/24 के आरोपी अनिल सिंह उर्फ डोमन सिंह को दोषी करार दिया। तीन वर्ष के सश्रम कारावास तथा 5,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले के अनुसार 7 अगस्त 2024 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जलपुरा गांव निवासी अनिल सिंह अवैध हथियार के बल पर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

### 613 एमटी गेहूं की खरीद का लक्ष्य

**बक्सर**। सरकार ने जिले में गेहूं का लक्ष्य तय कर दिया है। इस वर्ष 613 एमटी गेहूं की खरीद की जाएगी। हालांकि यह लक्ष्य काफी छोटा है क्योंकि जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसान गेहूं नहीं बेच पाते हैं। इसीलिए इस वर्ष लक्ष्य को कम कर दिया गया है जिले में 46 पैक्स व 4 व्यापार मंडल को गेहूं क्रय के लिए चयनित किया गया है। विभाग का सख्त निर्देश है कि किसानों से गेहूं खरीद करके 48 घंटे के अंदर उनके खातों में राशि का हस्तांतरण कर दिया जाए। जिले में पैक्सों व व्यापार मंडलों के माध्यम से सरकारी दर पर गेहूं की खरीदारी की शुरुआत हो चुकी है। जिले में 07अप्रैल तक 6 किसानों से 28.900 एमटी गेहूं की खरीदारी की गयी है। जिले में गेहूं बेचने को लेकर 974 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जिसमें 758 किसान रैयत हैं जबकि 216 किसान गैर रैयत हैं। जिला सहकारिता पदाधिकारी चन्द्रमा राम ने बताया कि विभाग द्वारा 2585 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदारी करने का दर निर्धारित किया गया है। गेहूं की कटाई तेज : बता दें कि जिले में बदलते मौसम को देखते हुए किसानों ने गेहूं की फसल की कटाई तेज कर दी है, ताकि जल्द से जल्द गेहूं की फसल की कटाई करके अनाज को सुरक्षित भंडारण किया जा सके। फिलहाल 30 फीसदी ही गेहूं की फसल की कटाई हुई है। उम्मीद है कि अगले 2 सप्ताह में शत प्रतिशत गेहूं की फसल की कटाई हो जाएगी। 15 जून तक होगी गेहूं की खरीद जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि गेहूं खरीदारी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली हैं। पैक्स अध्यक्षों और व्यापार मंडल अध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि क्रय केंद्रों पर किसानों को गेहूं तौलने और बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। 15 जून तक गेहूं की खरीद की जाएगी। बता दें कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए सहकारिता विभाग द्वारा हर साल धान व गेहूं की खरीदारी के लिए एक नियत दर निर्धारित करती है। ताकि, किसानों को अनाज बेचने में बिचौलियागिरी से बची जा सके। साथ ही, नियत समय में गेहूं की राशि उन्हें मिल सके। औने-पौने दाम पर नहीं बेचें गेहूं जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे जल्दबाजी में ओने-पौने दाम पर खुले बाजार में अपना गेहूं बेचने के बजाय सरकारी क्रय केंद्रों पर आएं।

### हत्या के आरोपी शिक्षक पर दोष सिद्ध, फैसला सुरक्षित

**बक्सर**। हत्या के एक मामले में मंगलवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय मनीष कुमार शुक्ला की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपी शिक्षक द्वारिका पांडेय को हत्या के मामले में दोषी पाया। सजा के बिंदु पर फैसला सुरक्षित है जिसे बाद में सुनाया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 26 मार्च 2024 को धनसोई के रहने वाले मोहन कुमार की हत्या कर दी गई थी। उक्त मामले में मृतक के भाई दीपक कुमार ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई स्पीडी ट्रायल के तहत किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय मनीष कुमार शुक्ला ने अभियुक्त को हत्या के मामले में दोषी करार दिया। चार लोगों पर दर्ज हुई थी एफआईआरः बताया जा रहा है कि घटना को होली के दिन अंजाम दिया गया था जिससे पूरे नगर में सनसनी फैल गई थी। दर्ज एफआईआर के अनुसार मृतक के भाई सूचक दीपक कुमार ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि घटना के दिन उसका भाई बक्सर आया था लेकिन शाम को घर लौटने की जगह बक्सर में ही रुक गया था। उसका भाई भी बक्सर चला आया जहां देर शाम को डीएवी स्कूल के सामने यश कंपलेक्स के द्वारिका पांडेय उसे अपने घर ले गए थे। देर रात उसे धनसोई पुलिस ने फोन पर सूचित किया कि उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया है जब वह थाना पहुंचा तो देखा कि पुलिस ने द्वारिका पांडेय को लॉकअप में रखा है तथा उसका भाई एक प्राइवेट अस्पताल में मृत पड़ा हुआ है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। उक्त मामले में द्वारिका पांडेय, मिथिलेश कुमार पांडेय समेत दो महिलाओं को आरोपी बनाया गया था।

# खान सर से मिलने पर रो पड़ी मैट्रिक टॉपर अनुपा कुमारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। पटना के बापू सभागार में आयोजित एक सेमिनार में बक्सर की छात्रा अनुपा कुमारी को मशहूर शिक्षक खान सर से समर्थन मिला। बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 में राज्य में तीसरा स्थान हासिल करने वाली अनुपा मंच पर भावुक हो गईं, जिसके बाद खान सर ने उनकी आगे की पढ़ाई का खर्च उठाने की घोषणा की। सेमिनार में छात्रों को संबोधित करते हुए खान सर ने अनुपा को मंच पर बुलाया। उन्होंने बताया कि अनुपा बक्सर से हैं और उन्होंने पूरे बिहार में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जब अनुपा से उनके लक्ष्य के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इंजीनियर बनने और जेईई परीक्षा पास करने की इच्छा व्यक्त की।

**टॉपर्स से नहीं लिया जाएगा फीसः** इस पर खान सर ने घोषणा की कि सेमिनार में मौजूद सभी बोर्ड टॉपर्स से कोई फीस नहीं ली जाएगी। उन्होंने कहा, "बस एक चीज चाहिए—ईमानदारी से पढ़ाई। अपने माता-पिता का नाम रोशन करना है।" उन्होंने अनुपा से कहा कि वह परीक्षा पास करें और उनकी आगे की पढ़ाई की जिम्मेदारी अब उनकी है। खान सर ने भावुक अनुपा को समझाते हुए कहा, "तुम्हें रोना नहीं है। मेरे रहते पैसे की वजह से किसी भी छात्र की पढ़ाई नहीं रुकेगी।"

**राज्य में तीसरा और जिले में पहला स्थान की हासिलः** अनुपा कुमारी बक्सर जिले के धनसोई थाना क्षेत्र के ककरिया गांव की निवासी हैं। उन्होंने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 में 500 में से 489 अंक प्राप्त कर राज्य में तीसरा और जिले में पहला स्थान हासिल किया है। वह खरहना उच्च विद्यालय की छात्रा हैं। इस वर्ष बक्सर जिले के कुल 7 छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा के टॉप-10 में जगह बनाई है, जिसमें अनुपा का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। अनुपा ने अपनी सफलता का श्रेय सेल्फ स्टडी और कड़ी मेहनत को दिया है। उन्होंने कक्षा 1 से 8 तक गांव के मध्य विद्यालय ककरिया में पढ़ाई की और फिर 9वीं से खरहना हाई स्कूल में दाखिला लिया। वह रोजाना 3 किलोमीटर साइकिल चलाकर स्कूल जाती थीं।

**टाइल्स फैक्ट्री में काम करते हैं पिताः** उनके पिता नित्यानंद यादव गुजरात के मोरबी में एक टाइल्स फैक्ट्री में काम करते हैं, जबकि मां निर्मला देवी गृहिणी हैं और गांव के स्कूल में शिक्षा समिति की सचिव भी हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद माता-पिता ने बेटी की पढ़ाई में कभी कमी नहीं आने दी।

## सड़क हादसे में पेंटर की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला ओवर ब्रिज पर मंगलवार को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पटना निवासी पेंटर को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। मृतक पटना जिला के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के फुलवारी शरीफ नौसा निवासी मो. लुकमान का 28 वर्षीय बेटा मो. सद्दाम उर्फ छोटू है। वह पेशे से पेंटर था और घर की रंगाई-पुताई का काम करता था।

**पुलिस ने पहुंचाया अस्पतालः** इधर, मृतक के मामा साबिर आलम ने बताया कि वह एक दिन पहले टाउन थाना क्षेत्र के नजीरगंज मोहल्ला अपने बहन चंदा के घर घूमने आया था। जब वह बाइक से बिहारी मिल की तरफ जा रहा था। इसी दौरान जवाहर टोला ओवर ब्रिज पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची नवादा थाना पुलिस ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जिसके पश्चात नवादा थाना पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई और दो बहन में छठे स्थान पर था। उसके परिवार में मां साजदा खातून, पत्नी फरजाना खातून, 2 बेटी और एक बेटा है।

## वेतन बकाया को ले 4जी कर्मियों ने की हड़ताल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। बिहार राज्य खाद्य निगम के भोजपुर जिला मुख्यालय में कार्यरत 4जी कर्मियों ने वेतन भुगतान नहीं होने के विरोध में मंगलवार को एकदिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर शांतिपूर्ण धरना दिया।कर्मियों ने बताया कि वे कंट्रोल रूम एवं पीडीएस गोदामों में नियमित रूप से अपनी सेवा दे रहे हैं, लेकिन पिछले 6 महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इससे पहले भी कई बार वेतन लंबित रहने की समस्या सामने आ चुकी है, जिससे कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। धरना दे रहे कर्मियों का कहना है कि बार-बार पत्राचार और अनुरोध के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में मजबूर होकर उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही वेतन भुगतान नहीं किया गया, तो आगे और भी व्यापक आंदोलन किया जाएगा। धरने में शामिल प्रमुख कर्मियों में संदीप कुमार, अश्वनी कुमार सिंह, सोनू कुमार सिंह, रवि कान्त पाठक, समीर कुमार सिंह, अमित कुमार, रियाज अहमद, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार, नीतीश कुमार, आयुष कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, राहुल कुमार सहित अन्य 4जी कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मियों ने जिला प्रबंधन से जल्द वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए स्थायी समाधान किया जाए। 6 माह से वेतन बकाया और पुराने लंबित भुगतान ने 4जी कर्मियों को सड़क पर ला दिया। वर्षों से सेवा के बावजूद अनदेखी बढ़ी नाराजगी दर्शाती है, जो आगे बड़े आंदोलन का संकेत दे रही है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जगजीवन कॉलेज में आयोजित 7 दिवसीय शिविर का हुआ समापन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा**। राष्ट्रीय सेवा योजना जगजीवन कॉलेज इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय आवासीय शिविर के समापन सत्र का आयोजन माता इंद्राणी देवी सभागार में प्राचार्य प्रो डॉ आभा सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा की समन्वयक डॉ साधना रावत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। ततपश्चात सभी अतिथियों का स्वागत एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर जुली कुमारी द्वारा अंग वस्त्र एवं पौधा देकर किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो जुली कुमारी ने सात दिन तक चलने वाले इस आवासीय शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। कहा कि दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा चंदवा गांव में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति जागरूकता रैली के साथ किया गया।

**सेवा एक ऐसी चीज है जिसे हम सिर्फ देते हैं प्राप्त करने की अभिलाषा नहीं रखते : प्राचार्याः** प्राचार्या प्रो डॉ आभा सिंह ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को "स्व" से "पर" की ओर उन्मुख होने का के लिए प्रेरित किया। कहा कि सेवा एक ऐसी चीज है जिसे हम सिर्फ देते हैं प्राप्त करने की अभिलाषा नहीं रखते हैं।

## बेटी की हत्या करने वाला पिता जहानाबाद से गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में 6 महीने की बच्ची की हत्या कर दी गई थी। हत्या उसके पिता ने ही की थी। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार था। पुलिस ने उसे जहानाबाद के घोसी थाना क्षेत्र स्थित घर से पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक राज ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी की पहचान जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर निवासी दीपांकर कुमार पासवान के रूप में हुई है। भोजपुर में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र में वारदात हुई थी।

**मंदिर परिसर में बच्ची को पटक दिया थाः** 18 मार्च की शाम कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के छोटकी इटहना गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में उसने अपनी ही छह माह की बेटी आराध्या कुमारी को जमीन पर पटक दिया था। गंभीर चोट लगने से मासूम की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद बच्ची की मां सुनती कुमारी ने जहानाबाद जिले के घोसी थाना में अपने पति के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद संबंधित केस को कृष्णागढ़ थाना को ट्रांसफर किया गया, जहां प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय स्रोतों के आधार पर छापेमारी करते हुए आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## विधि महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास की सुविधा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल की शुरुआत करते हुए जननायक कर्पूरी ठाकुर विधि महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास एवं आधुनिक सुविधाओं का भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने तकनीकी शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए इसे विद्यार्थियों के भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने फीता काटकर इन सुविधाओं का शुभारंभ किया। मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और तकनीकी संसाधनों के बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास जैसी पहल से विद्यार्थियों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा का लाभ मिलेगा, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखते हुए महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत शिक्षा व्यवस्था ही समाज को आगे बढ़ाने का आधार है और ऐसे संस्थानों को सशक्त करना समय की मांग है। महाविद्यालय के अध्यक्ष गणपत मंडल एवं सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने अपने अभिभाषण में संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय लगातार आधुनिक सुविधाओं को अपनाकर विद्यार्थियों को बेहतर माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया। इस दौरान सहायक व्याख्याता माला दास, मनोज ठाकुर, अखिलेश मंडल, राजेश कुमार सिंह, पुष्पा सिंह, मंगल सिंह, अलका सिंह, निर्मल कुमार मिश्रा उर्फ संजय मिश्रा, भृगुनाथ सिंह, कुमार जैनेन्द्र, कुमार देवेन्द्र, हरिशंकर प्रसाद सहित महाविद्यालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य कृष्ण अली अलवर्ट ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि छात्राओं द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगान के साथ समारोह का गरिमामयी समापन हुआ।

## जलसंकटः 216 चापाकलों में 186 अनुपयोगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। धीरे-धीरे गर्मी अपना रंग दिखाना शुरू कर दी है। गर्मी बढ़ने के साथ सबसे अधिक समस्या पेयजल को लेकर होती है। नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल को लेकर आलम यह है कि सरकारी कुल 216 चापाकलों में से 186 अनुपयोगी यानी खराब है। इस मामले में खास यह है कि नगर परिषद भोज के समय कोहड़ा रोपने चली है। जबकि शहरवासी और राहगीर पेयजल की समस्या से परेशान होने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद के माध्यम से कराए गए सर्वे के मुताबिक 42 वार्ड में कुल 216 चापाकल लगाया गया है। जिसमें 186 चापाकल खराब हो गया है। इससे लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ज्यादातर चापाकलों के खराब होने से इस बढ़ी गर्मी में पानी की जरूरते बढ़ने लगी है। जिससे लोगों को परेशानी पेयजल के लिए होने लगी है। वजह है कि 70 प्रतिशत पेयजल को लेकर लगा चापाकल खराब ही है। स्थानीय रमेश कुमार, नंद किशोर चौधरी, संतोष कुमार, रंजन आदि ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही चापाकलों को दुरूस्त करना लेना चाहिए था। ऐसा होता तो लोगों को जल संकट से नहीं जूझना पड़ता। जो चापानल बनने की स्थिति में नहीं है उसके जगह वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। बीस दिनों के भीतर दुरुस्त होंगे चापानल खराब चापाकलों को जल्द ही दुरूस्त करने के लिए चार टीमों को लगाया गया है। जिससे कम समय में नगर के लोगों को आवश्यक शुद्ध पेयजल उपलब्द्ध करायी जा सके। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी कुमार ऋत्विक ने बताया कि नगर के खराब चापाकलों को चिन्हित कर लिया गया है। जिसे दुरूस्त करने के लिए चार टीमों को लगाया गया है। वहीं हर वार्ड में आवश्यक जगहों पर तत्काल नलजल की पाइप व नल लगाया गया है। जिससे जरूरतमंद लोगों को आवश्यक पेयजल प्रापत हो सके। उन्होंने बताया कि 20 दिनों के भीतर खराब चापाकलों को दुरूस्त करा दिया जाएगा।

## अक्षय तृतीया से पहले ज्वेलरी बाजार में चमक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर को लेकर शहर के ज्वेलरी बाजार में रौनक बढ़ गई है। ग्राहकों की बढ़ती दिलचस्पी के बीच प्री-बुकिंग ऑफर ने खरीदारी को और आकर्षक बना दिया है, जिससे लोग पहले ही अपनी पसंदीदा ज्वेलरी सुरक्षित करने में जुट गए हैं। ज्योति प्रकाश चौक स्थित तनिष्क में अक्षय तृतीया को लेकर ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। स्टोर में चल रहे प्री-बुकिंग ऑफर का लाभ उठाने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और अपनी पसंद की ज्वेलरी की एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। स्टोर मैनेजर आदित्य पांडेय ने बताया कि इस विशेष ऑफर के तहत ग्राहकों को केवल प्रोडक्ट वैल्यू का 25% भुगतान करना होता है, जिससे उनका गोल्ड रेट लॉक हो जाता है। ऐसे में यदि भविष्य में सोने की कीमत घटती है तो ग्राहकों को कम रेट का लाभ मिलेगा, जबकि कीमत बढ़ने पर बुकिंग के समय का ही रेट लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक प्रति ग्राम सोने पर 201 रूपये का आकर्षक डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके साथ ही मेकिंग चार्ज पर भी 20% तक की छूट दी जा रही है, हालांकि इसमें कंपनी की टर्म और कंडीशन लागू है। ग्राहकों के लिए एक्सचेंज ऑफर भी काफी फायदेमंद साबित हो रहा है, जिसके तहत वे अपने पुराने सोने के आभूषणों को बदलकर बेहतर मूल्य पर नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं। वहीं डायमंड ज्वेलरी पर 15% से 30% तक का लाभ भी दिया जा रहा है, जिससे यह ऑफर और अधिक आकर्षक बन गया है। अक्षय तृतीया के अवसर पर यह विशेष योजना न सिर्फ खरीदारी बल्कि निवेश के लिहाज से भी ग्राहकों के लिए बेहतरीन अवसर बनकर उभर रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी में देर रात लूट की वारदात, दंपति से मारपीट कर सोने के आभूषण लेकर फरार हुए अपराधी

**मसौढ़ी**। थाना क्षेत्र के भारत गैस गोदाम के पास स्थित यादव नगर मुहल्ले में मंगलवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर एक दंपति को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान अपराधियों ने पति-पत्नी के साथ मारपीट कर उनके सोने के आभूषण लूट लिए और मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यादव नगर निवासी राजकिशोर प्रसाद अपनी पत्नी शांति देवी के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान देर रात कुछ अज्ञात अपराधी उनके घर में घुस आए। अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर दोनों को अपने कब्जे में ले लिया और उनके साथ मारपीट की। इसके बाद अपराधियों ने राजकिशोर प्रसाद के गले से सोने की चेन छीन ली, वहीं उनकी पत्नी शांति देवी से पांच जितिया और एक कनबाली भी लूट ली। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने इसकी सूचना मसौढ़ी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में छानबीन कर रही है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद भय का माहौल है। लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### वैशाली में युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या, मरने से पहले वीडियो बनाकर पत्नी को भेजा

**हाजीपुर**। वैशाली में रात युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उसने वीडियो बनाकर पत्नी को भेजा। घटना पातेपुर थाना क्षेत्र के खेसराही गांव की है। मृतक की पहचान स्वर्गीय राम शीरताज सिंह के बेटे महाकांत सिंह के रूप में हुई है। मृतक के चचेरे भाई मुकेश कुमार ने बताया कि महाकांत ने 11 साल पहले हाजीपुर के सांची पट्टी में प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से उनकी पत्नी रिशु देवी कथित तौर पर उन पर घर की पूरी जमीन बेचकर हाजीपुर में रहने का दबाव बना रही थीं। महाकांत इस बात से सहमत नहीं थे, वो हर बार इनकार कर देते थे। उन्हें अपने परिवार को छोड़कर नहीं जाना था। इस विवाद के कारण महाकांत की पत्नी बार-बार अपने मायके चली जाती थीं और पिछले तीन साल से वह वहीं रह रही थीं। मंगलवार रात करीब 9 बजे महाकांत सिंह ने अपने मोबाइल पर एक वीडियो बनाते हुए जहर खा लिया। उन्होंने यह वीडियो अपनी पत्नी को मोबाइल पर भेजा था। हालांकि, महाकांत की पत्नी ने इस घटना की जानकारी अपने ससुराल वालों को नहीं दी। ग्रामीणों में से कुछ लोगों को वह वीडियो मिला, जिसके बाद उन्होंने महाकांत के परिवार को सूचित किया। परिवार के सदस्य जब महाकांत के कमरे में पहुंचे, तो उन्हें वह मृत अवस्था में मिले। पत्नी को घटना की जानकारी होने के बावजूद वह तुरंत ससुराल नहीं पहुंचीं और बुधवार सुबह करीब 8 बजे वहां आईं। इसके बाद पातेपुर थाने की पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। महाकांत सिंह अपने तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### साली से शादी की जिद पर टावर पर चढ़ा युवक, वैशाली में 4 घंटों तक चला ड्रामा, कूदने की दी धमकी

**हाजीपुर**। वैशाली जिले में एक युवक अपनी साली से शादी की जिद पर एक बिजली टावर पर चढ़ गया। उसने टावर से कूदने की धमकी दी, जिसके बाद इलाके में 4 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला और भारी भीड़ जमा हो गई। यह घटना चांदपुरा थाना क्षेत्र के धर्मपुर रामराय पंचायत में हुई। युवक की पहचान जगा शर्मा के पुत्र के रूप में हुई है। वह एयरटेल के एक टावर पर चढ़ा था और लगातार अपनी साली से शादी कराने की मांग कर रहा था। इस दौरान राज कुमार ने कहा कि मेरा मांग है कि मुझे प्यार चाहिए वो मुझे प्यार करें। वो लड़की कोई और नहीं मेरी साली है। उसको रखने से मेरी पत्नी को कोई दिक्कत नहीं है। दो बच्चे मुझे भी है, दो बच्चे साली को भी है। "मैं चारों बच्चे को पालने के लिए तैयार हूं" मेरा ससुराल जंदाहा शाहपुर गांव में है। 2015 में मेरी पहली शादी हुई थी। उसके दो तीन साल बाद साली से प्यार हो गया। हमदोनों ने शादी भी कर ली थी, फिर भी उसकी शादी कही और कराई गई। उसने मुझे प्यार का फर्ज निभाने का वचन दिया था। लेकिन बाद में वो मुकर गई। मुझे साली चाहिए मुझें कुछ भी नहीं चाहिए। उसने कहा कि मेरी पत्नी भी कहती है मुझे बहन चाहिए। जब मेरी साली आ जाएगी तब नीचे उतर जाएंगे। मेरी पत्नी बार-बार बेहोश हो रही है, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मुझे साली चाहिए। सूचना मिलने पर देसरी और चांदपुरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों ने युवक को नीचे उतारने के लिए घंटों तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। युवक को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने युवक को सुरक्षित टावर से नीचे उतारा। इस घटना के कारण क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया था, जिसे पुलिस ने शांत किया।

### शराब शराब तस्कर अरेस्ट, बिहार एसटीएफ ने रेलवे स्टेशन से दबोचा, 16 मामले है दर्ज, 10 हजार कैश जब्त

**मुजफ्फरपुर**। बिहार पुलिस की विशेष कार्य बल (STF) ने मुजफ्फरपुर के कुख्यात शराब माफिया राजा साह उर्फ राजा गुप्ता को गिरफ्तार किया है। हथौड़ी थाने का वांछित बदमाश मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन परिसर से पकड़ा गया। STF को गुप्त सूचना मिली थी कि लंबे समय से फरार चल रहा राजा साह रेलवे स्टेशन के पास मौजूद है। इसी सूचना के आधार पर 07/08 अप्रैल 2026 की दरम्यानी रात STF की टीम ने जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार किया। राजा साह हथौड़ी थाना क्षेत्र के बेरई का निवासी है और उसके पिता का नाम राम बिनोद साह है। राजा साह के खिलाफ मुजफ्फरपुर के अलग-अलग थानों में 16 से अधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले शराब तस्करी के अलावा आर्म्स एक्ट के तहत भी हैं। वह हथौड़ी थाना कांड संख्या 219/25 में बिहार मद निषेध और उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत फरार था। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने राजा साह के पास से 10,695 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, तीन अतिरिक्त सिम कार्ड, दो क्रेडिट कार्ड, एक घड़ी और चांदी जैसी धातु की दो अंगूठियां बरामद की हैं। STF ने राजा साह को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित थाने को सौंप दिया है। पुलिस उसके नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों और बरामद सिम कार्डों के उपयोग की जांच कर रही है। इस गिरफ्तारी को मुजफ्फरपुर में शराब माफियाओं के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### मुजफ्फरपुर में आभूषण कारोबारी से छिनतई, जेवर से भरा झोला छीनकर भागे बाइक सवार बदमाश

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में मंगलवार की देर रात आभूषण कारोबारी से छिनतई हुई। घटना मीनापुर थाना क्षेत्र के पानापुर ओपी के ओवरब्रिज के नीचे हुई। बाइक सवार बदमाश आभूषण कारोबारी से सोने-चांदी के जेवर छीनकर भाग गए। जेवर में 260 ग्राम सोना और 2 किलो चांदी के आभूषण शामिल थे। बाजार मूल्य के हिसाब से इसकी कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है। घटना को अंजाम देकर बदमाश एनएच के रास्ते मोतीपुर की दिशा में भाग गए। महज 5 मिनट के अंदर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही पानापुर ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ पूर्वी वन अलय वत्स भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए। पीड़ित कारोबारी कांटी थाना क्षेत्र के वीरपुर निवासी सुरेंद्र प्रसाद है। उनकी पानापुर बड़ा बाजार में आभूषण की दुकान है। कारोबारी के अनुसार, मंगलवार को वे दुकान बंद कर अकेले बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पानापुर ओवरब्रिज के नीचे 2 बाइक पर सवार 4 बदमाश आए और उन्हें घेरकर झोले में रखे सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। झोला बाइक की टंकी पर रखा हुआ था। पीड़ित कारोबारी ने बदमाशों का काफी दूर तक पीछा भी किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। वापस लौटकर उन्होंने ओपी पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बदमाशों की पहचान के लिए चौक और आसपास की कई दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। एसडीपीओ पूर्वी वन अलय वत्स ने बताया कि बाइक की टंकी पर रखे आभूषण से भरे झोले को लेकर बदमाश फरार हो गए। घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की गई है। कारोबारी से पूछताछ कर पूरी जानकारी ली गई है और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पटना में ईएसआईसी का "सुविधा समागम" बीमितों की समस्याओं का त्वरित समाधान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के क्षेत्रीय कार्यालय, पंचदीप भवन में बुधवार को "सुविधा समागम" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक सी. निरंजन कुमार ने की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बीमित व्यक्तियों को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा करना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।




इस अवसर पर आयोजित बैठक में चिकित्सा लाभ, बीमारी लाभ, मातृत्व लाभ, दिव्यांगता लाभ, आश्रित लाभ, अंत्येष्टि व्यय तथा प्रसूति व्यय सहित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेते हुए लाभुकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान छह बीमित व्यक्तियों एवं उनके परिजनों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं। इनमें खासतौर पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति (मेडिकल रिइम्बर्समेंट) से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, जिससे लाभुकों को तत्काल राहत मिल सकी।

इस समागम की खास बात यह रही कि इसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न शाखा कार्यालयों एवं औषधालय-सह-शाखा कार्यालयों से भी जोड़ा गया। इसके जरिए दूरदराज के क्षेत्रों में मौजूद बीमित व्यक्तियों की समस्याओं को भी सीधे सुना गया और उनका समाधान सुनिश्चित किया गया।

अधिकारियों ने बीमितों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि आपातकालीन स्थिति में यदि निजी अस्पतालों में इलाज कराया जाता है, तो चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान सीजीएचएस (CGHS) की निर्धारित दरों के अनुसार सीमित होता है। इसलिए गैर-आपातकालीन स्थितियों में पहले ईएसआईसी के अस्पतालों में ही उपचार कराने की सलाह दी गई।

उन्होंने विशेष रूप से ईएसआईसी मॉडल अस्पताल एवं ईएसआईसी अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय में प्राथमिक उपचार लेने पर जोर दिया। यदि वहां आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो, तभी निजी अस्पतालों का विकल्प अपनाने की बात कही गई।

कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक प्रतिनिधि डॉ. सुजीत कुमार चौधरी, डॉ. सुजाता कुमारी, डॉ. तनुजा कुमारी (एसएमओ) तथा सहायक निदेशक (हितलाभ) सह सदस्य सचिव अशोक कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में सदस्य सचिव ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

यह "सुविधा समागम" बीमित व्यक्तियों और उनके परिजनों के लिए काफी उपयोगी साबित हुआ, जहां उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने और त्वरित निराकरण पाने का अवसर मिला।

# मसौढ़ी में मेधावी छात्रों का सम्मान, प्रखंड प्रमुख ने बढ़ाया हौसला



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। प्रखंड क्षेत्र स्थित शहीद रामानंद सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, लखना परिसर में इंटर, मैट्रिक एवं वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख गुड़िया कुमारी ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि इन छात्रों ने अपने मेहनत और लगन से न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे प्रखंड और पंचायत का नाम रोशन किया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मैट्रिक में बसंत कुमार, इंटर में सलोनी कुमारी, वर्ग नवम से अंजलि कुमारी तथा कक्षा 11वीं से निशांत कुमार सहित कुल 66 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रखंड प्रमुख ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाना है, ताकि वे आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने अन्य छात्रों से भी प्रेरणा लेने और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य अरुण कुमार ने कहा कि विद्यालय हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन और नियमित पढ़ाई के महत्व के बारे में बताया। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष शैलेश पटेल, सिंटू कुमार, गंगा कुमार, पंकज प्रकाश, पवन चौहान सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# मसौढ़ी में पंजाब नेशनल बैंक शाखा में कर्मियों की कमी से बढ़ी परेशानी, घंटों इंतजार को मजबूर ग्राहक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। नगर मुख्यालय के मेन रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की मसौढ़ी शाखा में इन दिनों कर्मचारियों की भारी कमी के कारण ग्राहकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में बढ़ती भीड़ और सीमित कर्मियों के चलते दैनिक बैंकिंग कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, इस शाखा में करीब डेढ़ लाख ग्राहक जुड़े हुए हैं, जबकि पूरे बैंक का संचालन मात्र छह कर्मचारियों के सहारे किया जा रहा है। कर्मचारियों की कमी और बैंकों के विलय के बाद व्यवस्था और अधिक प्रभावित हुई है, जिससे किसान ऋण (केसीसी), ग्राहक पहचान प्रक्रिया (केवाईसी) सहित अन्य जरूरी कार्यों में काफी देरी हो रही है।

सबसे अधिक परेशानी उन खाताधारकों को हो रही है जिनकी ग्राहक पहचान प्रक्रिया लंबित है। केवाईसी अपडेट नहीं होने के कारण सैकड़ों ग्राहकों के खाते से पैसे की निकासी नहीं हो पा रही है। इसके अलावा पासबुक भी अद्यतन नहीं की जा रही है, जिससे खासकर अशिक्षित और बुजुर्ग उपभोक्ताओं को यह पता नहीं चल पा रहा है कि उनके खाते में कितनी राशि शेष है।

ग्राहकों का कहना है कि पहले बैंक में पर्याप्त संख्या में कर्मचारी मौजूद रहते थे, जिससे काम आसानी से हो जाता था। लेकिन अब हालात ऐसे हो गए हैं कि छोटी-छोटी प्रक्रियाओं के लिए भी घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है।

इस संबंध में बैंक के उपभोक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र नाथ शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की कमी के कारण आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में अब बैंकिंग सेवाएं काफी धीमी हो गई हैं और ग्राहकों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने बैंक प्रबंधन से मांग की है कि जल्द से जल्द शाखा में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए, ताकि ग्राहकों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके और बैंकिंग सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

# बख्तियारपुर बुनियाद केंद्र में 'सक्षम' शिविर के तहत निःशुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण, सैकड़ों लोगों को मिला लाभ





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 'सक्षम' कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियाद केंद्र, बाढ़-बख्तियारपुर में एक माह तक चलने वाले विशेष नेत्र जांच एवं निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर का सफल संचालन किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत 23 मार्च 2026 को हुई थी, जिसका उद्देश्य हर आयु वर्ग के लोगों तक बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

अब तक इस शिविर के तहत कुल 750 लाभुकों की आंखों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से लगभग 600 लोगों को चश्मा लगाने की सलाह (प्रिस्क्राइब) दी गई। इसी क्रम में बुधवार, 8 अप्रैल को 100 लाभुकों के बीच निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बख्तियारपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) उज्वल कांत कुमार, बुनियाद केंद्र के केंद्र प्रबंधक अरविंद कुमार, सुप्रिया कुमारी, राकेश कुमार, श्याम प्रकाश केसरी एवं सुजीत कुमार दास द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने लोगों को इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और शुभकामनाएं भी दीं।

बुनियाद केंद्र, बख्तियारपुर (बाढ़, पटना) में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों लाभुकों ने चश्मा प्राप्त कर सरकार के इस प्रयास के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंदों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहे हैं।

केंद्र प्रबंधक अरविंद कुमार ने बताया कि यह विशेष शिविर 30 अप्रैल 2026 तक लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सभी आयु वर्ग के लोगों से अपील की कि वे बुनियाद केंद्र पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराएं और आवश्यकता अनुसार निःशुल्क चश्मा प्राप्त करें।

कार्यक्रम के दौरान सुप्रिया कुमारी, राकेश कुमार, गुंजन कुमार, तन्नू शर्मा, खुशबू कुमारी, अंजू कुमारी, श्याम प्रकाश केसरी, सुजीत कुमार, संतोष कुमार, संजीव कुमार, विकास मित्र एवं स्थानीय वार्ड सदस्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नीट परीक्षा से पहले गोल एजुकेशन विलेज में प्रेरणादायी सेमिनार, विशेषज्ञों ने दी सफलता की रणनीति

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। गोल एजुकेशन विलेज परिसर में मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए नीट परीक्षा को लेकर एक प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक सेमिनार का आयोजन किया गया। परीक्षा में अब 25 दिनों से भी कम समय शेष रहने के मद्देनज़र इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतिम चरण की तैयारी के लिए सटीक दिशा, प्रभावी रणनीति और आत्मविश्वास प्रदान करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह, सहायक निदेशक रंजय सिंह तथा आरएंडडी हेड आनंद वत्स उपस्थित रहे। बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय स्मार्ट वर्क और सही रणनीति का है। सीमित समय में बेहतर परिणाम के लिए एकाग्रता और लक्षित तैयारी बेहद जरूरी है। उन्होंने परीक्षा पैटर्न का विश्लेषण करते हुए एनसीईआरटी पुस्तकों पर मजबूत पकड़, नियमित मॉक टेस्ट, समय प्रबंधन, प्रश्न हल करने की गति बढ़ाने और कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य और संतुलित दिनचर्या बनाए रखने पर भी जोर दिया।

सहायक निदेशक रंजय सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अंतिम दिनों में घबराने के बजाय शांत रहकर योजनाबद्ध तैयारी करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास को जरूरी बताया। आरएंडडी हेड आनंद वत्स ने वैज्ञानिक और विश्लेषणात्मक अध्ययन पद्धति पर जोर देते हुए कॉन्सेप्ट क्लैरिटी, नियमित रिवीजन और त्रुटि विश्लेषण को सफलता का आधार बताया। उन्होंने स्मार्ट रिवीजन तकनीक और टेस्ट एनालिसिस के महत्व को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम में संस्थान के पूर्व सफल छात्रों—नफीसा, बुशरा, आर्यन और राहुल—ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने अंतिम दिनों की तैयारी और परीक्षा दिवस की रणनीति पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला।

सेमिनार के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशेषज्ञों ने स्पष्ट रूप से कहा कि अंतिम महीने में नए टॉपिक शुरू करने के बजाय रिवीजन पर फोकस करना चाहिए। प्रतिदिन फुल सिलेबस मॉक टेस्ट देकर उसका विश्लेषण करना और कमजोर टॉपिक्स को मजबूत बनाना सफलता के लिए आवश्यक है, खासकर बायोलॉजी में एनसीईआरटी की गहन समझ बेहद महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर यह सेमिनार विद्यार्थियों के लिए न केवल मार्गदर्शक साबित हुआ, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा से भी भर गया।

## दरभंगा में गैस एजेंसी पर बड़ी कार्रवाई

# अनियमितताओं पर लाइसेंस रद्द करने की तैयारी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**दरभंगा**। एलपीजी की किल्लत और कालाबाजारी की शिकायतों के बीच दरभंगा प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। जिलाधिकारी कौशल कुमार के निर्देश पर अल्लपट्टी स्थित गोदावरी गैस एजेंसी पर औचक छापेमारी की गई, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एजेंसी का लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी दी गई है।

छापेमारी के दौरान पाया गया कि एजेंसी द्वारा अनुज्ञप्ति में दर्ज गोदाम के अलावा एक अन्य कक्ष का अवैध रूप से उपयोग गैस सिलेंडरों के भंडारण के लिए किया जा रहा था। वहां बड़ी संख्या में खाली सिलेंडर रखे मिले, जिनके बारे में एजेंसी संचालक स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि भारी लंबित बुकिंग (बैकलॉग) के बावजूद संदिग्ध तरीके से सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही थी। 4 अप्रैल को उपभोक्ताओं की संख्या की तुलना में अधिक सिलेंडरों की आपूर्ति दर्शाई गई, जिससे कालाबाजारी की आशंका और मजबूत हो गई है।

निरीक्षण के दौरान गोदाम परिसर में गैस सिलेंडर के स्टॉक और मूल्य से संबंधित अनिवार्य सूचनाओं का प्रदर्शन नहीं पाया गया। यह द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के नियमों का सीधा उल्लंघन है। इसके अलावा, उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में भी एजेंसी की लापरवाही सामने आई। बड़ी संख्या में लंबित बुकिंग के बावजूद समय पर होम डिलीवरी नहीं की जा रही थी, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हालात ऐसे बन गए थे कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका भी जताई जा रही है।

एक उपभोक्ता ने शिकायत की कि उसे सिलेंडर डिलीवरी का संदेश मिला, लेकिन वास्तविक आपूर्ति नहीं की गई। इस तरह की घटनाओं ने वितरण प्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने गोदावरी गैस एजेंसी के संचालक को 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो एजेंसी का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा और संबंधित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। प्रशासन ने दो टूक कहा है कि उपभोक्ताओं के हितों के साथ किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बिहार पर्यटन को डिजिटल बढ़ावा, ऑनलाइन होटल बुकिंग पोर्टल का शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग ने राज्य के पर्यटन क्षेत्र को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए नई ऑनलाइन होटल बुकिंग वेबसाइट का शुभारंभ किया। इस पहल से अब पर्यटकों को बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ठहरने की व्यवस्था पहले से कहीं अधिक आसान और पारदर्शी हो जाएगी।

नई वेबसाइट को अत्याधुनिक ऑनलाइन बुकिंग सॉफ्टवेयर और प्रबंधन सूचना प्रणाली से लैस किया गया है। इसके माध्यम से पर्यटक अब घर बैठे ही बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के अधीन संचालित होटलों की बुकिंग कर सकेंगे। इससे बुकिंग प्रक्रिया सरल, तेज और पारदर्शी बनेगी, साथ ही पर्यटकों को अनावश्यक परेशानियों से भी राहत मिलेगी।



इस पोर्टल के जरिए निगम के कुल 38 होटलों की जानकारी और बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसमें लाइसेंस के आधार पर संचालित परिसंपत्तियां और निगम द्वारा सीधे संचालित होटल दोनों शामिल हैं। इससे पर्यटकों को अपनी जरूरत, बजट और स्थान के अनुसार उपयुक्त विकल्प चुनने में आसानी होगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली को आईसीआईसीआई बैंक के सहयोग से बिना किसी सेवा शुल्क के विकसित किया गया है। यह विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इससे एक ओर लागत में बचत हुई है, वहीं दूसरी ओर तकनीकी रूप से मजबूत व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों के अनुसार, यह नया पोर्टल बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की आधिकारिक वेबसाइट से भी जुड़ा रहेगा।

इससे पर्यटकों को एक ही मंच पर सभी जरूरी जानकारियां, होटल विकल्प और बुकिंग सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। पर्यटन विभाग का मानना है कि इस डिजिटल पहल से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा और बिहार की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

# रांची में दुर्गा पूजा पर दिखेगी बृहदेश्वर मंदिर की भव्य झलक, प्राकृतिक सामग्री से बनेगा पंडाल

**एजेंसी। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची के बकरी बाजार स्थित भारतीय युवक संघ इस वर्ष दुर्गा पूजा को भव्य और खास बनाने की तैयारी में जुट गया है। संघ ने इस बार पूजा पंडाल को दक्षिण भारत के प्रसिद्ध बृहदेश्वर मंदिर की तर्ज पर बनाने का निर्णय लिया है, जिससे श्रद्धालुओं को एक अनूठा धार्मिक और सांस्कृतिक अनुभव मिलेगा। संघ के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस बार पंडाल में तमिलनाडु के तंजावुर जिले में स्थित इस ऐतिहासिक शिव मंदिर की भव्य प्रतिकृति तैयार की जाएगी। खास बात यह है कि पंडाल का निर्माण पूरी तरह प्राकृतिक सामग्रियों से किया जाएगा, जिससे इसकी कलात्मकता और पर्यावरणीय संतुलन दोनों का ध्यान रखा जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि पंडाल के मुख्य द्वार पर भगवान शिव के वाहन नंदी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगी। पंडाल के डिजाइन का कार्य पश्चिम बंगाल में शुरू हो चुका है, जबकि जुलाई के पहले सप्ताह में भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। दरअसल, इस वर्ष शारदीय नवरात्र 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। भारतीय युवक संघ वर्ष 1958 से लगातार सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए हर साल आकर्षक और थीम आधारित पंडाल निर्माण के लिए प्रसिद्ध रहा है। उल्लेखनीय है कि बृहदेश्वर मंदिर, जिसे 'पेरुवुदैयार कोविल' भी कहा जाता है, कावेरी नदी के दक्षिण तट पर स्थित एक विश्वप्रसिद्ध मंदिर है। इसका निर्माण चोल सम्राट राजा, राजा चोल प्रथम ने 1003 से 1010 ईस्वी के बीच कराया था। यह मंदिर द्रविड़ स्थापत्य शैली का



उत्कृष्ट उदाहरण है और पूरी तरह ग्रेनाइट पत्थरों से निर्मित है। करीब 66 मीटर ऊंचे शिखर और शीर्ष पर स्थित 80 टन वजनी कुंभम के साथ यह मंदिर अपनी भव्यता के लिए जाना जाता है। प्रवेश द्वार पर विशाल नंदी प्रतिमा और गर्भगृह में स्थापित 12 फीट ऊंचा शिवलिंग इसकी विशेषता को और बढ़ाते हैं। यह यूनेस्को की "ग्रेट लिविंग चोला टेम्पल्स" विश्व धरोहर सूची में शामिल है। इस बार पंडाल का डिजाइन बंगाल के प्रसिद्ध कलाकार अशोक दा (पार्वती डेकोरेटर्स) द्वारा तैयार किया जा रहा है, जबकि मूर्ति निर्माण का कार्य शिल्पकार अनुप दा करेंगे। संघ के प्रवक्ता अमित बजाज ने बताया कि आयोजन को भव्य और यादगार बनाने के लिए सभी सदस्य पूरी तैयारी में जुटे हुए हैं। बैठक में राहुल अग्रवाल, रवि रोहतिग, सत्येंद्र जालान, विनोद छापड़िया, संजय चौधरी, अमर पोद्दार, किशन मोदी, राजा भालोटिया, मनीष साहू, राकेश गोयल, सुनील पोद्दार, किशोरी पोद्दार, कमल खेतावत, विनोद टिबरेवाल, अमित बजाज, सचिन मोतीका, अरविंद चौधरी, पवन लोहिया, सिद्धांत तोदी, सौरव अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, चंदन चौधरी समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

# एमजीएम अस्पताल पाइपलाइन कार्यस्थल पर हंगामा, पुलिस के हस्तक्षेप से काम शुरू

**एजेंसी।पूर्वी सिंहभूम**





जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र स्थित शंकोसाई रोड नंबर-1 में एमजीएम अस्पताल के लिए बिछाई जा रही पानी की पाइपलाइन को लेकर मंगलवार देर रात हंगामा हो गया। पाइपलाइन बिछाने के दौरान कई घरों के घरेलू जल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे इलाके में पिछले चार दिनों से पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संवेदक और संबंधित अधिकारी क्षतिग्रस्त पाइपों की मरम्मत किए बिना ही जबरन काम जारी रखे हुए थे। विरोध करने पर लोगों को दबाव में लेने की कोशिश भी की गई। इससे नाराज होकर लोगों ने भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही विकास सिंह मंगलवार देर रात मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने काम कर रहे संवेदक और अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल पाइपलाइन का कार्य रुकवाया और पहले क्षतिग्रस्त घरेलू पाइपों की मरम्मत सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिना मरम्मत किए काम जारी रखा गया तो संबंधित संवेदक और अधिकारियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए देर रात प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। इसके बाद काम को अस्थायी रूप से रोक दिया गया। बुधवार सुबह जिला प्रशासन की पहल पर मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। नगर निगम के अभियंता इंजीनियर जलालुद्दीन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और टूटे हुए पाइपों की मरम्मत का काम शुरू हुआ। साथ ही स्थानीय लोगों को राहत देने के लिए पानी का टैंकर भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद जितेंद्र साहू और रवि गोराई की देखरेख में मरम्मत और जलापूर्ति का कार्य संपन्न कराया जा रहा है। विकास सिंह ने कहा कि "जल ही जीवन है, और लोगों को संकट में डालकर कोई भी कार्य नहीं होने दिया जाएगा। पहले सभी क्षतिग्रस्त पाइपों की मरम्मत होनी चाहिए, उसके बाद ही नई पाइपलाइन का कार्य शुरू किया जाए। घटना के बाद इलाके में स्थिति सामान्य हो गई है, लेकिन स्थानीय लोगों में अभी भी प्रशासन और संवेदक के प्रति नाराजगी देखी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची में युवक ने फंदे से लटककर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित मौलाना आजाद कॉलोनी में एक युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शेख परवेज के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, परिजनों ने युवक को घर में फंदे से लटका हुआ पाया। इसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कॉलोनीवासियों ने बताया कि युवक अक्सर नशे की हालत में रहता था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि नशे में होने के कारण उसने यह कदम उठाया। हालांकि, आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही नामकुम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी राम नारायण ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में मंगलवार रात सड़क हादसे में 55 वर्षीय घनश्याम सिंह कुंटिया की मौत हो गई। यह घटना बूता गांव के टोला डांगौरपी के पास घटी, जहां एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के भतीजे सुखलाल सिंह कुंटिया ने बुधवार को बताया कि घनश्याम सिंह कुंटिया प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी चाईबासा बाजार से टमाटर बेचकर लौट रहे थे। वह अपनी साइकिल के साथ एक लड़की के साथ पैदल घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक मोटरसाइकिल, जिस पर दो पुरुष और एक महिला सवार थे, ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि घनश्याम सिंह कुंटिया गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत अपने टोटो से सदर अस्पताल चाईबासा ले जाया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि घनश्याम सिंह कुंटिया एक साधारण किसान थे और खेती-बाड़ी के साथ-साथ टमाटर बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पांच बच्चे हैं, जिनमें चार बेटियां और एक बेटा शामिल हैं।

### कचहरी परिसर की तीन दुकानों से हजारों की चोरी

**खूंटी।** खूंटी कचहरी परिसर स्थित तीन दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। दुकान का ताला तोड़कर चोर हजारों रूपये नगद लेकर फरार हो गए। खास बात यह है कि जहां चोरी हुई, उसके ठीक बगल में जिला का जेल स्थित है और सभी दुकानें जेल गेट से महज कुछ ही दूरी पर हैं। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात चोरों ने कचहरी परिसर स्थित तीन दुकानों के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और केवल नगदी पर हाथ साफ किया। दुकानों से किसी अन्य सामान की चोरी नहीं की गई है, जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि चोर सीधे पैसे को ही निशाना बनाकर आए थे। प्रभावित दुकानदार सुधीर सिंह ने बताया कि उन्होंने बड़ी मुश्किल से दुकानदारी कर लगभग ढाई हजार रुपये बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस खरीदने के जमा किए थे। लेकिन चोरों ने उनकी मेहनत की कमाई पर पानी फेर दिया। दूसरे दुकानदार प्रमोद तोपनो ने बताया कि सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे, तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला।

# झारखंड में अप्रैल में जनवरी जैसा मौसम, 09 को 14 जिलों के लिए येलो अलर्ट



**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में अप्रैल माह में जनवरी जैसा मौसम देखने को मिल रहा है। बुधवार को रांची सहित आसपास के कई जिलों में 50 से 60 किलोमीटर की गति से तेज हवा के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। इससे तापमान में ०5 से ०6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और वातावरण काफी ठंडा हो गया। मौसम विभाग ने ०9 अप्रैल को राज्य के 14 जिलों में गर्जन के साथ वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की है। साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना जताई है। विभाग की ओर से इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान गोंडा में 37.2 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 13.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राज्य के जिन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है उनमें रांची, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज, देवघर और दुमका शामिल है। उल्लेखनीय है कि राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 15 दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इससे कभी बारिश तो कभी धूप की स्थिति बन रही है। मौसम में बदलाव से राज्य में अधिकतम तापमान में सामान्य से तीन से पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34.8 डिग्री और न्यूनतम 20.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 20.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.5 डिग्री और न्यूनतम 19.6 डिग्री, चाईबासा में अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस एवं खूंटी में अधिकतम तापमान 31 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 17.9 रिकार्ड किया गया।

# रांची टेंडर कमीशन घोटाला: दो आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण, अदालत ने दी सशर्त ज़मानत

**एजेंसी। रांची**

झारखंड के चर्चित टेंडर कमीशन घोटाले में बड़ी कानूनी प्रगति सामने आई है। इस मामले के चार्जशीटेड आरोपित राजीव लोचन और अनिल कुमार ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने दोनों को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। साथ ही यह शर्त रखी गई है कि दोनों आरोपित हर सुनवाई की तारीख पर अदालत में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। दरअसल, इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 14 आरोपितों के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपितों को समन जारी किया था। अब तक इस प्रकरण में पांच आरोपित अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि टेंडर कमीशन घोटाले की जांच ईडी ने वर्ष 2023 में शुरू की थी, जब कई अभियंताओं के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। इसके बाद 6 मई 2024 को दूसरी बड़ी कार्रवाई में अभियंताओं और ठेकेदारों के विभिन्न ठिकानों पर फिर से छापे मारे गए। जांच के दौरान चौंकाने वाली नकदी बरामदगी भी हुई थी। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल के नौकर के ठिकाने से 32 करोड़ रुपये से अधिक नकद बरामद किए गए थे। इसके अलावा ठेकेदार मुन्ना सिंह के यहां से 2.93 करोड़ रुपये और कॉन्ट्रैक्टर राजीव सिंह के ठिकाने से 2.14 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। इतनी बड़ी रकम की बरामदगी के बाद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम भी जांच एजेंसी के रडार पर आ गए थे। फिलहाल मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# JPSC सहायक वन संरक्षक परीक्षा; प्रश्नपत्र में कई गलतियां

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग की सहायक वन संरक्षक मुख्य परीक्षा इन दिनों गंभीर त्रुटियों को लेकर चर्चा में है। चार अप्रैल से शुरू हुई यह परीक्षा 12 अप्रैल तक चलनी है, लेकिन सोमवार को आयोजित सामान्य अध्ययन के दूसरे पेपर ने आयोग की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। अभ्यर्थियों के अनुसार प्रश्न पत्र में दर्जनों अशुद्धियां हैं, जिससे कई सवालों के अर्थ ही बदल गए। स्थिति इतनी खराब रही कि लगभग हर प्रश्न में तीन से चार तक गलतियां देखने को मिलीं, जिससे परीक्षार्थियों को उत्तर देने में भारी परेशानी हुई। लगभग हर प्रश्न में तीन से चार तक गलतियां देखने को मिलीं, जिससे परीक्षार्थियों को उत्तर देने में भारी परेशानी हुई। लगभग हर प्रश्न में तीन से चार तक गलतियां देखने को मिलीं, जिससे परीक्षार्थियों को उत्तर देने में भारी परेशानी हुई।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

(Two Envelope System)

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - 02/ 2026-27

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत कवल के ग्राम कवल में कवल जघवल पथ पर पुल निर्माण। | 8277700.00 | 1,65,600 | 10000 | 07 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **13.04.2026** (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **13.04.2026** ( **अपराह्न 5:00 PM से** दिनांक **22.04.2026** को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास **विशेष** प्रमण्डल, पलामू।
5. तकनीकि बिड खोलने की तिथि एवं समय – **24.04.2026** अपराह्न 3:00 PM बजे।
6. वित्तीय बिड खोलेन की तिथि – **पत्र द्वारा घोषित किया जायेगा।**
7. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास **विशेष** प्रमंडल, पलामू।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।

PR.NO.376968 Rural Development(26-27):D



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102
email:gm_mdnjseb@yahoo.in/ *Telephone:-06562-235076 & Fax:06562-235078*

**Short e-Tender Notice**

**NIT No.- 07/PR/JBVNL/2026-27**

Online tender are invited from reputed experienced and financial sound Transporter (Company / Partnership firm/ proprietor agency authorized firm For Providing vehicle for Transportation of DTR from Site to TRW (Medininagar/Ga rhwa/Latehar) &vice-versa and from site to Central Store, Daltonganj/Garhwa & vice -versa (along with loading & unloading) and other incidental work under Electric Supply Area, Medininagar under O &M Head for 02 (Two) years.

| Description of works | Cost of BOQ (including GST) (in Rs.) | EMD (in Rs.) |
|---|---|---|
| (i) For Providing vehicle for Transportation of DTR ( 25 KVA, 63 KVA 100 KVA, 200 KVA 500 KVA from Site to TRW( Medininagar/Latehar/Garhwa) &vice-versa and from site to (along with loading & unloading of DTR ) / Central Store, Daltonganj/Garhwa and vice - versa and other incidental work under Electric Supply Area, Medininagar for 02 (Two) years. | Rs. 11,800/- Non Refundable | Rs. 1,00,000/- |

The tender will be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | :- | From:- 13.04.2026 to 27.04.2026 up to 14.00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | 27-04-2026 up to 14.00 Hrs. |
| 3 | Last date and time of receipt of bid documents (Online) | :- | 27-04-2026 **up to 14:00 Hrs.** |
| 4 | Date and time of opening of tender (Techno-Commercial Cover) i.e Cover-I | :- | **29.04.2026. At 15.00Hrs..** |

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://**jharkhandtenders.gov.in**
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager-cum-Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Medininagar**

PR 377002 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - 03/ 2025-26 (4th Call)

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 02 | पलामू जिला के प्रखंड नौडीहा बाजार के पंचायत करकटा के ग्राम पाल्हे में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 2 | 03 | पलामू जिला के प्रखंड नौडीहा बाजर के पंचायत करकटा के ग्राम गोरहो में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **10.04.2026** (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **10.04.2026** ( **अपराह्न 5:00 PM से** दिनांक **21.04.2026** को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **23.04.2026** अपराह्न 4:00 PM बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

PR 376973 (Rural Development) 26-27 (D)



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT, COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.Ph No.: +91-651-2225878**
**CIN: U45200JH2013SGC001752,**
**e-mail Id-juidcolimited@gmail.com**

**NIT No.: JUIDCO/NIT/BS/Manjhiaon - 694 Date- 08/04/2026**

**e-Procurement (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | CONSTRUCTION OF MANJHIAON BUS STAND, GARHWA, JHARKHAND |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 12,97,04,284/- (Rupees Twelve Crore Ninety-Seven Lakhs Four Thousand Two Hundred Eighty-Four) Only |
| 4 | Time of Completion | 18 Months |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee: Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only. **Non-Refundable.** Bid Security: Rs 12,97,500/- (Twelve Lakhs Ninety-Seven Thousand Five Hundred) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 09.04.2026 at 15:00 Hrs. |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 29.04.2026 at 17:00 Hrs. |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 30.04.2026 at 17:00 Hrs. |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd, Ranchi**

**PR 377005 Urban Development(26-27).D**



## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।

**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

अतिअल्पकालीन कोटेशन / दर आमंत्रण

सूचना संख्या– **NPB-05/2026-27**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत संचालित आयुश्मान आरोग्य मंदिर से संबंधित सामाग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से प्रति अद्द दर (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रित किया जाता है। दर निविदा दिनांक– 16.04.2026 को समय 2:00 बजे अपराहन् नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, सभी सामानों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा उसी दिन अपराहन् समय 4:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के निविदा निस्तार समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| Sr. No. | Equipment | Rate Including All Taxes | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Door Curtain | Pc | |
| 2 | Door Mat | Pc | |
| 3 | Window Curtain | Pc | |
| 4 | Cleanup Mop | Pc | |
| 5 | Cleaning Brom | Pc | |
| 6 | Harpic Toilet Cleaner | Pc | |
| 7 | Phenyl Tiles Cleaner | Pc | |
| 8 | Pencil Battery | Pc | |
| 9 | Glucometer Battery | Pc | |
| 10 | Surf Excel (1 Kg) | Pc | |
| 11 | Hand Wash | Pc | |
| 12 | Room Freshener | Pc | |
| 13 | Mosquito Hit | Pc | |
| 14 | Electric Cattle | Pc | |
| 15 | Paper A4 Size (70 GSM) | Packet | |
| 16 | Stepler Pin | Packet | |
| 17 | Register (300 Page) | Pc | |
| 18 | Small Size Dustbin | Pc | |
| 19 | Cloth Washing Brush | Pc | |
| 20 | Toilet Cleaner Brush | Pc | |
| 21 | Bed Sheet | Pc | |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/ Bishrampur.aspx पर देखा जा सकता है:–

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् बिश्रामपुर।

PR 376965 District(26-27)D

## संक्षिप्त समाचार

### ओलावृष्टि और बेमौसमी बारिश से हिमाचल के किसानों को करोड़ों का नुकसान

**शिमला, एजेंसी।** आंधी, ओलावृष्टि और बेमौसमी वर्षा से हिमाचल में 1,226.75 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें प्रभावित हुई हैं। इसके कारण लगभग 1.49 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कृषि विभाग द्वारा करवाए आकलन में यह सामने आया है। कृषि विभाग ने रिपोर्ट को



सरकार को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार चार जिलों मंडी, ऊना, शिमला और सिरमौर में सबसे अधिक प्रभाव गेहूं, जौ, दलहनों और सब्जियों पर पड़ा है। गेहूं की फसल सर्वाधिक प्रभावित हुई है। प्रदेश में गेहूं की करीब 981 हेक्टेयर फसल खराब हुई है, जिससे लगभग 62.85 लाख रुपये का नुकसान हुआ। इसके अलावा दलहनों (चना, मसूर आदि) में भी 166 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। कृषि विभाग ने नुकसान की रिपोर्ट में प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सिफारिश की है। आने वाले दिनों में यदि ऐसी स्थिति रहती है तो 50 प्रतिशत तक उत्पादन पर असर पड़ेगा। 74.75 हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जियां भी प्रभावित हुई हैं, इससे 26.92 लाख रुपये का नुकसान हुआ। इसका सीधा असर किसानों की आय और रबी की फसलों के उत्पादन पर होगा। जिला स्तर पर मंडी सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां 66.99 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इससे किसानों व बागवानों की चिंता बढ़ गई है।

### गाजियाबाद की हवा रही खराब

### मार्च में गुरुग्राम देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा

**गाजियाबाद, एजेंसी।** ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2026 के मार्च माह में गुरुग्राम देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक गुरुग्राम में पीएम-2.5 का मासिक औसत स्तर 116 दर्ज किया गया है। गुरुग्राम के अलावा शीर्ष 10 शहरों में चार शहर हरियाणा के और उत्तर प्रदेश के दो शहर



गाजियाबाद व नोएडा शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के 11 माह तक गाजियाबाद सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही स्विस कंपनी आइक्यू एयर ने भी प्रदूषण को लेकर अपनी रिपोर्ट जारी की थी। इसमें गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र को पूरे विश्व में सबसे प्रदूषित क्षेत्र घोषित किया गया था। सीआरईए की रिपोर्ट के मुताबिक शीर्ष 10 शहरों में हरियाणा के चार शहर गुरुग्राम, बहादुरगढ़, फरीदाबाद और भिवाड़ी हैं। उत्तर प्रदेश के दो शहर गाजियाबाद व नोएडा हैं। वायु गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने वाले शहरों की संख्या भी हरियाणा में सबसे अधिक है। सीआरईए ने हरियाणा के 24 शहरों की निगरानी की। इनमें नौ शहर में पीएम-2.5 स्तर मानकों से अधिक पाया गया। उत्तर प्रदेश में 21 शहरों में से आठ शहरों में भी पीएम-2.5 मानकों से अधिक मिला। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के विश्लेषण से पता चला है कि देश में कुछ ही शहर पीएम-10 के स्तर कम करने का लक्ष्य हासिल कर पाए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के नौ शहर ऐसे हैं।

# वाराणसी-मेरठ में ऐक्शन के बीच बरेली में गरजा बुलडोजर

## दो दशक पुराने 35 से ज्यादा घर-दुकान ध्वस्त

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी में दालमंडी और मेरठ में सेंट्रल मार्केट में अभियान के बीच अब बरेली शहर के कोहाड़ापीर इलाके में बुलडोजर गरजा है। भारी विरोध के बीच नगर निगम की टीम ने मंगलवार को 35 से ज्यादा घर-दुकानों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी की दुकान आंशिक रूप से तोड़ी गई तो कई की दीवारें और लिंटर तक गिरा दिया गया। नगर निगम की टीम ने भारी फोर्स के साथ तीन बुलडोजरों की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। सबसे पहले कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के सामने उन दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया, जिन पर लगे लाल निशान लोगों ने मिटा दिए थे।

सालों की मेहनत टूटते देख व्यापारियों के छलके आंसू

सुबह 11 बजे ही निगम की टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंच गई। सालों की मेहनत से बनाई गई दुकानें अपनी आंखों के सामने टूटते देख कई व्यापारियों के आंसू छलक आए। उनका कहना था कि जीवन भर की कमाई उजड़ गई और अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। दुकानदार मुजम्मिल, शरीफ, नदीम ने कहा कि वह 25 से 30 साल से दुकान चला रहे हैं, लेकिन निगम को अतिक्रमण दिखाई नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अगर यह निगम की जमीन थी तो पहले याद क्यों नहीं आई। बताया जा रहा है कि ध्वस्तीकरण के लिए 55 से 60 दुकानों और भवनों को पहले ही चिह्नित किया गया था। यह कार्रवाई



सीएम ग्रीन के तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए की गई। कार्रवाई के दौरान कोहाड़ापीर से धर्मकांटा तक सड़क बंद कर दी गई। इस दौरान एक दो धार्मिक स्थल के गेट, दीवार और छज्जे को नुकसान पहुंचते ही लोग भड़क गए। जनप्रतिनिधियों से लेकर तमाम व्यापारियों ने विरोध जताया, लेकिन पुलिस ने उन्हें शांत करा दिया। लोगों का आरोप है कि उन्हें बेघर किया जा रहा है और सरकार उनकी आजीविका छीन रही है। बरेली कॉलेज की रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. पूर्णिमा अनिल की भी 8 दुकानों पर बुलडोजर चल रहा है। उनका कहना है कि जब बरेली में नगर पालिका थी तब नक्शा पास था, लेकिन कोई सुन नहीं रहा। नगर निगम 1920 का नक्शा दिखाकर दुकानों को तोड़ रहा है। व्यापारियों ने अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों तक से गुहार लगाई कि अगर दुकानें तोड़ दी गई तो सभूखे मरने की नौबत आ जाएगी, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। अतिक्रमण हटाने के दौरान उस वक्त विवाद खड़ा हो गया, जब आसपास की दुकानों को पूरी तरह ध्वस्त करने के बाद वहां स्थित तीन मंजिला महिमा फर्नीचर बिल्डिंग का केवल कुछ हिस्सा तोड़ा गया और बाकी छोड़ दिया गया। इस पर दुकानदार भड़क गए। गुस्साए व्यापारियों ने एक्सईएन का घेराव कर दिया और कार्रवाई को भेदभावपूर्ण बताते हुए हंगामा किया। हंगामे के चलते करीब आधे घंटे तक बुलडोजर कार्रवाई रुकी रही। बताते हैं कि इस दौरान किसी बड़े जनप्रतिनिधि का फोन आने के बाद निगम की टीम वहां से लौट गई, जिससे मामला और गरमा गया।

कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान पेड़ों और कचरे के बीच दबी खड़ी एक बेहद पुरानी कार नजर आई। कार की हालत बेहद जर्जर है, लेकिन उसकी बनावट और डिजाइन ने लोगों का ध्यान खींच लिया। कई लोगों ने इसे विंटेज कार बताते हुए तस्वीरें भी खींचीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार कई सालों से यहीं खड़ी थी, लेकिन झाड़ियों और कचरे के कारण दिखाई नहीं देती थी।

# अब बार-बार ट्रैफिक तोड़ा तो महंगा पड़ेगा, योगी कैबिनेट ने नए अध्यादेश को दी मंजूरी

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की सड़कों पर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ योगी सरकार ने सख्त रुख अख्तियार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 'उप्र दंड विधि (अपराधों का शमन और निवारणों का उपशमन) (संशोधन) अध्यादेश-2026' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई अब समय बीतने के साथ खुद-ब-खुद खत्म नहीं होगी।

दशकों पुरानी व्यवस्था में बड़ा बदलाव

गृह विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में अब तक 1979 की एक पुरानी व्यवस्था लागू थी। इस व्यवस्था के तहत मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन के मामलों में यदि कोई व्यक्ति जुर्माना नहीं भरता था, तो एक निश्चित समयावधि बीतने के बाद लोक अदालत के माध्यम से वे मामले स्वतः समाप्त (एबेट) हो जाते थे। बहुत से चालक इसी ढील का फायदा उठाते थे और जानबूझकर चालान नहीं भरते थे। योगी कैबिनेट ने अब अधिनियम की धारा-9 में संशोधन



कर इस रियायत को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

राज्य सरकार ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक रिट याचिका पर 20 नवंबर 2025 को जारी आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया है। नए अध्यादेश के तहत अब गंभीर श्रेणी के अपराध 'एबेट' नहीं होंगे। राज्यपाल की औपचारिक मंजूरी मिलते ही यह अध्यादेश पूरे प्रदेश में लागू हो जाएगा।

संशोधित कानून के अनुसार, निम्नलिखित तीन स्थितियों में लंबित चालान या मुकदमे कभी बंद नहीं होंगेः यदि कोई वाहन चालक बार-बार एक ही तरह का या अलग-अलग ट्रैफिक नियम तोड़ता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध पिछली सभी कार्रवाइयां लंबित रहेंगी। अनिवार्य कारावास वाले मामलेः ऐसे गंभीर उल्लंघन जिनमें कानूनन जेल की सजा का प्रावधान अनिवार्य है, उन्हें समय सीमा के आधार पर खत्म नहीं किया जा सकेगा। वे मामले जिनमें मौके पर जुर्माना भरकर या समझौता कर मामला रफा-दफा नहीं किया जा सकता, वे अदालती प्रक्रिया के अधीन रहेंगे। सरकार का मानना है कि इस कड़े कानून से उन वाहन चालकों में डर पैदा होगा जो नियमों को हल्के में लेते हैं। अब चालान पेंडिंग होने पर वाहन की फिटनेस, एनओसी और अन्य विभागीय कार्यों में भी बाधा आएगी।

### अजित पवार के विमान हादसे को लेकर भ्रामक वीडियो बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के जालना जिले के एक युवक को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो बनाने और वायरल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस वीडियो में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की छवि धूमिल की गई है और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार से जुड़े विमान दुर्घटना के संबंध में भ्रामक जानकारी फैलाई गई है। पश्चिमी क्षेत्रीय पुलिस विभाग की साइबर सेल ने आरोपी की पहचान उद्धव भगवान काप्से के रूप में की है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कानूनी कार्रवाई के लिए मुंबई लाया गया। बांद्रा की एक स्थानीय अदालत ने आरोपी को 10 अप्रैल



तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। मुंबई पुलिस के अनुसार, काप्से द्वारा अपलोड किए गए आपत्तिजनक वीडियो को सोशल मीडिया पर हटाए जाने से पहले लगभग 1.5 लाख बार देखा गया था। जांच में पता चला कि वीडियो में मुख्यमंत्री को निशाना बनाते हुए भ्रामक और आपत्तिजनक कंटेंट था। साथ ही, विमान दुर्घटना से संबंधित तथ्यों को भी गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया था। वायरल वीडियो का गंभीर संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने साइबर सेल को केस दर्ज करने का निर्देश दिया था। पुलिस ने सोशल मीडिया से वीडियो को हटवाकर एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ फर्जी, आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने और सार्वजनिक हस्तियों को बदनाम करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। जांच के दौरान, तकनीकी विश्लेषण से वीडियो के स्रोत का पता जालना जिले से चला। इस सूचना पर पुलिस की एक टीम ने बुट्टेगांव गांव से काप्से को हिरासत में लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि काप्से बुट्टेगांव का निवासी है और उसने कक्षा 10 तक पढ़ाई की है। वह अपने माता-पिता के साथ रहता है। पूछताछ के दौरान उसने कथित तौर पर उपलब्ध फुटेज को संकलित करके एआई टूल्स का उपयोग करके वीडियो बनाने और साझा करने की बात स्वीकार की है।

### एटीएम में फंसे 1.84 लाख रुपये लेकर दो कस्टोडियन भागे, सीसीटीवी फुटेज देख लीगल मैनेजर ने दर्ज कराई शिकायत

*__नोएडा, एजेंसी।__ सेक्टर-63 थानाक्षेत्र के एक एटीएम में ग्राहक के फंसे एक लाख 84 हजार रुपये की नकदी को कैश मैनेजमेंट एजेंसी के दो कस्टोडियन लेकर भाग गए। पूरी घटना बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। एजेंसी की लीगल मैनेजर ने पुलिस को दोनों कस्टोडियन के खिलाफ नामजद मुकदमा कराया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर दोनों आरोपितों की तलाश तेज कर दी है। नोएडा सेक्टर 2ए में हिताची कैश मैनेजमेंट सर्विसेस कंपनी का कार्यालय है। कंपनी द्वारा विभिन्न बैंकों के एटीएम में समय-समय पर लाखों रुपए की नकदी ग्राहकों की आर्थिक सेवा के लिए डाला जाता है। 15 जनवरी 2026 को सेक्टर 63 के जी ब्लाक में प्राइवेट बैंक में एटीएम पर खाताधारक एक लाख 84 हजार 500 रुपये रिसाइक्लर मशीन से जमा पहुंचा था, जैसे ही उसने इंडेंट के लिए कैश मशीन डाला, तभी अचानक से तकनीकी दिक्कत के चलते नकदी मशीन में फंस गई। कंपनी की लीगल मैनेजर महक गुप्ता ने पुलिस को शिकायत में बताया कि जिस दिन ग्राहक के मशीन में पैसे फंसे थे। उसी दिन उनकी कंपनी के दो कस्टोडियन, जिनमें अजीत सिंह निवासी राजेपुर बिल्हौर जिला कानपुर और कन्नौज के सिकरावा निवासी नीरज त्रिपाठी एटीएम में बड़ा कैश जमा करने गए थे। इस बीच अजीत ने मशीन में ग्राहक के रुपये फंसे देखे थे तो उसने निकालकर अपने पास रख लिए।*

# उद्धव सेना की नेता प्रियंका चतुर्वेदी भी ईरान मसले पर सरकार के साथ, बोलीं- विदेश मंत्री सही

**मुंबई, एजेंसी।** उद्धव सेना की राज्यसभा सांसद रहीं प्रियंका चतुर्वेदी ने ईरान के मसले पर सरकार के स्टैंड की तारीफ की है। विपक्ष के कई नेता ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रही जंग में पाकिस्तान के मध्यस्थता करने के चलते भारत सरकार पर निशाना साध रहे हैं। उनका कहना है कि पाकिस्तान ने मध्यस्थता करके अपने कद को बढ़ाने की कोशिश की है, जबकि भारत ने चुप्पी साधे रखी। अब इस मसले पर उद्धव ठाकरे की करीबी नेता का एक्स पर पोस्ट आया है। उन्होंने ईरान में चल रही जंग को लेकर भारत के दूरी बरतने की सराहना की है। उन्होंने आखिर भारत को अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली वार्ता की मेज पर क्यों होना चाहिए?

प्रियंका चतुर्वेदी ने लिखा, 'आखिर अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली वार्ता की मेज पर भारत को क्यों होना चाहिए? इस मामले में आलोचना ना करें। ऐसा इसलिए क्योंकि यह हमारी जंग नहीं है। अब पाकिस्तान की बात करें तो वह ऐसे ही बिचौलिये की भूमिका रहा है। वह इसके लिए फीस भी वसूलता रहा है। वह यही कहेगा कि हम मसला हल करा दिया और अब हमें फीस दी जाए। इसलिए हमारे विदेश मंत्री ने सर्वदलीय मीटिंग में पाकिस्तान को



लेकर जो कहा था, वह एकदम सही था। उसकी इससे अच्छी व्याख्या नहीं की जा सकती।' दरअसल पाकिस्तान के बारे में विदेश मंत्री ने कहा था कि वह एक दलाल देश है। हम इस तरह की चीजें नहीं करते।

इसके अलावा एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि ईरान ने अपना पक्ष रखा है। अमेरिका ने अपना चेहरा बचाने की कोशिश की है। इजरायल को अपनी हकीकत पता चल गई है। पाकिस्तान को एक थैंक्यू नोट मिल गया है। भारत को अपना तेल मिल गया है। कुल मिलाकर इस मामले में अब अस्थायी शांति दुनिया को मिल गई है। इस मसले पर ध्यान देने के लिए आप सभी का धन्यवाद। यही नहीं उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप की उस धमकी पर भी टिप्पणी की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि हम ईरान की सभ्यता को ही खत्म कर देंगे। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, 'किसी देश की सत्ता और उसमें बैठे लोग ही उसकी सभ्यता नहीं होते। पूरे मुल्क की सामूहिक शक्ति और उनके लड़ने एवं संघर्ष करने की क्षमता मिलकर एक सभ्यता का निर्माण करते हैं। अंत में वही बचते हैं। इसलिए कोई यह यकीन नहीं कर सकता कि किसी सुपरपावर के भरोसे कोई सभ्यता बनी रहेगी या नहीं बचेगी।' प्रियंका चतुर्वेदी की ओर से विदेश मंत्री की तारीफ करना अहम है। ऐसा इसलिए क्योंकि कई विपक्षी सांसद इस मामले में सरकार से सवाल दाग चुके हैं। इसके अलावा प्रियंका खुद कई मामलों में सरकार से इतर राय रखती रही हैं।

### फरीदाबाद में दोस्तों के साथ सिरोही झील में नहाने गया दिल्ली का युवक डूबा, अस्पताल में तोड़ा दम

**फरीदाबाद, एजेंसी।** सिरोही में बनी कृत्रिम झील में नहाने गए दिल्ली निवासी एक युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को झील से निकालकर बादशाह खान नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। स्वजन को सूचना दे दी गई है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के बसंत गांव निवासी अभिषेक उम्र 21 साल मंगलवार शाम करीब साढ़े तीन बजे चार दोस्तों के साथ बाइकों पर सवार होकर झील पर नहाने आया था। सभी युवक झील में नहा रहे थे। इसी दौरान अभिषेक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने के लिए शोर मचाया, लेकिन तब तक वह पानी में लापता हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से झील में तलाश शुरू कराई। काफी प्रयास के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने अभिषेक को बादशाह खान नागरिक अस्पताल भिजवाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। बताया गया है कि मृतक प्राइवेट नौकरी करता था। पुलिस ने स्वजन को सूचना देकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नोएडा में लिव-इन रिलेशनशिप का बढ़ता खतरा, हर माह सामने आ रहे 20 से 30 आपराधिक मामले; युवतियां बन रहीं शिकार

**नोएडा, एजेंसी।** पढ़ाई और नौकरी के बेहतर अवसरों के चलते बड़ी संख्या में युवा, खासकर युवतियां, नोएडा आ रही हैं। मगर नए शहर की



आजादी और अकेलेपन के बीच बन रहे रिश्ते अब चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। वन स्टॉप सेंटर के अनुसार, शहर में हर महीने 20 से 30 लिव-इन रिलेशनशिप के मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें अधिकतर बाहर से आए युवाओं के हैं। काउंसलिंग टीम का कहना है कि घर से दूर रहने, भावनात्मक सहारे की तलाश और सोशल मीडिया के जरिए बनी नजदीकियां युवाओं को जल्दी फैसले लेने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन जब ये रिश्ते जिम्मेदारियों और हकीकत से टकराते हैं, तो हालात बिगड़ने लगते हैं और कई युवतियां मानसिक तनाव व असुरक्षा का सामना करती हैं।

21 वर्षीय युवती बड़े सपनों के साथ नोएडा कोचिंग के लिए आई थी। शुरुआत में सब सामान्य था, लेकिन पीजी में रहने के दौरान उसकी मुलाकात एक युवक से हुई। दोनों के बीच दोस्ती गहरी हुई और उसने उस पर भरोसा कर उसके साथ रहने का फैसला कर लिया। कुछ समय बाद जब खर्चों और जिम्मेदारियों को लेकर विवाद शुरू हुए, तो रिश्ता धीरे-धीरे टूटने लगा। युवक का व्यवहार बदल गया और युवती खुद को अकेला महसूस करने लगी। मानसिक तनाव के बीच वह वन स्टाप सेंटर पहुंची, जहां काउंसलिंग के बाद उसने हिम्मत जुटाई और खुद को उस स्थिति से बाहर निकालकर पढ़ाई पर दोबारा ध्यान देना शुरू किया।

22 वर्षीय युवती की दोस्ती एक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हुई। युवक ने खुद को जिम्मेदार और सहारा देने वाला बताया। भरोसे में आकर युवती उसके साथ रहने लगी, लेकिन कुछ ही महीनों में सच्चाई सामने आने लगी। व्यवहार में बदलाव, झगड़े और असुरक्षा ने उसे तोड़ दिया। मामला बढ़ने पर वह वन स्टॉप सेंटर पहुंची, जहां टीम ने हस्तक्षेप कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला और परिवार से जोड़ने की कोशिश की।

17 वर्षीय लड़की घर में छोटी सी बात पर नाराज होकर निकल गई। बिना सोचे-समझे वह एक युवक के संपर्क में आ गई और नोएडा पहुंच गई। हालात बिगड़ते देख मामला सेंटर तक पहुंचा। काउंसलिंग के दौरान लड़की भावुक हो गई और अपनी गलती स्वीकार की। समय रहते उसे सुरक्षित परिवार के पास भेज दिया गया, जिससे एक बड़ा खतरा टल गया। 28 वर्षीय शादीशुदा महिला, जो दो बच्चों की मां थी, वैवाहिक तनाव से परेशान होकर एक परिचित के साथ लिव-इन में रहने लगी। शुरुआत में उसे यह फैसला सही लगा, लेकिन धीरे-धीरे बच्चों की याद और समाज का दबाव उस पर हावी होने लगा। काउंसलिंग के दौरान वह कई बार भावुक हुई और अंततः उसने अपने बच्चों के भविष्य को प्राथमिकता देते हुए परिवार में लौटने का निर्णय लिया।

# पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का घोषणा पत्र: महिलाओं को हर माह 2000, किसानों को सालाना 15 हजार

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कोलकाता में घोषणा पत्र जारी कर करते हुए पार्टी को लोगों के सामने तीसरे विकल्प के रूप में पेश किया है। खरगे ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा, 'हमारा घोषणा पत्र 'जनता के लिए राहत' और 'बंगाल के विकास' को ध्यान में रखकर बनाया गया है।' उन्होंने कहा कि हम बहुत दिनों के बाद बंगाल में सभी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए, यहाँ के लोगों को एक नया विकल्प देने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस ने इस घोषणा पत्र के जरिए महिलाओं को अपने पाले में करने की पुरजोर कोशिश की है। इसलिए महिलाओं के लिए कई वादे किए गए हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहा गया है कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो बंगाल में महिलाओं को हर माह 2000 रुपये की सहायता दी जाएगी और मुफ्त परिवहन सेवा दी जाएगी। घोषणा पत्र में लड़कियों को स्नातकोत्तर स्तर तक मुफ्त शिक्षा देने का भी वादा किया गया है। भूमिहीन किसानों को 15000 रुपये



सालाना देने और 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली का वादा किया गया है। इसके अलावा हर परिवार के लिए 10 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा का वादा किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार और हर जिले में ढ्ढ सेंटर बनाने की भी बात कही गई है। कांग्रेस के घोषणापत्र में एक साल के अंदर सभी खाली सरकारी पदों पर राज्य के युवाओं की भर्ती के लिए 'युवा सम्मान' योजना शुरू करने का वादा किया गया है। कांग्रेस के घोषणापत्र में पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में एआई, कौशल विकास केंद्रों का वादा किया गया है।

इससे पहले 20 मार्च को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किया था, जिसका शीर्षक '10 प्रतिज्ञा' (10 वादे) है। उस घोषणा पत्र में बनर्जी ने 'दुआरे चिकित्सा' योजना शुरू करने की घोषणा की थी, जिसके तहत हर बूथ पर कैंप लगाकर घर-घर जाकर मेडिकल सुविधा देने का वादा किया गया है। इसके अलावा उन्होंने 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत सामाजिक कल्याण के उपायों को बी जारी रखने का वादा किया है। ममता ने 7-8 नए ज़िले और ब्लॉक, साथ ही नई नगरपालिकाएँ बनाने की योजनाओं पर ज़ोर दिया है।




## संपादकीय

## अस्पतालों में बढ़ती लापरवाही से मरीजों की जान से खिलवाड़

अस्पतालों में नियम-कायदों को ताक पर रखकर मरीजों की जान जोखिम में डालने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। ऐसा ही मामला उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के फैजाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रसव कराए जाने के बाद महिला और उसके नवजात शिशु की मौत की घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जाता है कि डिलीवरी वक्त संबंधित डाक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं थीं और फोन पर ही कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दे रही थीं। सवाल है कि कोई भी चिकित्सक किसी मरीज या गर्भवती महिला की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ कैसे कर सकता है? क्या किसी चिकित्सक को प्रसव के दौरान होने वाली जटिलता और जोखिम का अंदाजा नहीं होता?यह अत्यंत गंभीर लापरवाही है कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक की वैकल्पिक व्यवस्था के बिना ही फोन पर दिशा-निर्देश लेकर एक महिला का प्रसव कराया गया। विचित्र यह भी है कि जब संबंधित अस्पताल में कोई विशेषज्ञ डाक्टर मौजूद नहीं था, तो गर्भवती महिला को नियमानुसार किसी दूसरे अस्पताल में क्यों नहीं भेजा गया?गौरतलब है कि अस्पतालों में इस तरह नियम-कायदों को ताक पर रखकर मरीजों की जान जोखिम में डालने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। कई बार तो मरीज की जान तक चली जाती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति ही की जाती है।इस मामले में भी शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित निजी अस्पताल को सील कर दिया है और मृतका के परिजनों को जांच का आश्वासन दिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच में लापरवाही साबित होने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।सरकारी स्तर पर दावा किया जाता है कि देश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में काफी प्रगति हुई है, लेकिन क्या फोन पर अप्रशिक्षित कर्मियों को दिशा-निर्देश देकर किसी महिला का प्रसव कराने के जोखिम को तरक्की कहा जा सकता है! असली प्रगति तो तभी होगी, जब आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ चिकित्सकों और उनके सहकर्मियों को अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदार, संवेदनशील और जवाबदेह बनाया जाएगा।

## खतरनाक मोड़ पर जंग, एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले से पूरी दुनिया चिंतित

अमेरिका-इस्राइल और ईरान जंग सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से इतर अब पूरी तरह मूलभूत सुविधाओं को तबाह करने की तरफ मुड़ गई है। बीते 24 घंटे में दोनों पक्षों ने पुल, रिफाइनरी और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले किए हैं। यह दुनिया के लिए बहुत बुरी खबर है।अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बीते दिनों दावा किया कि उनकी ईरान की नई रेजीम के साथ अच्छी बात चल रही है। फिर देश के नाम संबोधन में उन्होंने ईरान को पाषाण युग में भेजने की धमकी दी और अब शांति के प्रयासों से हटकर बात तबाही पर आ गई है। अमेरिका ने तेहरान के पास एक पुल पर बम गिराया, तो ईरान ने कुवैत और/श्व में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर निशाना साधा। धमकी दी है कि वह पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी असेट्स को बर्बाद कर देगा।लेकिन इसमें नुकसान पूरी दुनिया का है। होर्मुज स्ट्रेट पर ईरानी नाकाबंदी की वजह से पहले ही लगभग 20 प्रतिशत ग्लोबल ऑयल सप्लाई कम हो गई है। माना जा रहा है कि अगर जंग रुकती है, तो सप्लाई को फिर से सामान्य करने में कुछ महीने लग सकते हैं। लेकिन, अगर एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले हुए, तो उससे उबरने में कई साल लग जाएंगे।कुवैत, कतर और सऊदी अरब की ऑयल-गैस फैसिलिटीज और ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड को पहले ही इस युद्ध में काफी नुकसान पहुंचा है। कतर के ऊर्जा मंत्री शेरिडा अल-काबी ने तो पिछले महीने कहा था कि उनके देश की निर्यात क्षमता 17 प्रतिशत तक कम हो सकती है। अभी देशों के पास अपना स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी की अपील पर सदस्य देशों ने भी ऑयल रिजर्व रिलीज करने पर हामी भरी है।वहीं भारत ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम के दबाव से बचाने के लिए बीते दिनों एक्साइज ड्यूटी में कटौती की। लेकिन, अगर हमले जारी रहते हैं, तो सारे इमरजेंसी इंतजाम भी नाकाफी साबित होंगे। इस बीच, क्रूड ऑयल के 200 डॉलर प्रति बैरल तक जाने के अनुमान भी लगाए जा रहे हैं। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तेल से जुड़ी है और उस तेल से कई देशों की अर्थव्यवस्था जुड़ती है।

*2026 बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान आए, जहां उन्होंने बीजेपी, मोदी-शाह पर हमले किए और टीएमसी की योजनाओं (जैसे कन्याश्री, मनरेगा फंडिंग) की सराहना की। आपको पता होना चाहिए कि ममता बनर्जी का बंगाल मॉडल महिलाओं, युवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा अ ौर गरीबों के कल्याण पर केंद्रित है, जो टीएमसी सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं से जाना जाता है।*

## क्या पश्चिम बंगाल विस चुनावों में टीएमसी की जमीनी रणनीति से ममता बनर्जी पुनः मारेंगी बाजी?

**(कमलेश पांडे)**

राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि षड्यंत्रकारी यूजीसी बिल से सवर्णों का विश्वास भाजपा से डिगा है और ममता बनर्जी को ब्राह्मण होने का पहली बार लाभ पश्चिम बंगाल में मिलने वाला है। वहीं, उनके जुझारू तेवर के मद्देनजर पूरे देश के सवर्ण उनपर फिदा होने को तैयार बैठे हैं। भागलपुर मूल के दिल्लीवासी नेता और तृणमूल कांग्रेस के तेजतर्रार सांसद कीर्ति झा आजाद ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के संदर्भ में एक बड़ा संकेत दिया और शांडिल्य गोत्रीय ब्राह्मण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तारीफ करते हुए भविष्यवाणी की कि राज्य विधानसभा चुनाव में टीएमसी 250 सीटें जीतेगी और 2029 में ममता बनर्जी भारत की प्रधानमंत्री बनेंगी। यदि ऐसी राजनीतिक परिस्थिति बनती है तो पूर्वी भारत की सियासत के लिए यह शुभ घड़ी होगी। ऐसा इसलिए कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु पारस्परिक दांवपेंचों की वजह से देश का प्रधानमंत्री नहीं बन पाए थे। जहां सूझबूझ वाले दूरदर्शी नेता ज्योति बसु ने कांटे के ताज पीएम पद की पेशकश को विनम्रतापूर्वक ठुकरा दिया था, वहीं लालू प्रसाद के सपनों का शिकार उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री द्वय देवगौड़ा और गुजराल जैसे जनाधार विहीन नेताओं को आगे करके करवा दिया। यूँ तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी सियासी बिल्ली के भाग्य से पीएम पद रूपीं छींके टूटने का इंतजार करते रह गए, लेकिन नीयत और नीति में खोंट की वजह से गच्चा खाते रहे, जबकि उम्मीद अभी भी बाकी है! अब तो कई राजनेता मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखते रहने के आदी बन चुके हैं, जबकि किस्मत ने साथ दिया तो राजद नेता और पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और लोजपा रामविलास नेता व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान भी आगे इस रेस के घोड़े बन सकते हैं। सबके दिल्ली के साथ साथ कोलकाता, रांची, भुवनेश्वर से समझदारी भरे रिश्ते हैं। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि षड्यंत्रकारी यूजीसी बिल से सवर्णों का विश्वास भाजपा से डिगा है और ममता बनर्जी को ब्राह्मण होने का पहली बार लाभ पश्चिम बंगाल में मिलने वाला है। वहीं, उनके जुझारू तेवर के मद्देनजर पूरे देश के सवर्ण उनपर फिदा होने को तैयार बैठे हैं। यही वजह है कि बंगाल में 250 सीटों को पार करने का उनके समर्थकों का दावा बेबुनियाद नहीं है। कांग्रेस के पूरे जनाधार को आज बंगाल में वही सहेजे हुए हैं। शायद इसलिए ही कीर्ति आजाद का मानना है कि टीएमसी की सीटें लगातार बढ़ रही हैं– 2011, 2016, 2021 में वृद्धि हुई और लोकसभा 2024 में भी 6 अतिरिक्त सीटें मिलीं। कोई एंटी-इनकंबेंसी नहीं है, बंगाल में विकास, अस्मिता और अलग संस्कृति की लड़ाई है। उनके शब्दों में ममता को प्रधानमंत्री बनाने का कारण स्पष्ट है। आज उनके कद का कोई क्षेत्रीय नेता नहीं है। उन्होंने ममता को सबसे ताकतवर नेता बताया जो लगातार बीजेपी की खतरनाक राजनीतिक चालों से टक्कर ले रही हैं, और आने वाले समय में और मजबूत होंगी। राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि ममता से बेहतर कोई चेहरा नहीं, खासकर इंडिया गठबंधन में उनकी भूमिका मजबूत होगी। चूंकि ये बयान 2026 बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान आए, जहां उन्होंने बीजेपी, मोदी-शाह पर हमले किए और टीएमसी की योजनाओं (जैसे कन्याश्री, मनरेगा फंडिंग) की सराहना की। आपको पता होना चाहिए कि ममता बनर्जी का बंगाल मॉडल महिलाओं, युवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और गरीबों के कल्याण पर केंद्रित है, जो टीएमसी सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं से जाना जाता है। ये योजनाएं जीवन के विभिन्न चरणों को कवर करती हैं। जहां तक महिलाओं की योजनाएं की बात है तो लक्ष्मी भंडार योजना के तहत सामान्य महिलाओं को 1500 रुपये मासिक और एससी/एसटी महिलाओं को 1700 रुपये मिलते हैं। जबकि रूपश्री में विवाह के लिए 25,000 रुपये सहायता दी जाती है, जिससे 22 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ हुआ। कन्याश्री लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देती है। वहीं, यदि युवाओं और बेरोजगारों के लिए बात की जाए तो बांग्ला युवा साथी (युवा साथी) योजना में 21-40 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को 1500 रुपये मासिक भत्ता मिलता है। जबकि श्रमश्री प्रवासी मजदूरों को नई नौकरी तक 5000 रुपये सहायता देती है। वहीं, स्वास्थ्य और अन्य कल्याण कारी योजनाओं में स्वास्थ्य साथी स्वास्थ्य बीमा योजना चिकित्सा सुविधा प्रदान करती है। दुआरे चिकित्सा द्वार-द्वार स्वास्थ्य शिविर चलाती है। समावयती अंतिम संस्कार सहायता देती है, हर घर में पाइप पानी और पक्का घर सुनिश्चित करने वाली योजनाएं भी शामिल हैं। चूंकि ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल में जमीन से जुड़ी नेता माना जाता है क्योंकि उन्होंने सिंगूर और नंदीग्राम जैसे भूमि अधिग्रहण आंदोलनों के जरिए किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा की, जो उनकी छवि को मजबूत बनाता है। हालांकि, सवर्णों (जैसे ब्राह्मण) का उन्हें पूरा सपोर्ट मिलना एक अतिशयोक्ति है, क्योंकि उनकी राजनीति मुख्य रूप से मुस्लिम (लगभग 30 प्रतिशत) और दलित/ओबीसी वोटबैंक पर निर्भर है। लेकिन यूजीसी बिल विवाद से सवर्णों में उनकी पैठ लगातार बढ़ रही है।पूरे देश के सवर्ण कार्यकर्ता गोपनीय तौर पर बंगाल पहुंच रहे हैं और ममता की मदद करके सवर्ण विरोधियों को सही सबक सिखाना चाहते हैं, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की ओबीसी राजनीति हतोत्साहित हो सके। सबकुछ भीतर ही भीतर किया जा रहा है, ताकि ममता बनर्जी का पुराना वोट बैंक प्रभावित न हो। ममता बनर्जी जमीन से जुड़ाव रखने वाली नेता हैं। ममता बनर्जी ने 2006-07 के सिंगूर (टाटा नैनो प्रोजेक्ट) और नंदीग्राम आंदोलनों में किसानों की जमीन बचाने के लिए आंदोलन किया, जिससे वामपंथी सरकार गिरी। यह उनके आम आदमी की नेता वाली इमेज का आधार बना, जहां वे गरीबों, किसानों और दबे-कुचले वर्गों की आवाज बनीं। टीएमसी की कल्याणकारी योजनाएं जैसे लक्ष्मीर भांडार ने ग्रामीण और एससी/एसटी वोटरों को बांधा। वहीं, सवर्ण समर्थन की हकीकत यह है कि सवर्ण (ब्राह्मण, बंगाली बाबू) टीएमसी को सीमित समर्थन देते हैं, लेकिन पूरा नहीं–क्योंकि ममता पर मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप लगते हैं (जैसे वक्फ कानून, एसआईआर विरोध)। फिर भी उन्होंने ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित किए, पुजारियों को पेंशन/आवास दिए और खुद को ब्राह्मण की बेटी कहा ताकि सॉफ्ट हिंदुत्व दिखाएं और बीजेपी का हिंदू वोट काटें। जानकार बताते हैं कि यूजीसी बिल विवाद के बाद उन्होंने सवर्णों को रिझाने के लिए अपने खास लोगों को लगा दिया है। फिर भी, अपर मिडिल क्लास/सवर्णों में कुछ कुछ असंतोष है जो शासन की खराबी पर है, और इसलिए भी 2026 चुनावों में जातिगत ध्रुवीकरण बढ़ सकता है।

## नौकरी के लिए न्यूनतम अंक भी प्राप्त नहीं होना अध्ययन गुणवत्ता पर उठाते सवाल

**(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)**

आज मल्टी टास्क सर्विस जिसे परपंरागत शब्दों में कहा जाए तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद या शहरी निकायों में सफाई कर्मचारी के कुछ पदों के लिए ही हजारों लाखों युवा आवेदन करने लगे हैं और तस्वीर का एक पहलू यह है कि इन युवाओं में उच्च और तकनीकी शिक्षा यहां तक की इंजीनियर, डॉक्टर, एमबीए तक आवेदन कर रहे हैं। अभी मेडिकल पीजी में 0 पर्सेंटाइल पर प्रवेश का मुद्दा पुराना भी नहीं हुआ है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा स्कूल लेक्चरर के लिए आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम ने देश की शिक्षा के हालातों के पोल खोलकर ही रख दी है। शिक्षा के मंदिर में बच्चों को पढ़ाने के लिए लेक्चरर के पद पर नियुक्ति के लिए आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में पोलिटिकल साइंस के लेक्चरर के पद के लिए हजारों युवाओं ने परीक्षा दी और 225 पद होने के बावजूद केवल 6 परीक्षार्थी चयन के योग्य पाये गये। मजे की बात है कि परीक्षा देने वाले हजारों युवाओं में मात्र 219 युवा भी न्यूनतम प्राप्तांक 40 प्रतिशत अंक भी प्राप्त नहीं कर पायें। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि फिजिकल एजुकेशन के 37 पदों के लिए एक भी नहीं और होमसाइंस जैसे विषय के लेक्चरर के पद के लिए केवल एक परीक्षार्थी ही सफल हो सका। अब एक और देश में प्रतिपक्ष बेरोजगारी की समस्या को गंभीरता से उठा रहे हैं तो दूसरी और भर्ती वाले पदों के लिए न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करने में भी आज के युवा सफल नहीं हो पा रहे हैं। यह कोई राजस्थान की ही बात नहीं है अपितु यह समूचे देश की शिक्षा के स्तर की बानगी है। क्योंकि निश्चित रुप से राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अन्य प्रदेशों के युवा भी परीक्षार्थी रहे होंगे। बेरोजगारी की समस्या अपनी जगह पर है पर दूसरी और स्नातक, स्नातकोत्तर और तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं के ज्ञान के स्तर को इससे आंका जा सकता है। यही कारण है कि आज मल्टी टास्क सर्विस जिसे परपंरागत शब्दों में कहा जाए तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद या शहरी निकायों में सफाई कर्मचारी के कुछ पदों के लिए ही हजारों लाखों युवा आवेदन करने लगे हैं और तस्वीर का एक पहलू यह है कि इन युवाओं में उच्च और तकनीकी शिक्षा यहां तक की इंजीनियर, डॉक्टर, एमबीए तक आवेदन कर रहे हैं। यह हमारे शैक्षणिक संस्थानों के लिए किसी तमाचे से कम नहीं होना चाहिए। अब पोलिटिकल साइंस के स्कूल लेक्चरर के लिए परीक्षा देने वाले युवा निश्चित रुप से पोलिटिकल साइंस से स्नातक या स्नातकोत्तर और हो सकता है कि पीएच डी तक हो पर उनके द्वारा केवल और केवल न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक भी प्राप्त नहीं करना कहीं ना कहीं शिक्षा की स्थिति को स्पष्ट करती है। वैसे देखा जाएं तो 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चयनित होने वाले स्कूल लेक्चरर से आप बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की अपेक्षा करेंगे तो बेमानी होगी। हालात वास्तव में गंभीर है और यही कारण है कि नौकरी के लिए आयोजित परीक्षाओं में नकल, गलत प्रयोग और पेपर आउट व डमी केंडिडेट द्वारा परीक्षाएं देने के माफियायों की बन पड़ी है। जहां तक मेडिकल पीजी में जीरो पर्सेंटाइल पर प्रवेश के निर्णय पर यह अवश्य संतोष की बात है कि फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने सरकार के इस निर्णय की खिलाफत करने की हिम्मत दिखाई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देष में षिक्षण संस्थाओं का जाल बिछा कर सबके लिए शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो सकी। अब तो डीम्ड यूनिवर्सिटी सहित यूनिवर्सिटी नित नई खुलती जा रही है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6056

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6055

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

### वर्ग पहेली 6056



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह एशिया का निष्प्राण क्षेत्र कहलाता है (3)
4. यह देश 1814 में ब्रिटेन के अधीन हो गया था और 26 मई 1966 को राष्ट्रमंडल के भीतर स्वाधीन बना जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
7. हस्तलिखित, उपरोपित, पैबंदी (3)
9. एक बार सांस लेने का समय, बल, कश, फूंक (2)
10. किसी वी.आई.पी. के आने पर की जाने वाली तोपों का फैर (3)
12. इस स्वतंत्रता सेनानी को पंजाब केसरी भी कहा जाता था (8)
17. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)
18. अंधकार, तमोगुण, विजय वासना रूपी अज्ञान (2)
19. जल, आब, नीर, पानी (2)
20. थलीय धरातल, पृथ्वी (3)
22. अनलंकृत, दर्पहीन, सरल, सामान्य (3)
24. कुएं के आसपास बना हुआ चबूतरा (4)
25. मनुहार, मनाने का काम, मन्नत (4)

**ऊपर से नीचे**

1. रसोईघर को यह भी कहा जाता है (4)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
3. सुमात्रा द्वीप में होने वाली एक प्रकार की घास (2)
5. अविस्मरण, स्मृति, वियोग, दुख (2)
6. संज्ञा, इस्म, उपाधि, संज्ञिका (2)
8. मिलन, समझौता, समागमन, इस फिल्म में शत्रुघ्न सिन्हा ने सर्प की भूमिका निबाही थी (3)
10. श्रृंगार करना, तैयार होना, बनना-ठनना (6)
11. प्रेमी, पुरूष मित्र को यह भी कहा जाता है (2)
13. उत्तराधिकारी, अनाथ, स्वामीहीन (4)
14. राल, लुआबा, लासा (2)
15. निशा, विभावरी, रात्रि, रजनी (2)
16. यमराज की भेजे जाने वाले संदेशवाहक (4)
21. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (3)
23. समाकार, समकोटीय, अनेतर, सदृश्य (2)

### वर्ग पहेली 6055 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ह | री | न | | म | हु | आ |
| या | र | | म | दी | ना | | स |
| र | फ | बु | क | | व | | पा |
| | | त | ह | स | न | ह | स |
| सु | ख | | ला | वा | | स्ती | |
| न | ल | | ल | लि | ता | | फौ |
| य | | आ | | या | र | बा | ज |
| ना | म | ज | द | | क | र | |

## आज का राशिफल

### मेष
जातकों के लिए नौकरीपेशा में दिन अच्छा रहने वाला है। अपने वरिष्ठों की बात मानने से आपको प्रमोशन या वेतन वृद्धि मिल सकती है। आपके लिए सितारे आज कहते हैं कि आपको किसी की मदद करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। इससे आपका यश और प्रभाव बढेगा। आप अपने साथ-साथ दूसरों के काम पर भी ध्यान देंगे, जिसके कारण आपसे कोई गलती हो सकती है।

### वृष
आज का दिन व्यस्तता वाला रहेगा। आपके ऊपर आज काम का अतिरिक्त दबाव बना रहेगा। सितारे कहते हैं कि आज आप लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ेंगे, लेकिन लोग आपकी उदारता को आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपके लिए बेहतर होगा कि आप दूसरों की मदद के चक्कर में अपने काम की अनदेखी न करें अन्यथा आपके कुछ जरूरी काम अटक सकते हैं।

### मिथुन
आज का दिन मकर राशि के लिए मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। आपको आज वरिष्ठजनों से सहयोग मिलेगा। आपने कोई मनोकामना की थी तो वह आज पूरी हो सकती है, जिसके चलते आज परिवार में किसी उत्सव का आयोजन हो सकता है। किसी दूर रहने वाले संबंधी या मित्र से मिलना हो सकता है।

### तुला
आज का दिन जातकों के लिए परेशानियों भरा रहने वाला है। लेकिन आप संयम और समझदारी से स्थिति को संभालने में सफल रहेंगे। आपको एक से अधिक स्त्रोतों से आय की प्राप्ति होगी। यदि आप गुस्से में आकर कोई निर्णय लेते हैं तो आप कोई बड़ी गलती कर सकते हैं इसलिए आवेश में कोई भी निर्णय लेने से बचें।

### वृश्चिक
आज का दिन जातकों के लिए खुशियों भरा रहने वाला है। भाग्य का आपको आज साथ मिलेगा। बिजनेस करने वाले लोगों को आज कोई बड़ी डील मिल सकती है जिससे मन आनंदित हो जाएगा। आपको एक के बाद एक अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती हैं। उन्हें आज अपने प्रयास में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आज आपको अधिकारियों से प्रोत्साहन मिलेगा।

### धनु
आज का जातकों के लिए जिम्मेदारियां पूरी करने का रहेगा। आपको आज किसी जरूरी काम से यात्रा पर जाना पड़ सकता है। कठिनाइयों के बावजूद आज आप अपने किसी निर्णय से प्रसन्न रहेंगे। यदि परिवार का कोई सदस्य आपसे मदद मांगे तो आप उसकी मदद अवश्य करेंगे। परिवार में आपका सम्मान बढेगा। आप अपना रुका हुआ पैसा पाकर बहुत खुश होंगे।

### कर्क
आज आपको जल्दबाजी में कोई भी काम करने से बचना होगा। आपको सिर्फ दिखावे के लिए कोई काम नहीं करना चाहिए, नहीं तो आपसे गलती हो सकती है और अगर आप अपने किसी भी महत्वपूर्ण काम में ढिलाई बरतेंगे तो बाद में आपको पछताना पड़ेगा। प्रॉपर्टी खरीदते समय उसके जरूरी दस्तावेजों की जांच में बहुत सावधानी बरतें, नहीं तो आप कुछ गलती कर सकते हैं।

### सिंह
आज का दिन जातकों के लिए अत्यंत फलदायी रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को पद प्रभाव में वृद्धि से खुशी मिलेगी। आज काम के सिलसिले में आपको एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। यात्रा आपकी सफल और लाभदायक रहेगी। अगर आपकी माता को स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी चल रही थी तो वह भी आज काफी हद तक दूर हो जाएगी।

### कन्या
आज का जातकों के लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखना चाहिए और केवल दूसरों को दिखाने के लिए बहुत अधिक विलासिता की वस्तुएं नहीं खरीदनी चाहिए, अन्यथा आपका बजट बिगड़ सकता है। आपका कोई पुराना परिचित लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है। माता की ओर से आपको आज लाभ मिलेगा।

### मकर
आज का दिन जातकों के लिए मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। यदि आप अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव करते हैं तो यह आपके लिए कुछ परेशानियां ला सकता है। आपके लिए बेहतर होगा कि आज आप योजना बनाकर काम करें और काम की प्राथमिकता तय करें। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में आ रही समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और मित्रों और घर के बड़ों से सहयोग मांगना चाहिए।

### कुंभ
आज का जातकों के लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको किसी बात की चिंता सता सकती है। लव लाइफ में अपने साथी के व्यवहार से परेशान रहेंगे, उनके कभी खट्टे तो कभी मीठे व्यवहार को समझ नहीं पाएंगे, जिससे दोनों के बीच कहासुनी हो सकती है। किसी भी काम के लिए आपको बहुत सावधानी से तैयारी करनी होगी और पूरी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में आज तुला राशि के जातकों को सफलता मिलेगी।

### मीन
आज का दिन सामान्य रहने वाला है। परिवार में कोई तनाव चल रहा है तो बातचीत के जरिए स्थिति को सुलझाना होगा। अधिकारी वर्ग से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यस्थल पर आपकी जिम्मेदारियां बढ़ने से काम का दबाव भी बढ़ सकता है, जिससे आप मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहेंगे। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। पारिवारिक जीवन में शाम का समय सुखद रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### औरंगाबाद में बैंक चेकिंग अभियान तेज

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार बैंक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न बैंकों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई। जांच के दौरान बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यस्थिति का निरीक्षण किया गया तथा बैंक लॉकर की सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा गया। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने बैंक कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### थाना की कार्रवाई में गुम मोबाइल बरामद

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले में चलाए जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत औरंगाबाद पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। इस अभियान के अंतर्गत गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंपा गया। यह कार्रवाई दाउदनगर थाना की पहल पर की गई, जहां पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और सतत प्रयास के माध्यम से खोए हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ देखी गई और उन्होंने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन का कहना है कि "ऑपरेशन मुस्कान" का उद्देश्य लोगों की खोई संपत्ति को वापस दिलाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाना है।

### अपराध नियंत्रण और मद्यनिषेध को लेकर चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं पर रोकथाम तथा मद्यनिषेध कानून को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान के तहत संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई और चालकों से आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही शराब तस्करी और अवैध गतिविधियों पर नजर रखते हुए पुलिस ने सख्ती बरती। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

### साधन सेवियों को 'बैग किट' का वितरण

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** समावेशी शिक्षा के लक्ष्यों को धरातल पर उतारने और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों तक बेहतर पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। विभाग द्वारा जिले के सभी 11 प्रखंडों के प्रखंड साधन सेवियों को कार्य सुगमीकरण हेतु 'बैग किट' उपलब्ध कराई गई। वितरण कार्यक्रम के दौरान बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी गंगाधर महतो ने साधन सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा केवल एक योजना नहीं, बल्कि एक मिशन है। उन्होंने बताया कि यह किट फील्ड में कार्य करने वाले कर्मियों के लिए सशक्त उपकरण साबित होगी, जिससे तकनीकी और दस्तावेजी कार्यों में पारदर्शिता आएगी और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

# अलग-अलग घटनाओं में चार की मौत

## पानी भरे गड्ढे में डूबने से भाई-बहन की मौत

निज संवाददता | मदनपुर (औरंगाबाद)


भाई-बहन का फाइल फोटो

जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के टोला वरक्षी वीर गांव में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि नालंदा निवासी विक्की सिंह की बेटी वैष्णवी कुमारी और ढाई वर्षीय बेटा रंजन कुमार मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे घर से खेलने के लिए निकले थे। काफी देर तक जब दोनों बच्चे वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास के इलाकों में उनकी तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को गांव के उत्तर दिशा की ओर खेलते हुए देखा गया था। परिजन और ग्रामीण पूरी रात बच्चों की खोजबीन करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह जब गांव के पास स्थित एक पानी भरे गड्ढे में तलाश की गई, तो दोनों मासूमों के शव बरामद हुए। यह दृश्य देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

मृतक बच्चों के पिता विक्की सिंह पिछले कई वर्षों से अपने ससुराल उमगा टोला वरक्षी वीर में रहकर आइसक्रीम बेचने का काम करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही मदनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिए जाएंगे। इस हादसे के बाद बच्चों की मां पलक देवी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव और आसपास के इलाकों में मौजूद ऐसे खतरनाक और खुले गड्ढों को जल्द से जल्द भरवाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की हृदयविदारक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## बंगाल के युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां पश्चिम बंगाल के एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पूर्व वर्धमान जिले के रहने वाले 32 वर्षीय संजीत देवनाथ के रूप में हुई है। वह पिछले करीब तीन वर्षों से नबीनगर के बसन बिगड़ा मोड़ के पास उपेंद्र सिंह के मकान में किराए पर रह रहा था और अपने गांव के साथियों के साथ मिलकर रद्दी कपड़े इकट्ठा कर रजाई सिलने व बेचने का काम करता था। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, संजीत पिछले कुछ समय से अपने निजी जीवन को लेकर काफी परेशान चल रहा था। उसके साथ रहने वाले युवक सुवोजित ने पुलिस को बताया कि संजीत की अपनी पत्नी से फोन पर अक्सर कहासुनी होती रहती थी, जिससे वह मानसिक रूप से तनाव में रहता था। आशंका जताई जा रही है कि इसी पारिवारिक तनाव के कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

घटना की रात दोनों ने साथ में खाना खाया था और सोने चले गए थे। सुवोजित के अनुसार, रात में कब संजीत उठकर दूसरे कमरे में चला गया और फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, इसकी जानकारी उसे नहीं हो सकी। सुबह जब उसकी नींद खुली तो संजीत कमरे में नहीं था। काफी देर तक तलाश करने के बाद जब वह दूसरे कमरे में पहुंचा, तो वहां संजीत का शव फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी गई। नबीनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंकों के साथ की गयी बैठक



- इस बार दाउदनगर क्षेत्र के बैंक ऋण मामले हेतु दाउदनगर में ही लगेगा बैंक का शिविर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

आगामी 09 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव श्रीमती तान्या पटेल द्वारा बैंकिंग अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उनके प्रकोष्ठ में सम्पन्न हुई, जिसमें अग्रणी बैंक प्रबंधक आनन्द वर्धन, बिहार ग्रामीण बैंक के रोहित कुमार सहित इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान सचिव ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बैंक ऋण से संबंधित मामलों का अधिकाधिक निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों को अधिक से अधिक राहत प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

सचिव ने जानकारी दी कि इस बार लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दाउदनगर अनुमंडलीय न्यायालय में भी बैंक ऋण मामलों के निस्तारण के लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा। इससे दाउदनगर क्षेत्र के वादकारियों को स्थानीय स्तर पर ही अपने मामलों के समाधान की सुविधा मिलेगी, वहीं बैंक अधिकारियों को भी मामलों के निष्पादन में सहूलियत होगी। बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि कुछ मामलों में सरकारी अनुदान पर बैंक शाखाओं द्वारा ब्याज लगाए जाने और वसूली की शिकायतें सामने आई हैं। इस पर सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें, ताकि लोक अदालत के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आने वाले अधिकांश पक्षकार राहत की उम्मीद लेकर आते हैं, इसलिए बैंक अधिकारियों को लचीला रुख अपनाते हुए ऋण मामलों का समाधान करना चाहिए। साथ ही, जहां संभव हो, अनुदान का लाभ ऋणधारकों तक पहुंचाना भी सुनिश्चित किया जाए। अंत में सचिव ने आम लोगों से अपील की कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामलों का निस्तारण कराएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## पुणे में निर्माणाधीन भवन से गिरकर औरंगाबाद के युवक की मौत

निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)



जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के सिमरी कला गांव के रहने वाले 28 वर्षीय विनय कुमार शर्मा की महाराष्ट्र के पुणे में दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। वह निर्माणाधीन भवन में सरिया सेटिंग का काम कर रहे थे, इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से तीसरी मंजिल से गिर पड़े, जिससे मौके पर ही उनकी जान चली गई। घटना पुणे के उत्तम नगर इलाके स्थित रंगलिया रेजिडेंसी सोसाइटी की है, जहां निर्माण कार्य चल रहा था। बताया जाता है कि विनय रोज की तरह काम में जुटे थे, तभी अचानक उनका बैलेंस बिगड़ गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर गए। हादसा इतना गंभीर था कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। बुधवार को जब विनय का शव गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

मृतक के जुड़वा भाई कुंदन कुमार ने बताया कि चार भाइयों में विनय तीसरे नंबर पर थे। परिवार में खुशी का माहौल था, क्योंकि अगले महीने मई में उनकी शादी तय थी। घर में शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं और विनय भी जल्द ही घर लौटने वाले थे। लेकिन इस हादसे ने सारी खुशियों को पल भर में मातम में बदल दिया। परिजनों के अनुसार, विनय वर्ष 2019 से अपने बड़े भाई और अन्य साथियों के साथ पुणे में रहकर मजदूरी करते थे और परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। वह मेहनती और जिम्मेदार युवक थे, जिन पर पूरे परिवार की उम्मीदें टिकी थीं। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। इस हृदयविदारक घटना से न केवल परिवार बल्कि पूरा गांव स्तब्ध है। स्थानीय लोग परिजनों को सांत्वना देने में जुटे हैं और हर किसी की आंखें नम हैं।

## सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन जवान राकेश कुमार शहीद, राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



जिले के हसपुरा प्रखंड के धमनी टोला शांभो गांव निवासी सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के जवान राकेश कुमार शहीद हो गए। वे झारखंड के चाईबासा स्थित सारंडा के जंगल में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान का हिस्सा थे। मंगलवार देर रात अभियान के दौरान अचानक आए तेज आंधी-तूफान में एक पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल अवस्था में उन्हें पहले चाईबासा में प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर बुधवार तड़के हेलिकॉप्टर से रांची ले जाया गया, जहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारियों के अनुसार खराब मौसम के बावजूद नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अभियान लगातार जारी है और जवान पूरी मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही शहीद जवान के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि राकेश कुमार करीब एक महीने पहले ही छुट्टी बिताकर 5 मार्च को ड्यूटी पर लौटे थे। उनके भाई विक्रम कुमार ने बताया कि राकेश बेहद बहादुर और कर्तव्यनिष्ठ जवान थे।

राकेश कुमार हाल ही में नक्सल विरोधी अभियान में तीन नक्सलियों को मार गिराने के बाद सम्मानित किए गए थे और उनका प्रमोशन भी हुआ था। वे वर्ष 2012 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे और 2014 में उनकी शादी पिंकी देवी से हुई थी। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां और एक बेटा हैं। शहीद राकेश कुमार का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव औरंगाबाद लाया जा रहा है, जहां अंतिम दर्शन के बाद उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। गांव और पूरे इलाके में शोक की लहर है।

## भक्ति, संगीत और उत्साह से सराबोर हुआ गजना महोत्सव

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)




नबीनगर प्रखंड स्थित गजनाधाम परिसर में दो दिवसीय गजना महोत्सव का भव्य आगाज भक्ति, संस्कृति और संगीत के रंगों के साथ हुआ। पहले दिन उद्घाटन समारोह के साथ-साथ प्रसिद्ध गायिका भव्या पंडित की प्रस्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत उच्च विद्यालय टंडवा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर सांसद अभय कुमार सिन्हा, एमएलसी दिलीप कुमार सिंह, डीडीसी अनन्या सिंह, एडीएम अनुग्रह नारायण सिंह, प्रमुख चित्रा कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। मुख्य मंच पर पहुंचते ही भव्या पंडित ने "जगदंबा घर में दियरा बार अईनी हो" जैसे भक्ति गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की, जिससे पूरा परिसर भक्ति रस में डूब गया। इसके बाद "यशोमती मैया से बोले नंदलाला" और "राधा क्यों गोरी मैं क्यों काला" जैसे गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भक्ति गीतों के साथ-साथ उन्होंने फिल्मी और लोकगीतों की भी शानदार प्रस्तुति दी। "तेरी दीवानी", "मेरे रसके कमर", "रानी मैं तू राजा", "कजरा मोहब्बत वाला" और "झुमका गिरा रे" जैसे गीतों पर दर्शक झूम उठे। खास बात यह रही कि उन्होंने दर्शकों के बीच जाकर भी गीत गाए, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और बढ़ गया। "पिया तू अब तो आजा" और "खइके पान बनारस वाला" जैसे गीतों पर लोग अपनी सीटों से उठकर नृत्य करने लगे। भोजपुरी गीतों पर महिलाओं और बच्चों ने भी जमकर तालियां बजाईं और आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान कुटुंबा विधायक ललन राम भी मंच पर पहुंचे और भव्या पंडित के साथ गीत प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय बारुण के छात्र-छात्राओं ने "बारहमासा" पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। महोत्सव का आयोजन कला, संस्कृति एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय संस्कृति, परंपरा और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

इस मौके पर सांसद अभय कुमार सिन्हा ने गजनाधाम को पौराणिक और ऐतिहासिक स्थल बताते हुए इसके विकास के लिए कई घोषणाएं कीं। उन्होंने नबीनगर से गजनाधाम होते हुए झारखंड के पोलडीह-जपला रोड तक सड़क चौड़ीकरण कराने और परिसर में दो हाईमास्ट लाइट लगाने की घोषणा की। एमएलसी दिलीप कुमार सिंह ने लोगों से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की अपील की, वहीं विधायक ललन राम ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक एकता का माध्यम बताया। पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह और पूर्व विधायक विजय कुमार सिंह ने भी गजनाधाम में बुनियादी सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। महोत्सव में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## कुएं से महिला का शव बरामद

निज संवाददाता | कुटुंबा(औरंगाबाद)

कुटुंबा थाना क्षेत्र के ओरडिह गांव स्थित बाधार में एक कुएं से अज्ञात महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी उस समय हुई जब आसपास खेल रहे बच्चों ने कुएं में शव देखा और शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही कुटुंबा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है और मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। साथ ही गुमशुदगी के मामलों से मिलान किया जा रहा है और पहचान के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। अन्य थानों को भी शव की तस्वीर भेजी गई है, ताकि जल्द पहचान हो सके। पुलिस के अनुसार, शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। यदि इस अवधि में पहचान नहीं हो पाती है, तो नियमानुसार अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी सूचना दे दी गई है, ताकि वैज्ञानिक तरीके से जांच कर साक्ष्य जुटाए जा सकें। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि पुलिस ने फिलहाल किसी भी आशंका से इनकार करते हुए कहा है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## चेकडैम विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, सात घायल, एक की हालत गंभीर

निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)



जिले में चेकडैम निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद मंगलवार की देर रात हिंसक झड़प में बदल गया। अंबा थाना क्षेत्र से सटे झारखंड के हरिहरगंज थाना अंतर्गत तेतरिया टोला केवल्हा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष के सात लोग घायल हो गए। इनमें से तीन घायलों को औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि चार का इलाज हरिहरगंज अस्पताल में चल रहा है। घायलों के अनुसार, गांव में चेकडैम निर्माण के स्थान को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। आरोप है कि पहले तय किए गए स्थल के बजाय लगभग एक हजार फीट नीचे निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिससे खेतों को नुकसान होने की आशंका थी। इसी को लेकर विरोध जताया गया और निर्धारित स्थान पर ही निर्माण कराने की मांग की गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना में घायल शंभू यादव (35), मुन्ना यादव (30) और जितेंद्र यादव (25) सहित अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार जितेंद्र यादव के सिर में गंभीर चोट आई है और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि विजय यादव, जनेश्वर यादव और विकास यादव के नेतृत्व में कई लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया। हमले में मुकेश यादव, राकेश यादव, संत यादव, विशाल यादव, संजीत कुमार और नरेश यादव समेत अन्य लोग शामिल थे।

साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि मारपीट के दौरान शंभू यादव के पास मौजूद करीब 12 हजार रुपये भी छीन लिए गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## महाराष्ट्र से लौटते समय राजमिस्त्री 20 मार्च से लापता, मोबाइल बंद

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



हसपुरा प्रखंड के चनहट गांव निवासी राजमिस्त्री जयगोविंद पाल 20 मार्च से लापता हैं। वे महाराष्ट्र से अपने घर लौट रहे थे, लेकिन तब से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उनकी गुमशुदगी से परिजनों में गहरी चिंता और मायूसी का माहौल है। परिजनों के अनुसार, जयगोविंद पाल पिछले करीब 30 वर्षों से महाराष्ट्र के कल्याण क्षेत्र में राजमिस्त्री का कार्य करते थे। 20 मार्च को उन्होंने घर लौटने के लिए कल्याण से अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के लिए ट्रेन पकड़ी थी, लेकिन वे अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके और तभी से उनका संपर्क परिवार से पूरी तरह टूट गया। कई दिनों तक मोबाइल फोन बंद रहने और कोई सूचना नहीं मिलने के कारण परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। उनके बेटे पवन कुमार और बेटियां अंजली कुमारी व पूनम कुमारी इस घटना से बेहद आहत हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने भी पहल करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया है और खोजबीन तेज कराने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि अब तक जयगोविंद पाल के बारे में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आ सकी है। परिजन प्रशासन से अपील कर रहे हैं कि जल्द से जल्द उनकी तलाश कर सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित की जाए

## दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को लेकर बैठक, बच्चों को बांटी गई शिक्षण सामग्री

- एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से कार्यक्रम सम्पन्न
- भविष्य में भी सशक्तिकरण के प्रयास जारी रखने का आश्वासन

निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)



बुधवार को एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से जिले के जम्होर स्थित दुर्गा चौक पर दिव्यांग स्वयं सहायता समूह की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन राज्य समन्वयक अक्षय कुमार प्रजापति द्वारा किया गया। बैठक के दौरान दिव्यांगजनों के बच्चों के बीच स्कूली शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया, ताकि उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए और वे मुख्यधारा से जुड़े रह सकें। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सामाजिक समावेशन से जोड़ना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिलाना था। साथ ही, समाज में उनकी बराबरी की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम की जानकारी भी दी गई और बताया गया कि एनएलआर इंडिया फाउंडेशन द्वारा इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

आयोजकों ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार का सराहनीय सहयोग रहा। इस बैठक में कुल 20 दिव्यांगजनों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए।

## धुरिया में यज्ञ की सभी तैयारी पूरी भक्तिमय माहौल में डूबा पूरा गांव



निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)

प्रखंड क्षेत्र के धुरिया गांव में आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत सप्ताह सह मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गांव में चारों ओर भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिल रहा है। यह महायज्ञ परम पूज्य स्वामी राम प्रपन्नाचार्य के सान्निध्य एवं देखरेख में संपन्न हो रहा है। यज्ञ का शुभारंभ 11 अप्रैल को भव्य जल यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात 14 अप्रैल को नगर भ्रमण, 15 अप्रैल को वेदी पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा तथा 17 अप्रैल को हवन, पूर्णाहुति एवं मां भंडारा का आयोजन किया जाएगा। गांव के सभी वर्गों बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग में इस महायज्ञ को लेकर खासा उत्साह है। पूरा गांव भक्ति के रंग में रंग चुका है और हर ओर धार्मिक गीत-संगीत तथा पूजा-अर्चना का माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सह पिपरा पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने बताया कि यह महायज्ञ गांव में सुख-शांति, समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति के उद्देश्य से किया जा रहा है। ग्रामीणों के सहयोग से सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से पूरी कर ली गई हैं।

## अवैध महुआ शराब पर पुलिस का कार्रवाई, छह भट्टियां ध्वस्त

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



देव प्रखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ पुलिस ने सुनियोजित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ा अभियान चलाया। नारायणपुर गांव के समीप झाड़ी नदी के किनारे संचालित अवैध महुआ शराब निर्माण स्थलों पर विशेष छापेमारी की गई, जिसमें बड़े पैमाने पर चल रहे इस अवैध कारोबार का खुलासा हुआ। यह कार्रवाई कंचनपुर थानाध्यक्ष नीतू कुमारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्र में संगठित तरीके से महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद रणनीति के तहत टीम का गठन कर छापेमारी की गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि नदी किनारे झाड़ियों के बीच कई अवैध भट्टियां लगाकर व्यवस्थित तरीके से शराब बनाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल छह भट्टियों को ध्वस्त कर दिया और भारी मात्रा में अर्धनिर्मित सामग्री एवं जावा महुआ बरामद किया। लगभग 5000 लीटर जावा महुआ को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

इसके अलावा पुलिस ने 80 लीटर तैयार चुलाई महुआ शराब को भी जब्त किया। हालांकि, पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही अवैध कारोबार में संलिप्त लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष नीतू कुमारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी स्थिति में ऐसी गैरकानूनी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।